■ वर्ष-22 ■ अंक-340
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल

■ शुक्रवार ■ 11 जुलाई 2025

श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत्-2082

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

दैनिक

# समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...









## सांदीपनि कन्या स्कूल में आयोजित हुआ

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव

### सीएम ने कहा-लाडली बहनों को इस बार मिलेंगे 1500 रुपए, आधुनिक स्कूल भवन का किया लोकार्पण

**समय जगत, भोपाल।** हम सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले हैं। हम घर से बोरी लेकर आते थे। उस पर ही बैठते और जब बारिश होती थी तो उससे ही सर ढक कर जाते थे। अब यह समय आ गया है कि सरकारी स्कूलों में भी बस सर्विस शुरू होने जा रही है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। वे भोपाल के तात्या टोपे नगर स्थित कमला नेहरू सांदीपनि कन्या स्कूल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को 250 रुपए अतिरिक्त दिए जाएं यानी इस बार बहनों को 1500 रुपए मिलेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नव-निर्मित, सर्व-सुविधायुक्त स्कूल भवन का लोकार्पण किया। वे निश्शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत विद्यार्थियों को साइकिल बांटेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय की कल्पना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। मुझे लगता है कि जब लोग बच्चों से पूछते हैं कि आप कहां जा रहे हैं तो उन्हें सांदीपनि स्कूल बताते हुए स्वयं को तो गौरव की अनुभूति होगी। साथ ही, जिसके कानों में यह शब्द जाएगा उसे भी लगेगा कि हम अपनी ऋषि परंपरा, हमारी पुरानी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने तय किया कि विद्यालय का नाम सीएम राइज के स्थान पर सांदीपनि विद्यालय होना चाहिए। जिससे आज हमें गौरव की अनुभूति करने का अवसर दिया है। नाम कई बार व्यक्ति के आचरण को स्थापित करता है। नाम हमारी परंपरा को इंगित करता है। आपका नाम आपके बारे में विचारधारा बनाने का काम करता है।

आज सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर बच्चों को आगे आने वाले समय में शिक्षा मिले उसके लिए एक बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ में विद्यालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया है। उन्होंने कहा कि देश ने जब नई शिक्षा नीति की कल्पना की तो उस कल्पना में शायद यह सब भी था कि हमारे अच्छे विद्यालय हों, अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर हो, अच्छे शिक्षक हों, उनके शिक्षण पद्धति अच्छी हो, रोज-रोजगार मूलक हो, ऐसी शिक्षण व्यवस्था हो जो आपके भविष्य को सफल बनाने का काम करें। ऐसी शिक्षण व्यवस्था हो जो आपके आचरण में अपनी संस्कृति को प्रभावित करने का काम करे। मध्य प्रदेश में चाहे स्कूली शिक्षा हो या उच्च शिक्षा दोनों में नई शिक्षा नीति की स्थापना के लिए पूरी ताकत से हम काम कर रहे हैं। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री और भगवान दास सबनानी सहित अन्य उपस्थित हैं।

### योजना पर 195 करोड़ रुपए होंगे व्यय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसी कार्यक्रम से प्रदेशव्यापी नि :शुल्क साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ करेंगे। वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत राज्यभर के करीब 4 लाख 30 हजार पात्र विद्यार्थियों को नि :शुल्क साइकिलें वितरित की जाएंगी। इस महत्वाकांक्षी योजना पर 195 करोड़ रुपए व्यय होंगे। साइकिल मिलने पर दूरदराज से आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में सुविधा होगी। कमला नेहरू सांदीपनि कन्या स्कूल का भवन 36 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें सर्व-सुविधायुक्त लैब, एक विशाल लाइब्रेरी और एक मॉडर्न ऑडिटोरियम शामिल हैं। इसके अलावा, विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए स्मार्ट डिजिटल कक्षाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि :शुल्क कोचिंग, करियर काउंसिलिंग और इनडोर-आउटडोर खेल की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। स्कूल के आसपास के 10 किलोमीटर की दूरी से आने वाले बच्चों के लिए नि :शुल्क परिवहन की सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे छात्राओं को सुरक्षित और सुलभ शिक्षा मिल सकेगी।

# प्रधानमंत्री पांच देशों की सफल यात्रा कर वापस आए स्वदेश

## चार देशों ने दिया सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह आठ दिवसीय विदेश यात्रा के बाद स्वदेश लौट आए। उन्होंने 2 से 9 जुलाई तक अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के पांच देशों–घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया–का दौरा किया। इस दौरान उन्हें चार देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। पीएम मोदी की यह यात्रा 'ग्लोबल साउथ' के साथ भारत के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही। पीएम मोदी ने तीन अफ्रीकी देशों–घाना, त्रिनिदाद और नामीबिया–का दौरा किया, जिनकी भौगोलिक और रणनीतिक स्थिति भारत के वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी का दौरा घाना से शुरू हुआ, जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 30 वर्षों में पहली यात्रा थी। उन्होंने राष्ट्रपति जॉन महामा और उपराष्ट्रपति नाना जेन ओपोकु-अग्येमांग से मुलाकात की। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य तय किया। पीएम मोदी को घाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' प्रदान किया गया। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की 1999 के बाद यह पहली भारतीय प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय यात्रा थी। इस वर्ष वहां भारतीय प्रवासियों के आगमन की 180वीं वर्षगांठ भी मनाई जा रही है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू और प्रधानमंत्री कमला बिसेसर से मुलाकात की। यहां भी उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से नवाजा गया। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की अर्जेंटीना यात्रा 57 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा रही है। उन्होंने राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात कर कृषि, ऊर्जा, व्यापार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पीएम मोदी ने 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया और ब्रासीलिया में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और व्यापार सहयोग पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी के इस विदेशी दौरे का अंतिम चरण नामीबिया रहा, जहां 27 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने राजकीय यात्रा की। राष्ट्रपति नेटुम्बो नांदी-न्डैतवाह ने प्रधानमंत्री मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया।

## गंभीरा पुल हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत की हुई पुष्टि

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाला गंभीरा ब्रिज का एक हिस्सा बुधवार को अचानक ढह गया था। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 3 लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है और लापता लोगों की तलाश जारी है। बता दें कि यह हादसा वडोदरा के पादरा इलाके में उस समय हुआ जब कई वाहन पुल के ऊपर से गुजर रहे थे। वडोदरा कलेक्टर ने आज घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज 3 और शव बरामद हुए हैं, जिससे मृतकों की संख्या 15 हो गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें घटनास्थल से करीब 4 किलोमीटर दूर तलाशी अभियान चला रही हैं। हादसे के वक्त दो वाहन पुल से नीचे गिर गए थे, जो अब कीचड़ में फंस गए हैं। उन वाहनों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए स्थानीय लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि घटनास्थल पर एक खाली टैंकर पुल से लटका हुआ है। उसके नीचे बचाव कार्य चल रहा है, इसलिए उसे हिलाना खतरनाक हो सकता है। राहत कार्य में कोई बाधा न आए, इसके लिए टैंकर को स्थिर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिसके कारण खोज एवं बचाव कार्यों में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। प्रशासन और राहत एजेंसियों के अधिकारी लगातार घटनास्थल पर मौजूद हैं और हर स्तर पर प्रयास जारी हैं। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें आज दूसरे दिन भी पूरे इलाके में खोज और बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं।



# पीएम ने राजनाथ सिंह को दी जन्मदिन की बधाई

### आत्मनिर्भर भारत में केन्द्रीय गृहमंत्री की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को 74वें जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सिंह की सराहना करते हुए कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता में उनका बड़ा योगदान रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वे अपनी मेहनत और बुद्धिमत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं। रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने और हमारी सेनाओं को मजबूत करने में उनका योगदान सराहनीय है। ईश्वर से उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, भारतीय राजनीति में आदर्श, शुचिता और संयम की प्रतिमूर्ति, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। आपका पांच दशकों से अधिक का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और नैतिक राजनीति का उज्ज्वल उदाहरण है। प्रभु श्री राम की कृपा आप पर बनी रहे। आपको उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की प्राप्ति हो। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, केंद्रीय कैबिनेट में मेरे साथी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राजनाथ सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा, रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की सैन्य शक्ति को निरंतर सुदृढ़ करने और रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में आप सराहनीय कार्य कर रहे हैं। संगठन से लेकर सरकार तक आपने सभी दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सामाजिक जीवन जीने वालों को प्रेरित किया है। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं।

## औषधीय दृष्टिकोण से फायदेमंद हैं चक्रमर्द के बीज, पत्ते और फूल

**नई दिल्ली।** औषधीय पौधा चक्रमर्द या चकवड़ अपने खास गुणों के कारण कई रोगों के इलाज में उपयोग किया जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम केसिया औरीकूलाटा है। खास बात यह है कि इसके बीज, पत्ते और फूल सभी औषधीय महत्व रखते हैं। चक्रमर्द के बीजों को विशेष रूप से त्वचा रोगों में उपयोगी माना जाता है। 10 ग्राम बीजों को छाछ में आठ दिन तक भिगोकर रखने के बाद, उसे पीसकर पांच ग्राम हल्दी और पांच ग्राम बावची के साथ मिलाकर लेप तैयार किया जाता है। इस लेप का प्रयोग सफेद दाग, दाद, खाज और खुजली जैसी पुरानी समस्याओं में लाभकारी होता है। चक्रमर्द के पत्ते और बीज रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक माने जाते हैं। इसका काढ़ा या चूर्ण नियमित रूप से लेने से इंसुलिन के स्तर में स्थिरता आती है, जिससे मधुमेह के रोगियों को लाभ मिल सकता है। इसके अलावा यह पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। इसमें मौजूद तत्व पाचन एंजाइम्स के स्तर को बढ़ाकर भोजन के बेहतर अवशोषण में मदद करते हैं, जिससे पेट दर्द, गैस या अपच जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। चक्रमर्द की पत्तियों का पेस्ट त्वचा पर लगाने से इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा को साफ और स्वस्थ बनाते हैं। यह मुंहासे, फोड़े-फुंसी या घाव को जल्दी भरने में भी मदद करता है। चक्रमर्द मूत्र प्रणाली को भी संतुलित रखता है।

# बीजिंग में भारी बारिश का ब्लू अलर्ट



**बीजिंग।** बीजिंग ने गुरुवार सुबह तेज गरज के साथ बारिश को लेकर ब्लू अलर्ट जारी किया और पूरे शहर में बाढ़ नियंत्रण के लिए लेवल-चार आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की। बुधवार रात तक बीजिंग में भारी बारिश हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने गुरुवार सुबह 6.33 बजे (स्थानीय समयानुसार) अलर्ट जारी किया। नगर निगम के मौसम विभाग की ओर से गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, शहर के अधिकांश क्षेत्रों में प्रति घंटे 30 मिमी से अधिक वर्षा और छह घंटे में 50 मिमी से अधिक वर्षा होने के साथ तेज बारिश होने की आशंका है। वाहन चालकों को सलाह दी गई कि वे फिसलन भरी सड़कों पर सावधानी बरतें तथा बाढ़ वाले क्षेत्रों से दूर रहें।

चीन में मौसम चेतावनी के लिए चार स्तर की प्रणाली है। इसमें लाल रंग सबसे गंभीर चेतावनी को दर्शाता है, इसके बाद नारंगी, पीला और नीला आता है। इससे पहले, 9 जुलाई को चीन के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि डानास तूफान ने तटीय तकनीकी केंद्रों पर भी असर डाला था, जबकि देश के अंदरूनी हिस्सों में मॉनसूनी बारिश ने घातक भूस्खलन और अचानक बाढ़ ला दी थी। पिछले कुछ वर्षों से चीन में बिगड़े मौसम ने कई परेशानियां खड़ी की हैं। इसका मुख्य कारण पर्यावरण में आ रहे बदलाव को बताया जाता है। पर्वतीय और पहाड़ी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़, भूस्खलन और भूस्खलन जैसी संभावित आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है, जबकि निचले इलाकों में जलभराव की समस्या हो सकती है।

उपलब्धि ▶ पिछले करीब 5 महीने से चल रही एफ -47 फाइटर प्लेन की टेस्टिंग

# अमेरिका बना रहा है दुनिया का अत्याधुनिक फाइटर जेटः डोनाल्ड ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि एफ -47 फाइटर प्लेन की टेस्टिंग पिछले करीब 5 महीने से चल रही है। यह फाइटर जेट गुप्त रूप से उड़ाने भर रहा है और 2030 तक इसे अमेरिकी वायुसेना में शामिल किया जाएगा। एफ -47 एक सुपर-कंप्यूटर की तरह काम करेगा। इस विमान की बनावट पर खास ध्यान दिया गया है। इसमें स्टील्थ डिजाइन, एआई-अनुकूल एवियोनिक्स और एडाप्टिव-साइकिल इंजन होगा। अमेरिकी वायु सेना ने मार्च 2025 में बोइंग कंपनी के साथ छठवीं पीढ़ी का फाइटर जेट एफ-47 बनाने के लिए आधिकारिक रूप से डील की थी। अमेरिका अपने बेड़े में छठी पीढ़ी के विमानों की संख्या बढ़ाना चाहता है। बोइंग को दशकों बाद इतना बड़ा रक्षा डील मिली है। हालांकि यह डील कितने में हुई इसका खुलासा नहीं किया गया। इससे पहले, दुनिया की सबसे बड़ी सैन्य कंपनी लॉकहीड मार्टिन कॉर्प की इस क्षेत्र में बादशाहत थी। लॉकहीड मार्टिन ने ही एफ-22 और एफ -35 फाइटर जेट का निर्माण किया था। इस डील का एक मकसद यह भी है कि अमेरिका अब करीब 2 दशक से सेवा दे रहे एफ -22 स्टील्थ वॉर प्लेन को एफ -47 से रिप्लेस करना चाहता है। सवाल यह है कि क्या अमेरिका ने अपनी रणनीति में कोई बदलाव किया है? सवाल यह भी है कि आखिर एफ -47 फाइटर जेट में ऐसा क्या है? क्या यह पूरी दुनिया में आधुनिक युद्ध की तस्वीर बदल देगा? बोइंग अब दुनिया का सबसे खतरनाक विमान बनाने जा रही है। यह बोइंग का पहला क्लीन शीट फाइटर डिजाइन वाला जेट है जिसमें एमक्यू-28 घोस्ट बैट ड्रोन और बी -21 रेडर स्टील्थ टेक्नोलॉजी का और अधिक उन्नत तरीके से इस्तेमाल किया गया है। यह विमान दुश्मन के रडार की पकड़ में नहीं आएगा। इसका विमान का सबसे खास फीचर कॉलेबरेटिव कॉम्ब एयरक्राफ्ट सिस्टम होगा। इसकी कीमत करीब 20 मिलियन डॉलर होगी। माना जा रहा है कि दुनिया का कोई भी युद्ध यह फाइटर जेट जीत सकता है।

### नौसेना को मिला निस्तार युद्धपोत

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) ने विशाखापत्तनम में आयोजित किए गए एक समारोह में नौसेना को गहरे समुद्र में गोताखोरी अभियान में बेहद मददगार पहला युद्धपोत 'निस्तार' सौंपा है। जिसका डिजाइन और निर्माण स्वदेश में किया गया है। वर्तमान में ऐसे युद्धपोत दुनिया के चंद देशों की नौसेनाओं के पास ही हैं।

## सार-समाचार

### देश भर के क्रांतिकारी पत्रकार होंगे राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित



**समय जगत,मनावर ।** प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन मुंबई में 23अगस्त को देश भर के क्रांतिकारी पत्रकारों को सम्मानित किया जायेगा। संगठन की राष्ट्रीय संगठन महासचिव तथा अधिवेशन आयोजिका श्रीमती शशि दीप मुंबई के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सैयद खालिद कैस एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्पन्न वाले इस आयोजन में संगठन द्वारा इस वर्ष का भारत गौरव सम्मान श्री शाकिर मलिक गुजरात ,श्री हकीम इलियास भाई शाह गुजरात ,पिंकी खनूजा श्गजेन्द्र खनूजा मध्य प्रदेश को दिया जायेगा। इस वर्ष का पत्रकार भूषण सम्मान श्री मीर मोहम्मद अली तेलंगाना ,श्री शाश्वती दास कोलकाता, श्री रेखा सोलंकी दिल्ली ,एडवोकेट नीना गोयल दिल्ली तथा रामानुज भट्टड़ महाराष्ट्र ,बाबूलाल नागा राजस्थान को दिया जायेगा। पत्रकार शिरोमणि सम्मान से इस वर्ष डॉक्टर प्रीति प्रसाद छत्तीसगढ़ ,सैयद रिजवान अली मध्यप्रदेश को नवाजा जाएगा।

### 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत एनटीपीसी सिंगरौली ने चलाया सघन वृक्षारोपण अभियान



**समय जगत, सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली में भारत सरकार के पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने वाले एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत दिनांक 09 जुलाई 2025 को स्थानीय टाउनशिप एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिस के प्रांगण के आस-पास एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत सिंगरौली परियोजना परिसर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाए गए। बता दें, यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 45,000 पौधे चरणबद्ध तरीके से एनटीपीसी के आवासीय परिसर एवं आस पास के क्षेत्रों में लगाए जाएँगे, इस पहल का मुख्य उद्देश्य मातृत्व के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में योगदान देना है। एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटर ने इस अवसर पर कहा, ड्डमाँ जीवन की प्रथम शिक्षिका होती हैं, और एक पेड़ लगाना उनके प्रति हमारा आभार प्रकट करने का एक सशक्त माध्यम है। यह अभियान न केवल पर्यावरण में हरियाली को बढ़ावा देगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति सजग बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। एनटीपीसी पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे भी इसी तरह निभाता रहेगा। इसी क्रम मे, जोसफ बैस्टियन, मुख्य महाप्रबन्धक एनटीपीसी सिंगरौली, ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है, और इसकी रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़ लगाना केवल एक पौधा रोपना नहीं है, बल्कि एक बेहतर भविष्य की नींव रखना है। एनटीपीसी इस दिशा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज यादव, अपरमहा प्रबंधक ईएमजी एवं दीपिका सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक ईएमजी के सक्षम नेतृत्व में किया गया।

### स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव किया गया आयोजित



**समय जगत, बिस्टान।** स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर 9 जुलाई की शाम 5 बजे से 6 बजे तक सामुहिक साधना और 7 बजे आरती के बाद शान्ति कुंज हरिद्वार से लाईव प्रशारण के साथ डॉ चिन्मय जी के आशीर्वचन के साथ गुरुदेव का संदेश दिया गया। 10 जुलाई गुरुवार की प्रात : 5 से 6 बजे साधना,के बाद गुरु दीक्षा दी गई। सुबह 9 बजे हवन ओर गुरू चरण पादुका का पूजन शक्ति पीठ के परिव्राजक सोधान सिंह दसौंधी,वीरेन्द्र त्रिवेदी, ओर गजानन्द चौहान द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर नगर और भगवानपुरा तहसील के गायत्री परिजनो ने गुरु चरण पादुका का पूजन कर शीश नवाया। कार्यक्रम में अतुल भंगाले, संजय मराठे, नीरज गुप्ता, दिनेश सेन,महेश इमानिया, ओर महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम को लेकर शक्ति पीठ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता ने कहा कि प्रति वर्ष गायत्री परिजनों द्वारा यहाँ आकर पूजन किया जा रहा है आसपास के क्षेत्रों से परिजन पधार रहे हैं। पूजन के बाद आरती व प्रशादी का वितरण हुआ।

# पारिवारिक कलह से तंग महिला ने 3 बच्चों सहित कुएं में कूदकर की आत्महत्या

**समय जगत, शिवपुरी।** जिंदगी की जद्दोजहद, रिश्तों की उलझन और मन की टीस कभी-कभी इंसान को ऐसी राह पर ले जाती है, जहाँ से लौटना नामुमकिन हो जाता है। शिवपुरी जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र के जौराई गांव में गुरुवार की सुबह एक ऐसी ही दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। एक मां ने अपने मासूम बेटे और बेटी के साथ घर के सामने बने कुएं में छलांग लगा दी, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**घटनास्थल पर पसरा मातम, सन्नाटा और टूटते अरमानः** गांव की फिजा गुरुवार की सुबह अचानक चीख-पुकार और सन्नाटे में बदल गई, जब तड़के करीब 3.30 बजे मृतका की सास ने कुएं में उतरते तीन शव देख लिए। मां पिंकी (पत्नी रामनिवास बघेल), उसकी नन्ही सी 4 साल की बेटी रुचिका और सिर्फ 8 माह के बेटे आनंद की लाशें एक साथ कुएं में उतरती मिलीं। उस पल मां की ममता, बच्चों की मासूम मुस्कान और परिवार की खुशियां ङ्क सब कुछ हमेशा के लिए कुएं की गहराई में डूब गए। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग दौड़े, परिजन बदहवास हो गए। सूचना मिलते ही बैराड़ तहसीलदार दृगपाल सिंह वैस और थाना प्रभारी रवि शंकर



कौशल पुलिस टीम के साथ पहुंचे। तीनों शवों को कुएं से बाहर निकाला गया। मातम का आलम ऐसा था कि हर आंख नम थी, हर चेहरा सवालों से भरा हुआ ङ्क आखिर ऐसा क्या हो गया कि एक मां को अपने दो मासूमों के साथ यह खौफनाक कदम उठाना पड़ा?

**अधूरी कहानी, टूटे सपने और छूटती सांसेंः** बताया जाता है कि घटना के वक्त पिंकी का पति रामनिवास बघेल गिरिराज जी की परिक्रमा से लौटने के बाद अपनी ससुराल शिवपुरी में रुका हुआ था। घर पर सिर्फ सास और बाकी परिवार के सदस्य थे। हालांकि, पुलिस को अभी तक कोई सुसाइड नोट या ठोस वजह नहीं मिली है, लेकिन प्राथमिक तौर पर यह मामला पारिवारिक कलह का बताया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं, ताकि आत्महत्या की असली वजह सामने आ सके।

गांव में हर किसी की आंखें नम हैं। लोग पिंकी और उसके मासूम बच्चों की यादों में डूबे हैं। उनकी छोटी-छोटी शरारतें, मासूम हँसी और ममतामयी मां की गोद ङ्क अब बस यादों का हिस्सा बनकर रह गई है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, जिसने सब कुछ छीन लिया।इस घटना ने एक बार फिर समाज के सामने सवाल खड़ा कर दिया है।

# अवैध कटाई कर जंगलों को किया जा रहा है साफ

**समय जगत, लटेरी।** मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के लटेरी के उत्तर वन परिक्षेत्र में लगातार जंगलों की कटाई की जा रही है, यहां पर वन भू माफियाओं द्वारा जंगल को साफ कर खेतों में तब्दील किया जा रहा है। मैदान बना दिया हे, वन भू माफियाओं द्वारा अब तो सागौन के पेड़ मेन रोड पर ही काटे जा रहे है इनके काटे गए पेड़ों से रोड तक बंद हो गए है जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम से अभियान चलाया जा रहा है, इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति संवेदनशील बने हुए है, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान चलाया है। यादव ने एक टीवी संदेश के माध्यम से कहा कि ऐसे कार्यों से ही पर्यावरण का माहौल बनता है। ऐसे में पौधारोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचाएंगे बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पूरे आयोजन के प्रति सरकार गंभीर है, यह अभियान लगातार चलता रहेगा। लटेरी वन अमले द्वारा उड़ाई जा रही केंद्र के अभियान की धज्जियांः एक तरफ वन विभाग हरियाली महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण करते हुए सोशल मीडिया पर छाए हुए है, लेकिन लटेरी उत्तर रेंज में हजारों की संख्या में सागौन के पेड़ काटे जा रहे है, हजारों हेक्टर



जमीन आवाद की जा रही है, लटेरी के तिन्सी कोकनगढ़, रायपुरा देहरी में हजारों हेक्टर जमीन को साफ कर खेत बनाए जा चुके है।इन ग्रामों में धड्ढले से सागौन की कटाई की जा रही है लेकिन देखने बाला कोई नहीं है। धीरे धीरे खेतों में तब्दील हो रहा बचा हुआ शेष जंगलः लटेरी के जंगल मध्य प्रदेश को छोड़ पूरे भारत में प्रसिद्ध थे,यहां के सागौन की लकड़ी की मांग दूर दूर तक थी, लेकिन अब वो सागौन देखने को भी नहीं मिल पा रही है। जिस जंगल में हजारों जंगली जानवर अपना बसेरा किया करते थे पिछले दस बारह वर्षों में उन जंगलों के लगभग 70त्न हिस्से पर कब्जा हो गया है, और बचे हुए जंगल को भी निरंतर कुल्हाड़ी की मार से काटा जा रहा है। यदि इसी तरह से अतिक्रमण और अवैध कटाई होती रही तो मानो कुछ ही वर्षों में जंगल का नाम ही खत्म हो जाएगा। इस कार्य में जितने वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तो दोषी है ही साथ ही अतिक्रमणकारियों एवं अवैध लकड़ी के कारोबारी भी इसमें अपना भरपूर योगदान देकर जंगल को नष्ट कर रहे हैं। वो दिन दूर नही जब हम कहेंगे लटेरी में बेशकीमती सागवान हुआ करती थीः यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा की अगर इसी तरह जंगल कटाई चलती रही तो हमारी आने वाली पीढ़ी जंगल देखने को तरस जाएगी हम उनको कहानियों में सुनाएंगे कि लटेरी के आस पास भी सांगवान (सागौन) का हरा भरा जंगल हुआ करता था। तिनसी कोकानगढ़ रायपुरा देहरी के ग्रामीणों ने बताया कि तीन चार साल पहले यहां पर घनघोर जंगल हुआ करता था, पहले ये कंपाउंडमेंट हजारों एकड़ में फैले हुए थे और अब अतिक्रमण कार्यों द्वारा इन्हें समेट कर सैकड़ों एकड़ में कर दिया है। वन विभाग की निष्क्रियता के कारण वन माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि पहले तो इन्होंने सागोन को काटकर बाहर की मंडियों में बेंच दिया अब उस भूमि पर मकान बनाकर कृषि कार्य करने लगे है।

### गुरु पूर्णिमा उत्सव पर खेड़ापति हनुमान मंदिर बोड़ा में हुआ भव्य आयोजन महाभंडारा भी हुआ आयोजित



**समय जगत, बोड़ा।** श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर (बगीची) बोड़ा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा उत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर मंदिर के पुजारी पं. सुनील बैरागी द्वारा भव्य महाआरती की गई, जिसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई। भंडारे में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से भोजन ग्रहण किया और गुरु सेवा का लाभ लिया। इस अवसर पर मंदिर के श्री 1008 महंत रामभरोसे दास जी महाराज का भक्तों द्वारा पुष्प माला पहनाकर एवं पारंपरिक साफा बांधकर स्वागत किया गया। सभी भक्तों ने महंत श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और गुरु पूर्णिमा पर्व की महत्ता को समझते हुए गुरु परंपरा को नमन किया।उत्सव के दौरान मंदिर परिसर भक्ति भाव से गुंजायमान रहा। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर बगीची समिति के आयोजकों द्वारा व्यवस्था सुचारू रूप से संभाली गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## जगनाथर में देर रात एसडीईआरएफ की टीम ने किया दो दर्जन लोगों को रेस्क्यू



**समय जगत, मंडला।** मंडला में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नदियाँ ऊफान पर हैं। निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो रहा है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए दलों को तैयार रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कल देर शाम जिला कंट्रोल रूम को जगनाथर गाँव में मटियारी नदी की बाढ़ में दो दर्जन से ज्यादा लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। प्रशासन के संज्ञान में आते ही डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड और एसडीईआरएफ का दल मौके के लिए रवाना किया गया। टीम ने प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते ने नेतृत्व में राहत के लिए रात के अंधेरे में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और देर रात तक फंसे हुए सभी ग्रामीणजनों को सुरक्षित बाहर लाया गया। राहत एवं बचाव दल में सैनिक सन्त्री श्रीवास, टेकचंद, सुरेंद्र, राजेंद्र, श्याम बिहारी और रामप्रसाद की भूमिका रही।

## देवों की भूमि पर जन सहयोग से भव्य घाट का किया गया निर्माण

**समय जगत, कुक्षी।** ग्राम बोधवाड़ा तहसील कुक्षी जिला धार में मां नर्मदा जी के पावन तट स्थित देव पथ महादेव मंदिर श्री यंत्र पर स्थापित है ऐसी मान्यता है कि देवताओं ने जब नर्मदा परिक्रमा की थी तब इस पवित्र मंदिर से परिक्रमा प्रारंभ करते थे इस कारण इस पवित्र मंदिर का नाम देवपथ महादेव मंदिर है सरदार सरोवर बांध बनने के बाद यह मंदिर बैक वॉटर के तीन चार माह के लिए डूब जाता है इस कारण श्रद्धालुओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है नर्मदा जी के अनुयाई को परम भक्त श्रदेय विवेक जी जब परिक्रमा पर आए थे तब ग्राम बोध वाड़ा के युवाओं वरिष्ठ जनों से संवाद किया और ग्रामीणों ने मैया के किनारे घाट घाट बनाने का संकल्प लिया घाट निर्माण के महत्वपूर्ण कड़ी में धार महू क्षेत्र के पूर्व सांसद माननीय छतर सिंह



जी दरबार के द्वारा 350000 रुपए की अपने निधि से राशि स्वीकृत की इसके बाद ग्रामीणों में उत्साह आया और गांव के वरिष्ठ गज्जू यादव वह गोपी लाल जी यादव के मार्गदर्शन में गांव में एक संचालक समिति गठित की इस समिति के युवाओं के द्वारा आसपास के 12 से 15 गांव में घूम कर जन सहयोग से राशि का संग्रह किया गया इसके अलावा बड़वानी व आसपास के ग्रामीणों ने भी घाट निर्माण के लिए जन सेवा किया गया इससे युवाओं में उत्साह का संचार हुआ और घाट निर्माण का कार्य प्रारंभ किया बारिश के मौसम को देखते हुए ग्रामीणों के अलावा आसपास के नर्मदा जी के भक्तों के द्वारा भी दिन रात श्रमदान किया गया और मात्र 15 दिवस में घाट का निर्माण कर दिया गया बारिश के समय में मंदिर में पहुंचने के लिए रोड की समस्या थी इसके लिए ग्रामीण व नर्मदा जी के भक्तों के द्वारा नए रोड का कार्य प्रगति पर है इस घाट के निर्माण से बैक वाटर के कारण महादेव मंदिर में जो कटाव होता था।

## महिला पतंजलि योग समिति ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**समय जगत, भोपाल।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में महिला समिति मध्य प्रदेश पश्चिम जिला गुना द्वारा दीप प्रज्वल्लन कर गुरु पूर्णिमा पर्व का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम प्राणायाम , ध्यान एवं योग से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। इसी बीच सभी बहनों ने गुरु पूर्णिमा पर पर गुरु के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान मेंअपने विचार व्यक्त किये महिला समिति की राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी ने बताया कि गुरू संसार की भीड़ में एक ऐसा सहारा एक ऐसा संबंध है जो दिव्यता से ओतप्रोत है, हमें उच्चता के मार्ग पर ले जाने वाला संबंध है गुरु की वाणी, गुरु का सानिध्य, गुरु का स्नेह ,गुरु का मार्गदर्शन ,हमें हमारे वास्तविक स्वरूप की ओर ले जाता है ,गुरु पूर्णिमा पर गुरु की पूजा ही नहीं करनी चाहिए ,बल्कि संकल्प करना चाहिए कि गुरु के मार्ग का अनुसरण करें ,इस अवसर पर परम श्रद्धेय पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज के सेवा कार्यो जैसे योग सेवा ,स्वदेशी सेवा, चिकित्सा सेवा ,राष्ट्र सेवा, करने का बहनों को संकल्प दिलाया गया, इस अवसर पर यज्ञ ,हवन, गायत्री परिवार से उमा शर्मा जी ने संपन्न करवाया। महिला समिति की जिला प्रभारी सीमा शर्मा, तहसील प्रभारी रानी शर्मा एवं योग कक्षाओं की योग शिक्षक बहिने एवं अनेक योग साधक बहने उपस्थित थी।

# फुटकर व्यवसायियों को महापौर परिषद ने दी बड़ी राहत

## 3 बाय 5 के एरिया में सब्जी-फल विक्रताओं को नहीं देना होगा शुल्क

**समय जगत, रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में नगरीय क्षेत्र रतलाम में 3 बाय 5 स्क्वेयर फीट के एरिया में जमीन बैठक कर सब्जी व फल विक्रय करने वाले फुटकर व्यवसायियों से शुल्क नहीं लिये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। आयोजित महापौर परिषद की बैठक में निर्णय लिया कि चलित ठेले पर सब्जी विक्रय करने वाले वालो से 30 के स्थान पर 20 रूपये प्रतिदिन व फल विक्रेताओं से 50 के स्थान पर 30 रूपये प्रतिदिन शुल्क लिया जायेगा। इसके अलावा नगर के विभिन्न स्थानों पर संचालित खानपान व अन्य दुकानों से 10 बाय 10 के एरिया हेतु 1 रूपये प्रति स्क्वेयर फीट व इससे अधिक होने पर 2 रूपये प्रति स्क्वेयर फीट प्रतिदिन के मान से लिया जायेगा। वर्ष 2016 में यह राशि 2 रूपये स्क्वेयर फीट था जिसमें महापौर परिषद ने कमी करते हुए 1 रूपये प्रति स्क्वेयर फीट करते हुए फुटकर व्यवसायियों को राहत प्रदान की है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गय कि ऐसे दुकानदार जो कि अपनी दुकानों के



बाहर सामान रखकर अतिक्रमण व्यवसाय करते हैं उनसे नियमानुसार जुर्माना वसूला जायेगा तथा पार्किंग लाईन से बाहर वाहन खड़े करने वालो पर चालानी कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, नालो की सफाई, जल वितरण के दौरान गन्दे पानी की समस्या आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर महापौर परिषद द्वारा चर्चा की गई। आयोजित बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल के अलावा महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, रामुभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, निगम आयुक्त अनिल भाना, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, अनवर कुरेशी, राहूल जाखड़, प्रभारी स्वच्छता अधिकारी राजेन्द्रसिंह पवांर, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, मनीष तिवारी, राजेश पाटीदार, निगम सचिव राजेन्द्र शर्मा के अलावा राजेन्द्र पुरोहित, राजेन्द्रसिंह गेहलोत आदि उपस्थित थे।

### बूथ पर जाकर कार्य करे और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से नवीन कार्यकर्ताओं को जोड़े : उपाध्याय

**समय जगत, रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल की नवीन कार्यकारिणी की परिचय एवं कार्यकारी बैठक जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पैलेस रोड पर आयोजित की गई। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी और मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार ने संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री उपाध्याय ने बूथ पर जाकर कार्य करने का निर्देश देते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों से नवीन कार्यकर्ताओं को जोड़ने का आह्वान किया। जिला कोषाध्यक्ष श्री कोठारी ने पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्यों को पूरा करने की योजना पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष श्री पवार ने सभी मंडल पदाधिकारी को वार्ड संयोजक व बूथ अध्यक्ष के साथ बैठकर चर्चा कर वार्ड में संगठन कार्य को मजबूती से करने का आग्रह किया।

# रविराज ने छीना रबीना का राज, सिरमौर जनपद अध्यक्ष की कुर्सी डगमगाई

## सिरमौर विधायक के करीबी रविराज ने कर दिया सत्यानाश, अध्यक्ष किसी की सुनती ही नहीं थी इसलिए बिगड़ी बात

**रीवा।** सिरमौर जनपद पंचायत में अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर घमासान मचा हुआ है। दिव्यराज खेमे की अध्यक्ष की कुर्सी हिल गई है। 19 सदस्यों ने कलेक्टर के सामने अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है। दिव्यराज खेमा कमजोर पड़ गया है। वहीं पूर्व विधायक केपी का पलड़ा भारी चल रहा है। सेमरिया विधायक अभय मिश्रा खेमे के सदस्यों ने दिव्यराज का साथ छोड़ केपी की तरफ बढ़ गए हैं। अब अध्यक्ष का बदलना तय माना जा रहा है। इस नाराजगी की मुख्य वजह सिरमौर विधायक के खास रविराज विश्वकर्मा बन गए हैं। उन्हें ही इस बदलाव का मुख्य वजह माना जा रहा है। सभी रविराज के दखल और कार्यप्रणाली से नाराज थे।

सिरमौर जनपद पंचायत में अध्यक्ष के चुनाव से ही तकरार शुरू हो गई थी। चुनाव के समय अभय और दिव्यराज ने हाथ मिला लिया था और केपी के कंडीडेट को पटखनी दे दी थी। तब केपी को मात मिली थी और दिव्यराज के कंडीडेट को अध्यक्ष की कुर्सी मिली थी। रबीना साकेत को अध्यक्ष बनाया गया। सिरमोर विधायक दिव्यराज की समर्थक थी। यही वजह है कि दिव्यराज ने कुर्सी पर बैठाने के लिए सारे दांव खेल दिए। विपक्ष से भी हाथ मिला लिया था। अभी चुनाव को तीन साल भी नहीं हुए थे कि जनपद सदस्यो ने अध्यक्ष के खिलाफ बगावत शुरू कर दी। अध्यक्ष को बदलने का प्रस्ताव लेकर कलेक्टर के पास पहुंच गए। 25 में 19 सदस्य बागी हो गए हैं। इनमें भाजपा और कांग्रेस खेमे दोनों के हैं जो बागी हुए हैं। अभय मिश्रा भी साइलेंट मोड पर चले गए हैं। 19 सदस्यों ने कलेक्टर के पास पहुंच कर अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है।

**इन सदस्यों ने दिया आवेदन, छोड़ा रवीना का साथ:** सिरमौर जनपद के जिन सदस्यों ने रवीना का साथ छोड़ा हैं उसमें सरोज आदिवासी, शियाशरण आदिवासी, मुन्नी दाहिया, निशा ड्क्षसह, राजेन्द्र सिंह, सीमेश सिंह, शांतिनारायण पाण्डेय, रामलाल कोल, तेजा साहू, अभिषेक त्रिपाठी, बृजमोहन सिंह, सावित्री साकेत, सारथी ड्क्षसह, प्रतिमा सिंह, रामकली सोंधिया, सविता केवट, श्यामवती साकेत, शैलेन्द्र शुक्ला, मिश्रीलाल तिवारी आदि शामिल रहे। इनमें से मिश्री लाल तिवारी सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के खास माने जाते हैं। इसके अलावा वह भी बगावत कर बैठे हैं। राजेन्द्र सिंह, रामलाल, गुडिया़ आदिवासी, शियाशरण आदिवासी भी सेमरिया विधायक अभय मिश्रा गुट के ही हैं। यह सब एक हो गए हैं।

**रविराज विश्वकर्मा ने कर दिया सत्यानाश:** इस पूरे छीछालेदर के पीछे सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह के खासमखास रविराज विश्वकर्मा को वजह माना जा रहा है। रविराज विश्वकर्मा की दखलअंदाजी से भी सदस्य नाराज चल रहे थे। जनपद पंचायत अध्यक्ष रविराज के इशारों पर ही चल रही थीं। सिर्फ उन्हीं की ही सुन रही थी। रविराज का जनपद में अधिक दखल था। इससे भी सदस्यों को नाराजगी थी।

**अब बागियों की घेराबंदी करने में लगे दिव्यराज और उनके समर्थक:** मामला बहुत आगे बढ़ गया है। विरोध और अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का हल्ला कई दिनों से चल रहा था। हल्ला मचने के बाद हालांकि सिरमौर विधायक सतर्क हो गए थे। उन्होंने लांबिंग शुरू कर दी थी। कई सदस्यों और महिला सदस्यों के पति को किला भी बुलाया गया था। मामले को डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश भी की गई थी लेकिन बात नहीं बन पाई थी। सभी रवीना साकेत के काम और व्यवहार से नाराज चल रहे थे।

**सदस्यों ने लगाए कई गंभीर आरोप:** बागी हो चुके सदस्यो ने अध्यक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सदस्यों का कहना है कि अध्यक्ष कहीं नहीं जाती और लागबुक में भी गलत इंट्री की जाती है। लगातार वित्तीय अनियमितताएं की जा रही थी। सदस्यों की कोई भी बात नहीं सुनी जा रही थी। क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़ गया था। तीन सालों में कहीं कोई काम नहीं हुआ। क्षेत्र की जनता सदस्यों का विरोध करने लगी है।

**पहले से थी कुर्सी हिलने की भनक लेकिन कुछ कर नहीं पाई अध्यक्ष:** जनपद अध्यक्ष रवीना साकेत अविश्वास प्रस्ताव लाने और विरोध होने का पता कई दिनों पहले ही चल गया था। हालांकि वह इसे सिर्फ अफवाह ही समझती रही। सूत्रों की मानें तो रविवराज विश्वकर्मा अध्यक्ष को भ्रम में रखे रहे। समर्थकों की संख्या 22 से अधिक गिनाते रहे। इसी हवा हवाई में अध्यक्ष की कुर्सी हिल गई। दिव्यराज के खास कहे जाने वाले सदस्य विनोद सिंह की पत्नी ने भी बगावत कर दी है।

**पिक्चर अभी बांकी है, नए चेहरा तलाशने पर फिर बढ़ेगी टेंशन:** फिलहाल अभी अध्यक्ष को हटाने के लिए भाजपा और कांग्रेस के सभी सदस्य एक हैं। बहुमत जब अध्यक्ष रवीना साकेत साबित नहीं कर पाएंगी तब उसके बाद फिर एक बार खींचतान बढ़ जाएगी। भाजपा और कांग्रेस के दोनों विधायक अपना अध्यक्ष बनाने के लिए मैदान में कूद पड़ेंगे। इस लड़ाई में हालांकि सदस्यों का ही फायदा होगा। जो जितना खर्च करेगा, सदस्य भी उसी की तरफ जाएंगे। सभी सदस्यों ने फिलहाल आगे के लिए दोनों सभी के लिए रास्ता खुला रखा है।

## सार-समाचार

### एक पेड़ मां के नाम पर तहसील गुढ़ प्रांगण में किया गया वृक्षारोपण



गुढ़ (नि.प्र)। गुढ़ तहसील प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया।उक्त अवसर पर तहसीलदार अरुण कुमार यादव, नायब तहसीलदार सुश्री महिमा पाठक,भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता की उपस्थिति में तहसील के राजस्व निरीक्षक,पटवारी सहित सभी स्टाफ के द्वारा अपने अपने मां के नाम से एक एक पेड़ लगाए साथ ही उन्हें सुरक्षित करने की जिम्मेवारी ली। तहसीलदार श्री यादव ने बताया कि जहां पर पौधारोपण किया गया है उस पूरे परिसर को एंगल और जालियों से सुरक्षित किया जाकर तहसील के ही योग्य कर्मचारियों की ड्यूटी सिंचाई, मिट्टी की गोराई,खाद इत्यादि सभी जरूरी इतंजाम किया जायेगे।मेरा उद्देश्य है कि पूरा परिसर हरा भरा शुद्ध स्वच्छ वातावरण से परिपूर्ण हो।अभी अगले अभियान में और भी पेड़ लगाए जाएंगे और तार बांडी का इतंजाम जन सहयोग और कर्मचारियों के सहयोग से पूर्ण किया जाएगा।उक्त अवसर पर राजस्व निरीक्षक जितेन्द्र सिंह बघेल,संदीप कुमार शुक्ला, अंगद प्रसाद अहिरवार, आशीष कुमार शुक्ला,आशीष पाण्डेय, देवेंद्र मिश्रा, प्रदीप पटेल, रवीनारायण वर्मा, अनुपमा रावत,अर्चना सिंह सभी हल्का के पटवारी तहसील के कर्मचारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### कोठी कम्पाउंड की तीन दुकानों का आवंटन होगा निरस्त

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की न्यायालय परिसर से लगी कोठी कम्पाउंड में निर्मित व आवंटित अचल सम्पत्तियों के मूल स्वरूप में परिवर्तन, तोड़फ़ोड़, स्थायी पार्टीशन किये जाने को निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे द्वारा गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गये हैं। तीन दुकानदारों जिनमें दुकान क्र.19 रोशन लाल गुप्ता, दुकान क्र.20 जय कुमार सिंह, दुकान क्र.21 अरूण कुमार दुबे द्वारा बिना सक्षम स्वीकृति के दुकान के बीच की दीवाल तोड़कर एक दुकान बनाकर तथा दुकान की गैलरी में भी अनाधिकृत कब्जा किया गया है। इन्हे नोटिस दी गई है, कि 15 दिवस के अन्दर अभिलेख सहित उत्तर प्रस्तुत करें, अन्यथा आवंटन आदेश में वर्णित शर्तों, पूरित अनुबंध में वर्णित प्रावधानों के उल्लंघन के आधार पर, मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम, 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत, आवंटित दुकान/शोरूम का आवंटन (अंतरण) निरस्त कर पट्टा रद्द किया जावेगा।

### महापौर ने लिखा कलेक्टर को पत्र

**रीवा।** नगर निगम महापौर अजय मिश्रा ''बाबा'' द्वारा जिला कलेक्टर रीवा को शहरी गतिशीलता, हरित क्षेत्र विकास एवं दिव्यांग पार्क निर्माण हेतु रू. 200 लाख की वित्तीय सहायता डीएमएफनिधि से स्वीकृत किए जाने हेतु पत्र लिखा है। साथ ही लेख किया गया है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा शहर के नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा दिव्यांगजनों को समावेशी सुविधाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण परियोजनाएँ प्रस्तावित है जिनमें क्र. 1 शहरी गतिशीलता सुधार परियोजना अनुमानित लागत 75 लाख है इस परियोजना का उद्देश्य शहर में सुरक्षित, हरित समावेशी गतिशीलता को बढ़ावा देना है इसमें प्रस्तावित घटक जिनमें – पैदल पथ का निर्माण। सार्वजनिक स्थानों पर स्मार्ट ट्रैफ़िक संकेतक, डिजिटल साइनबोर्ड एवं डस्टबिन स्टेशन की स्थापना। ड्रॉप एण्ड पिक जोन का निर्माण स्कूलों एवं प्रमुख स्थानों पर। स्ट्रीट फ़र्नीचर (बेंच, स्ट्रीट लाइट, शेड) का विकास। क्र. 2 हरित क्षेत्र एवं वृक्षारोपण विकास योजना अनुमानित लागत रू. 75 लाख है इस योजना का उद्देश्य शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार कर वायु गुणवत्ता सुधारना एवं शहरी गर्मी प्रभाव को कम करना है इसमें प्रस्तावित घटक जिनमें – पचास हजार से अधिक औषधीय, फ़लदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण (मियावाकी तकनीक सहित)। ग्रीन बेल्ट निर्माण मुख्य मार्गों, नालों एवं सार्वजनिक परिसरों के किनारे। ग्रीन वाल एवं वर्टिकल गार्डन का विकास प्रमुख भवनों एवं चौराहों पर। क्र. 3 दिव्यांग पार्क निर्माण परियोजना अनुमानित लागत रू. 50 लाख है रीवा शहर में विशेष रूप से दिव्यांगजनों हेतु समर्पित यह पार्क पूरी तरह बाधा रहित होगा इसमें प्रस्तावित सुविधाएँ व्हीलचेयर अनुकूल ट्रैक, स्लोपर रैंप एवं हाथ पकड़ रेलिंग। ब्रेल लिपि में साइनबोर्ड, आडियों संकेतक एवं स्पर्श सक्षम पथ। समावेशी खेल उपकरण जैसे स्पेशल झूले, थेरापी जोन। समर्पित पार्किंग, पेयजल सुविधा एवं स्वच्छता कक्ष आदि शामिल है। साथ ही पत्र में लिखा है कि उपरोक्त तीनों परियोजनाओं हेतु लगभग रू. 200 लाख की आवश्यकता होगी। ये योजनाएँ रीवा शहर को एक समावेशी, पर्यावरण अनुकूल एवं नागरिकों के लिए सुलभ नगर बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। यह उल्लेख किया गया है कि डीएमएफ़फ़ंड में से निकाय को विगत 03 वर्ष में कोई राशि प्राप्त नही हुई है। जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि डीएमएफ़फ़ंड अंतर्गत रू. 200 लाख की वित्तीय स्वीकृति अतिशीघ्र प्रदान करने का कष्ट करें ताकि उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र किया जा सके।

### भाजपा मंडल गुढ़ में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



गुड़ (नि.प्र)। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गुढ़ नगर वार्ड नं एक स्थित स्वामी श्री बलरामदास महाराज जी के आश्रम में भाजपा मंडल गुढ़ के आयोजकत्व में स्वामी श्री बलरामदास महाराज जी की तपोस्थली में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर चरण वंदन किया गया साथ ही वहां के प्रधान पुजारी गुरुदेव को साक्षात् खड़ाकर उनकी पूजा करते हुए उनका मल्यार्पण पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।उक्त अवसर पर भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता,इंद्रेश मिश्रा,पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद्र सोनी, रामायण प्रसाद मिश्रा,सरदार मिश्रा,राजबहोर कुशवाहा,कपिल पयासी,बीरेंद्र धरमपुरहा सहित आधा सैकड़ा भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जावेगा

**रीवा।** ''मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव'' का आयोजन मा0 मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में शहरी विकास के क्षेत्र से जुड़े अग्रणी उद्यमियों, विषय विशेषज्ञों एवं माननीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 11.07.2025 को इन्दौर स्थित ''ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर'' में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम मे मा0 मुख्यमंत्री द्वारा पीएमएवाय (शहरी) 1.0 अंतर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश व पीएमएवाय (शहरी) 2.0 अंतर्गत नवीन आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र प्रदान करते हुये वर्चुअल माध्यम से 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जावेगा। नगर पालिक निगम टाउन हाल में उक्त कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

### बैठक लेकर दिया आवश्क दिशा-निर्देश

**रीवा।** एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना कलस्टर रीवा की मॉनिटरिंग कमेटी की 16वीं बैठक संयुक्त संचालक रीवा सभागार में दिनांक 10 जुलाई को आयोजित की गई। बैठक आयुक्त नगर निगम रीवा डॉ0 सौरभ सोनवणे की अध्यक्षता एवं आयुक्त नगर निगम सतना शेर सिंह मीणा, संयुक्त संचालक मयंक वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी, समस्त 26 यूएलबी के सीएमओ, इंडिपेंडेंट इंजीनियर एवं रेमकी कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुये।

## समय पर वेतन मांगना शिक्षक को पड़ रहा महंगा

# लापरवाह बीईओ ने शिक्षक की ही कर दी उल्टा शिकायत




**रीवा।** जबसे रीवा विकासखंड शिक्षा अधिकारी का डीडीओ प्रभार आकांक्षा सोनी को मिला है तबसे विकासखंड के सभी शिक्षक अपने स्वत्व के साथ-साथ वेतन को मोहताज रहे हैं, आश्चर्य की बात तो यह है कि बैंक से लोन लिए एक शिक्षक ने 3 जुलाई को रीवा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पास केवल यह बात जानने के लिए गए की मैडम वेतन भुगतान में विलंब क्यों हो रहा है शिक्षक का इतना पूछना था कि मैडम आकांक्षा सोनी उसे पर न सिर्फ बरस पड़ी बल्कि निलंबन एवं बर्खास्तगी तक करवा देने की धमकी दे डाली लेकिन लोन में ग्रसित शिक्षक ने मैडम से किसी भी तरह की बात नहीं की एवं डर के मारे चुपचाप वापस आ गए, लेकिन मैडम को इतने में संतुष्टि नहीं हुई अपने चापलूस अटैच शिक्षकों के कहने पर कलेक्टर के समक्ष झूठी शिकायत दर्ज करवाई की शिक्षक द्वारा आकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जब भी शिक्षक का कहना है कि जिस दिनांक को मैडम ने शिकायत की वह उनके कक्ष के भीतर गया ही नहीं मार्तंड क्रमांक एक में लगे सीसीटीवी फुटेज से संतुष्टि की जा सकती है, हां शिक्षकों के विभिन्न संगठनों द्वारा बाहर मैदान में मीडिया के समक्ष बयान दिया जा रहा था उसे समय वह जरूर उपस्थित था, नाटो मैडम से किसी तरह की बात हुई ना मुलाकात हुई, फिर भी झूठी शिकायत दर्ज करवा कर परेशान किया जा रहा है जिससे पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है,.

**मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने कलेक्टर को की शिकायत, वीईओ रीवा की कार्यशैली पर लगाए अंकुश:** मामले की जानकारी होते ही मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र चतुर्वेदी ने रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल को लिखित आवेदन प्रस्तुत किया कि जब से रीवा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर आकांक्षा सोनी आई हैं लगातार विवाद का केंद्र बनती जा रही हैं, शिक्षकों से स्वयं अमर्यादित एवं अशिष्ट शब्दों का प्रयोग करती है अनावश्यक दबाव बनाती हैं, जबकि अपने कार्यालय में दर्जनों से ज्यादा शिक्षकों को अटैच करके रखिए जिनके इशारे पर ही शिक्षकों को परेशान करती है जबकि सलग्नीकरण पर पूर्णत प्रतिबंध है विधानसभा प्रश्न भी उठा है कि गैर शिक्षकीय कार्य मे कितने शिक्षक संलग्न है. शिक्षक संघ ने रीवा कलेक्टर को संबोधित शिकायती पत्र में रीवा वीईओ का न सिर्फ प्रभार बदलने की मांग की है बल्कि अनावश्यक शिकायतों पर कलेक्टर महोदय अंकुश लगाए जिसका भी निवेदन किया.

### सीए परीक्षा में अखिलेश ने अर्जित की सफलता

**रीवा।** जिला मुख्यालय से पचास किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भौखरी के अखिलेश मिश्रा ने सीए परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करते हुए माता पिता के साथ ही जिले का नाम रोशन किया है। अखिलेश मिश्रा के पिता महेंद्र मिश्रा ददोली किसान हैं अखिलेश मिश्रा ने सीए परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करते हुए रीवा जिले का नाम रोशन किया है। साथ ही उन्होंने ने अपने इस सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता गुरुजन को दिया है। अखिलेश मिश्रा की इस सफलता पर उनके बाबा विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पिता महेंद्र मिश्रा ददोली मम्मी गीता मिश्रा भाई अरुणेश मिश्रा आषुतोष मिश्रा सहित ग्राम पंचायत लालगांव उपसरपंच लवकुश तिवारी कवि आशीष तिवारी निर्मल, रावेंद्र गौतम, सुरेश गौतम, सर्वेश तिवारी,धीरू गौतम राधेश्याम गौतम, बिहारी गौतम सहित सैकड़ों शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार : वीरेंद्र गुप्ता



**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गए निर्णयों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जिन चार जातियों के कल्याण और सशक्तीकरण की बात करते हैं, डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उनकी भलाई के लिए समर्पित है। प्रदेश की कैबिनेट ने जो निर्णय किया है उस से गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के विकास और सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे। किसानों के प्रति संवेदनशील है मध्यप्रदेश सरकार भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार ने सिंचाई शुल्क चुकाने में असमर्थ रहे किसानों के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हुए मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया है कि ऐसे किसानों से सिंचाई शुल्क न चुकाने पर लिया जाने वाली दंड राशि और ब्याज नहीं लिया जाएगा। सिर्फ सिंचाई शुल्क की राशि ही ली जाएगी। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों को लाभ होगा और वे सिंचाई शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। सरकार ने यह योजना मार्च, 2026 तक के लिए लागू की है। वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने धरती आबा योजना के अंतर्गत प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में 66 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का प्रावधान किया है। इससे जहां एक ओर इन क्षेत्रों में कुपोषण कम करने में मदद मिलेगी, वहीं बहनों को रोजगार भी मिलेगा। सरकार ने इन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कार्यकर्ता, सहायिका और सुपरवाइजर के पदों को भी मंजूरी दी है। श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न बिजली कंपनियों में 49 हजार से अधिक नियमित पदों पर भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सरकार के इस निर्णय से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा तथा बिजली कंपनियों की कार्यक्षमता में भी सुधार होगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा

**भाजपा जिला अध्यक्ष ने पंकज गुप्ता को दी बधाई:** भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने रीवा नगर के मेधावी विद्यार्थी पंकज गुप्ता के चार्टर्ड अकाउंट सी. ए.के पद पर सफल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है की कड़ी मेहनत लगाना और परिश्रम के बल पर पंकज गुप्ता ने यह सफलता हासिल की है जिससे पूरे रीवा नगर बासीयो में खुशी की लहर है संसाधनों की कमी के बावजूद अपने लक्ष्य को पाने में सफलता प्राप्त की है रीवा जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बनेंहैं जिसके लिए बहुत-बहुत बधाई भाजपा नेता संजय गुप्ता संजीव गुप्ता योगेंद्र शुक्ला प्रद्युम्न सिंह विजेंद्र गौतमने भी पंकजगुप्ता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने युवाओं के लिए लॉन्च किया मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट

**समय जगत, भोपाल।** आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस लॉन्च किया है। यह एक मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जिसे ग्राहकों को दीर्घकालिक रूप से संपत्ति बनाने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रोडक्ट को सिर्फ 1000 रुपए की मासिक प्रीमियम पर खरीदा जा सकता है। इससे युवा ग्राहक आसानी से नियमित निवेश कर सकते हैं और अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इसमें जीवन बीमा का लाभ भी शामिल है, जिससे ग्राहक के न रहने पर उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। श्री अमित पालटा, चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, ÷भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और मॉर्गन स्टेनली के अनुसार 2028 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। देश की इस विकास यात्रा की कमान युवाओं के हाथ में है, जो कि कुल जनसंख्या का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा हैं। यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (यूलिप) संपत्ति निर्माण का एक प्रभावशाली माध्यम हैं। युवा वर्ग को जल्दी निवेश शुरू करने और लंबे समय तक जुड़े रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हमने आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस लॉन्च किया है। यह एक किफायती और टैक्स-एफिशिएंट प्रोडक्ट है, जिसमें युवा सिर्फ 1000 रुपए प्रतिमाह की राशि से निवेश शुरू कर सकते हैं। श्री अमित पालटा ने आगे कहा, इस प्रोडक्ट के टारगेट कस्टमर्स को ध्यान में रखते हुए, जो ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स से डिजिटल तरीके से जुड़ना पसंद करते हैं, हमने इसकी पूरी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल बना दिया है। उन्होंने कहा, आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस में ग्राहकों को 25 अलग-अलग फंड्स और चार पोर्टफोलियो स्ट्रैटेजी में से चुनाव करने की सुविधा मिलती है। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार एक फंड से दूसरे फंड में स्विच कर सकते हैं, वह भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क या टैक्स के। इसके साथ ही, यह प्लान जीवन बीमा सुरक्षा भी देता है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिरता बनी रहती है।

## निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देश पर हुई कार्यवाही

# प्रकाश कॉम्पलेक्स के 34 दुकानदारों को नोटिस में सख्त चेतावनी



**रीवा।** रीवा नगर के प्रकाश काम्पलेक्स की दुकानों के सामने फुटपाथ पर अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर प्लास्टिक पन्नी का व्यवसाय किये जाने तथा दुकान के सामने स्कूटर/मोटर सायकल एवं अन्य वाहन खड़े कराये जाने से हो रही लोगों को असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देश पर 34 दुकानदारों को नोटिस में सख्त चेतावनी दी गई है। नगर पालिक निगम रीवा द्वारा आपका दुकान 35 माह के लिये किराये पर आवंटित है तथा उसका समय-समय पर नवीनीकरण किया जाता है। पूरित किये गये अनुबंध अनुसार दुकान के अतिरिक्त (क्षेत्र में) किसी स्थान पर अतिक्रमण नहीं किया जा सकता और न ही न्यूसेन्स/प्रदूषण किया जा सकता, व्यवसायियों द्वारा लगातार दुकान के सामने प्लास्टिक पन्नी का व्ययवसाय किया जा रहा है तथा दुकान के सामने वाहन खड़े कराये जा रहे हैं, जो अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन, जबकि इस काम्पलेक्स के आसपास 02 वाहन पार्किंग स्थल नगर निगम रीवा द्वारा बनाये गये हैं, उनमें वाहन खड़ा कराना चाहिये, लेकिन ऐसा नहीं करने से जनसामान्य को हो रही असुविधा को देखते हुए दुकान का आवंटन निरस्त करने की अंतिम नोटिस जिन दुकानदारों को दी गई है उनमें दुकान क्रमांक 1 मोहम्मद सलीम, दुकान क्रमांक 2 शंकर लाल, दुकान क्रमांक 3 मोहम्मद अमीन, दुकान क्रमांक 4 मोहम्मद शरीफ, दुकान क्रमांक 5 राम लखन सोनी, दुकान क्रमांक 6 अर्जुन कुमार सोनी, दुकान क्रमांक 7 गुलजार, दुकान क्रमांक 8 मोहम्मद हनीफ, दुकान क्रमांक 9 सुरेश कुमार, दुकान क्रमांक 10 श्री अब्दुल अज़ीज़, दुकान क्रमांक 11 राजकुमार लखेरा, दुकान क्रमांक 12 उल्फत खान, दुकान क्रमांक 13 मोहम्मद जफर, दुकान क्रमांक 14 केशव प्रसाद गुप्ता, दुकान क्रमांक 15 शंकर लाल, दुकान क्रमांक 16 राजकुमार छुगानी, दुकान क्रमांक 17 जियाउद्दीन अंसारी, दुकान क्रमांक 18 छोटे अंसारी, दुकान क्रमांक 19 शीतल दास, दुकान क्रमांक 20 अशोक कुमार छुगानी, दुकान क्रमांक 21 मोहम्मद शरीफ, दुकान क्रमांक 22 श्रीमती नूरजहां, दुकान क्रमांक 23 छोटेलाल, दुकान क्रमांक 24 मोहम्मद असलम, दुकान क्रमांक 25 दशरवा, दुकान क्रमांक 26 मोहम्मद आशीश, दुकान क्रमांक 27 मोहम्मद अजीज व मोहम्मद अमीन, दुकान क्रमांक 28 विजय कुमार, दुकान क्रमांक 29 मेराज, दुकान क्रमांक 30 दिलीप कुमार, दुकान क्रमांक 31 सत्यनारायण सोनी, दुकान क्रमांक 32 राकेश कुमार सोनी, दुकान क्रमांक 33 भगवान दास, दुकान क्रमांक 34 ी मोहम्मद हाफीज (इस्लाम) आदि है।

### 1500 की चालानी कार्यवाही की

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार 10 जुलाई को नगर निगम आईईसी टीम द्वारा जोन 04 वार्ड 41 पार्षद चौराहा के रहवासी क्षेत्र में सड़क एवं खाली प्लाटों में कचरा फेंके जाने पर रू. 1500 की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही नागरिकों को समझाइस दी गई कि खुले स्थानों, नालियों, परिसर आदि में कचरा ना फेंके, बल्कि डोर टू डोर कचरा वाहन में कचरा दें। उक्त कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक धीरज पांडेय, वार्ड दरोगा सोनू वाल्मीक, टीम लीडर अवनीश शुक्ला, सुपरवाइजर शामिल रहे। इसी के साथ नगर निगम आईईसी टीम द्वारा जोन 03 वार्ड 11 स्थित केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) थीम पर आधारित ''सफ़ई अपनाओ, बीमारी भगाओ'' अभियान के तहत विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को बारिश के मौसम में होने वाली विभिन्न तरह की बीमारियों से बचाव हेतु विशेष जानकारी दी गई।

## संपादकीय

# युवाओं का भविष्य गढ़ने का आधार बनेगी ईएलई स्कीम

सरकार द्वारा युवाओं को सशक्त, आर्थिक रूप से समृद्ध व रोजगार युक्त बनाने के लिये ईएलई स्कीम शुरू की गई है। सरकार की यह पहल सही मायने में युवाओं का भविष्य गढ़ने के साथ-साथ देश की प्रतिष्ठा में वृद्धि का आधार बनेगी। 99,446 करोड़ रुपये के विशाल बजट के साथ शुरू हुई यह योजना, भारत के रोज़गार परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल देने का वादा करती है। यह केवल बेरोज़गारी से जूझ रहे युवाओं के लिए आशा की किरण नहीं, बल्कि 'मेक इन इंडिया' जैसे राष्ट्रीय अभियानों को नई गति देने वाला एक शक्तिशाली इंजन है। इसका हर पहलू इतनी बारीकी और दूरदर्शिता से गढ़ा गया है कि यह न केवल वर्तमान की चुनौतियों का समाधान करता है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक मज़बूत नींव रखता है। इस योजना का सबसे आकर्षक और प्रेरणादायक तत्व है इसका समावेशी स्वरूप, जो कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को प्रोत्साहित करता है। पहला हिस्सा उन युवाओं को समर्पित है, जो औपचारिक रोज़गार की दुनिया में पहली बार कदम रख रहे हैं। उनके लिए यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्थिरता का एक सुनहरा सेतु है। ऐसे कर्मचारियों को 15,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दो किश्तों में दी जाएगी–पहली छह महीने की निरंतर सेवा के बाद और दूसरी 12 महीने पूरे होने व वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्राप्त करने पर। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के ज़रिए उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में सीधे जमा होगी। इस राशि का एक हिस्सा बचत खाते में सुरक्षित रहेगा, जिसे वे बाद में उपयोग कर सकेंगे। अनुमान है कि 1.92 करोड़ युवा इस प्रावधान से सीधे लाभान्वित होंगे। यह कदम न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मज़बूत करेगा, बल्कि उन्हें एक ज़िम्मेदार और सशक्त नागरिक बनने का मार्ग भी दिखाएगा। दूसरा हिस्सा नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने का है, जो भारत के औद्योगिक और आर्थिक विकास की रीढ़ हैं। कंपनियों को अब नए कर्मचारियों की भर्ती के लिए आकर्षक प्रोत्साहन मिलेगा। यदि कोई कंपनी 1 लाख रुपये तक मासिक वेतन वाले कर्मचारियों को नियुक्त करती है, तो उसे प्रत्येक कर्मचारी के लिए 3,000 रुपये प्रति माह की सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता गैर-विनिर्माण क्षेत्र में दो वर्ष और विनिर्माण क्षेत्र में चार वर्ष तक जारी रहेगी। छोटी इकाइयों (50 से कम कर्मचारी) को कम से कम दो और बड़ी इकाइयों (50 से अधिक कर्मचारी) को कम से कम पाँच नई भर्तियाँ करनी होंगी। युवाओं को चाहिये कि वह जागरुकता एवं तत्परतापूर्वक इस स्कीम का अधिकाधिक फायदा उठाएं।

# जीएसटी की 12 प्रतिशत स्लेब में बदलाव से उद्योग और आमजन को मिलेगी राहत

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देश में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है। वस्तु एवं सेवा कर यानी कि जीएसटी की चार स्लेबों में से दूसरी 12 प्रतिशत की स्लेब को लेकर जिस तरह की चर्चाएं आम हो रही है उससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित जीएसटी की 12 प्रतिशत वाली स्लेब से ही हो रहे हैं। इन वर्गो से जुडी वस्तुएं या सेवाओं पर लगने वाला कर सीधा सीधा इन्हें प्रभावित करता है। इसका कारण भी साफ है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लेब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लेब में आते हैं। हांलाकि विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत की स्लेब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का असर पड़ेगा पर यह भी माना जा रहा है कि बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। हालांकि इस निर्णय के भी बिहार सहित अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से जोड़कर राजनीतिक अर्थ निकाले जाएंगे पर इस तरह के निर्णयों पर राजनीति करना उचित नहीं कहा जा सकता। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाली स्लेब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लेब के दायरें में लाया जा सकता है। 12 प्रतिशत की स्लेब को विलोपित किया जाता है तो इसके दायरें में आ रही वस्तुएं या सेवाएं 5 प्रतिशत की स्लेब दायरें में आने की अधिक संभावना हैं। यदि विलोपित भी नहीं की जाती है और आज की प्रचलित चार स्लेबों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को नीचे वाली और शेष को अन्य स्लेबों में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती महंगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देश में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है। अब तक जीएसटी काउंसिल की 57 बैठके हो चुकी है और इनमें अनवरत रुप से सुधार व बदलाव किया जाता रहा है। 12 प्रतिशत के बदलाव की चर्चा छे?कर बैठक से पहले ही बहस छे? दी गई है। इसे सकारात्मक भी माना जाना चाहिए क्योंकि जीएसटी स्लेबों के निर्धारत में राज्यों की भी प्रमुख भूमिका होती है। जीएसटी काउंसिल में राज्यों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेते हैं और उसी में निर्णय किया जाता है। जीएसटी से संग्रहित होने वाली राशि राज्यों को भी मिलती है तो समूचे देश में एक वस्तु पर एक ही दर लगने से अदायगी राशि एक ही होती है। जीएसटी यानी कि एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में सामने आई थी। डॉ. विजय केलकर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन हुआ। समान कर की बात तो सभी सरकारों द्वारा की जाती रही पर 1 जुलाई 2017 को यह व्यवस्था लागू हो सकी। हांलाकि आमनागरिकों की भारी मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरें में नहीं लाया जा सका है और इसका कारण भी बड़ा साफ है कि इसमें केन्द्र राज्यों की सभी सरकारों के हित जुड़े हुए हैं। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने और इस पर कितना कर लग रहा है इस पर तो पक्ष विपक्ष हल्ला तो बोल लेते हैं पर कभी जीएसटी के दायरें में लाने के सार्थक प्रयास नहीं कर पाये हैं। समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाये और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। हमारे देश में 12 प्रतिशत की स्लेब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरें में आती है। एक हजार रु. से अधिक के कपड़े जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद, सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैण्ड बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरें में आती है।

# प्रधानमंत्री की ब्राजील यात्रा ने रचे सफलता के नए कीर्तिमान

## नजरिया

**हम आपको बता दें कि ब्राजील के साथ मजबूत संबंध भारत को लैटिन अमेरिका में रणनीतिक पहुँच प्रदान करते हैं। यह महाद्वीप ऊर्जा, खनिज और कृषि संसाधनों से समृद्ध है और भारत के लिए एक नया आर्थिक और भू-राजनीतिक अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया ब्राजील यात्रा सिर्फ एक कूटनीतिक यात्रा भर नहीं थी, बल्कि यह भारत के वैश्विक कद और मोदी की नेतृत्व क्षमता की ताक़त का स्पष्ट प्रमाण भी बनी। ब्राजील के रियो डी जेनेरो में हुई 17वीं ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह वैश्विक राजनीति, भू-आर्थिक चुनौतियों और बहुपक्षीय सहयोग को लेकर भारत का पक्ष रखा, उसने न केवल भारत की छवि को मज़बूत किया, बल्कि यह भी साबित किया कि एक दूरदर्शी नेतृत्व किस तरह जटिल वैश्विक माहौल में राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सकता है। मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेषकर दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी रणनीति की ओर इशारा करते हुए यह स्पष्ट किया कि कोई भी देश इन संसाधनों को हथियार के रूप में इस्तेमाल न करे। यह बयान ना सिर्फ भारत की रणनीतिक चिंता को दर्शाता है, बल्कि मोदी के संतुलित, लेकिन दृढ़ वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक भी है। रूस और चीन जैसे देशों की मौजूदगी में भी मोदी ने न तो पश्चिमी ताक़तों की आलोचना की और न ही अंध समर्थन दिया। इसके बजाय उन्होंने ग्लोबल साउथ के अधिकारों, विकास के अवसरों और समावेशी वैश्वीकरण की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उनका यह रुख ब्रिक्स को एकतरफा मंच बनने से रोकता है और भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को उजागर करता है।**

**नीरज कुमार दुबे**

प्रधानमंत्री के संबोधनों से यह भी स्पष्ट हुआ कि नरेंद्र मोदी केवल घरेलू राजनीति के माहिर नहीं, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की बारीक समझ रखने वाले नेता भी हैं। देखा जाये तो वह भारत को वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत-ब्राजील के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक साझेदारी को मजबूत करने वाली भी साबित हुई। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, ऊर्जा, कृषि, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी 2.0 की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई है। हम आपको बता दें कि भारत और ब्राजील ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। खासतौर पर कृषि उत्पाद, औषधीय उद्योग, टेक्सटाइल, और आईटी सेवाओं में सहयोग के नए द्वार खुले हैं। इससे भारतीय एमएसएमईएस और निर्यातकों को नए बाजार मिलेंगे। इसके अलावा, ब्राजील जैव ईंधन और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी देश है। भारत के 'नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' को देखते हुए दोनों देशों ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी साझेदारी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। साथ ही ब्रिक्स, त20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों पर भारत और ब्राजील ने विकासशील देशों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्राजील ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की मजबूत वकालत की। इसके अलावा, ब्राजील के साथ मजबूत संबंध भारत को लैटिन अमेरिका में रणनीतिक पहुँच प्रदान करते हैं। यह महाद्वीप ऊर्जा, खनिज और कृषि संसाधनों से समृद्ध है और भारत के लिए एक नया आर्थिक और भू-राजनीतिक अवसर है। हम आपको यह भी बता दें कि ब्राजील, विश्व का सबसे बड़ा सोया उत्पादक और निर्यातक है।



भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए यह साझेदारी महत्वपूर्ण हो सकती है। साथ ही, ब्राजील के पास प्रचुर मात्रा में कच्चा तेल, इथेनॉल और जलविद्युत क्षमता है जो भारत की ऊर्जा रणनीति में योगदान कर सकती है। इसके अलावा, अंतरिक्ष तकनीक, रक्षा उत्पादन और एयरोनॉटिक्स के क्षेत्र में ब्राजील की विशेषज्ञता और भारत की विनिर्माण क्षमता मिलकर एक मजबूत टेक्नोलॉजिकल गठजोड़ बना सकते हैं। हाल और एमब्रीयर जैसे संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाएं प्रबल हैं। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और ब्राजील दोनों जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर समान सोच रखते हैं। ग्लोबल साउथ के हिस्से के रूप में, दोनों मिलकर विकसित देशों से जलवायु फंड और तकनीकी हस्तांतरण के लिए सामूहिक दबाव बना सकते हैं। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा के बीच वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने आतंकवाद से निपटने पर भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर स्पष्ट हैं कि आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। मोदी ने मीडिया को दिये अपने बयान में कहा, ''आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारी सोच एक जैसी है, यथा- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और यह कि इसे लेकर दोहरा मानदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हम आतंकवाद और आतंकवाद का समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं।'' मोदी ने कहा, ''हम चाहते हैं कि भारत-ब्राजील संबंध कार्निवल (रंगारंग जुलूस) की तरह रंगीन हों, फुटबॉल की तरह जोशीले हों, और सांबा (नृत्य) की तरह दिलों को जोड़ने वाले हों और वीजा काउंटर पर लंबी कतारें न हों। इस भावना के साथ।'' उन्होंने कहा, ''हम दोनों देशों के लोगों, खासकर पर्यटकों, छात्रों, खिलाड़ियों और व्यापारियों के बीच आपसी संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रयास करेंगे। विभिन्न भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-ब्राजील साझेदारी स्थिरता और संतुलन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और दोनों पक्ष इस बात पर एकमत हैं कि सभी विवादों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख वैश्विक मंचों पर भारत-ब्राजील सहयोग बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया। मोदी ने लूला के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, ''आज राष्ट्रपति द्वारा ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना न केवल मेरे लिए, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए भी अत्यंत गर्व और भावना का क्षण है।'' हम आपको बता दें कि मई 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें दिया गया यह 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का ब्रासीलिया के अल्वोराडा पैलेस में 114 घोड़ों की एक अनूठी परेड के साथ भव्य औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद, प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत भारत माता की जय के नारों से किया। मोदी ने वहां मौजूद लोगों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री का स्वागत संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी की ब्राजील यात्रा एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि उनका नेतृत्व केवल भाषणों या आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय रणनीति, साझेदारी और भारत के दीर्घकालिक हितों की ठोस पैरवी में भी प्रभावशाली है। आज जब विश्व एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, तो ऐसे में भारत का नेतृत्व एक ऐसे व्यक्ति के हाथों में है जो न केवल अपने देश के लिए सोचता है, बल्कि दुनिया के भविष्य को भी दिशा देने की क्षमता रखता है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक राजनयिक दौरा नहीं थी, बल्कि यह ग्लाबल साउथ की आवाज़ को संगठित करने और भारत की एक जिम्मेदार, भरोसेमंद भागीदार के रूप में छवि को और मजबूती देने की दिशा में एक ठोस कदम थी। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि भारत और ब्राजील के बीच बढ़ती निकटता न केवल दोनों देशों के नागरिकों को व्यावसायिक, तकनीकी और सांस्कृतिक लाभ देगी, बल्कि यह वैश्विक बहुध्रुवीय व्यवस्था को संतुलित करने में भी योगदान दे सकती है।

# आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का बढ़ता उपयोग चिन्ताजनक

**ललित गर्ग**

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है। इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुँच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनैशनल थर्ड पार्टी ट्रांजैक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है।




2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूज़र्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूज़र्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के ज़रिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है। लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीददारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिह्नित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। ये माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्ज़र्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। 'ग़ज़वा-ए-हिंद' जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं। भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चैनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें। एफएटीएफ का चेतावनी के स्वरों में यह भी कहना है कि यदि आतंक के गढ़ एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले इन देशों ने इन सिफारिशों पर अमल नहीं किया तो उन्हें 'हाई रिस्क जॉन' की सूची में डाला जा सकता है। भारत को इस डिजिटल आतंकी खतरे से निपटने के लिए सभी सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय से एक संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए-क्रिप्टो ट्रांजैक्शन की रियल-टाइम निगरानी, साइबर आतंकवाद पर विशेष फोर्स का गठन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आतंकी कंटेंट की पहचान और हटाने के लिए मजबूत कानून, डार्क वेब और फेक डोनेशन चैनलों की सतत निगरानी आदि कदम उठाने चाहिए।

# चुनाव आयोग का बिहार मॉडल

**कुमार कृष्णन**

बिहार चुनाव से पहले राहुल गांधी का चुनाव आयोग और भाजपा पर हमलावर होना और साथ ही बिहार बंद के वहाने विपक्ष का एकजुट होना, कहीं न कहीं एनडीए सरकार की नींद उड़ाने का काम कर रहा है, अब इंडिया गठबंधन। दरअसल देखा जाए तो राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से साफ साफ कह दिया है कि आयोग का काम भाजपा का काम करने का नहीं है, बल्कि संविधान की रक्षा करने का है और आयोग अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल गाधी ने कहा- मैं चुनाव आयोग मैं आपको साफ बोल रहा हूं। मैं बिहार और हिन्दुस्तान की जनता को स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों की वोट छीनने का तरीका है।बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के बुलाए बिहार बंद और चक्काजाम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पटना में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, पप्पू यादव समेत कई विपक्षी नेता शामिल रहे। इस मौके पर जहां विपक्ष ने अपनी एकजुटता दिखाई तो वहीं राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को घेरने का काम किया। राहुल ने साफ साफ चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा कि आयोग का काम भाजपा के लिए काम करना नहीं बल्कि संविधान के अनुसार चलने का है। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के मुद्दे पर बिहार बंद और चक्काजाम में राहुल गांधी ने शामिल होकर चुनाव आयोग और भाजपा को जमकर घेरा। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा ने चुनाव आयोग की सांठगांठ से चुनाव जीतने नहीं बल्कि चोर करने की कोशिश की और अब भाजपा उसी तर्ज पर बिहार का चुनाव भी चोरी करने की फिराक में है और हम ऐसा होने नहीं देंगे। मैं आपको साफ बताना चाहता हूं कि यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, लेकिन इनको पता नहीं है कि ये बिहार है और बिहार की जनता ऐसा कभी नहीं होनी देगी। इस कार्यक्रम के लिए पटना में महागठबंधन दल के सभी घटक दल के बड़े नेताओं का जुटान हुआ। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आयोजन में शामिल हुए। विपक्ष के सभी नेताओं ने आयकर गोलंबर से निर्वाचन आयोग कार्यालय तक मार्च किया । राहुल गांधी ने राजद, कांग्रेस, वाम दल और वीआइपी नेताओं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा, महाराष्ट के बाद अब बिहार में चुनाव आयोग हमारे मतदाताओं की चोरी कर रहा है। पहले इन्होंने महाराष्ट्र में जनादेश छीना अब बिहार की बारी है।इनका तरीका नया है मगर साजिश पुरानी है। जनता का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। महागठबंधन बिहार की जनता के साथ खड़ा है। लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन जीतकर आया। जबकि विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन बुरी तरह हार गया। उस समय हम लोगों ने कुछ नहीं कहा, लेकिन इस गंभीर विषय पर काम शुरू किया। हमने जांच की तो पता चला कि लोकसभा से ज्यादा मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में मतदान किया।आश्चर्यजनक ढंग से एक करोड़ वोट बढ़ गए। एक दिन में चार से पांच हजार वोट रजिस्टर हुए। गरीबों के वोट काटे गए। जब हमने चुनाव आयोग से कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट दीजिए, तब चुनाव आयोग ने एक शब्द नहीं कहा। राहुल गांधी बोले कि हमने चुनाव आयोग से कहा कि कानून कहता है कि हमें वोटर लिस्ट दी जाए, लेकिन आज तक महाराष्ट की वोटर लिस्ट हमें नहीं मिली। वे सच्चाई छिपाना चाहते हैं। यही खेल वे बिहार में भी करना चाहते हैं। मैं बिहार की जनता से कहता हूं कि जैसे महाराष्ट का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार चुनाव भी चोरी करने की कोशिश की जा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला भारत बंद को मोदी सरकार के खिलाफ 'जनआक्रोश' करार दिया। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। इस क्रम में विपक्ष ने बिहार बंद के जरिये अपनी लड़ाई को सड़क तक पहुंचा दिया है। चुनाव आयोग के इस कदम को लेकर राहुल गांधी के साथ ही तेजस्वी यादव भी बिहार बंद शामिल हो गए हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने अनुच्छेद 326 को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया है।

# संत मधुवनदास महाराज की समाधि पर हुआ पूजन, श्रद्धालुओं ने गुरुओं से लिया आशीर्वाद

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में पंचकुंडीय महायज्ञ



**श्योपुर ।** गुरुवार को आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिलेभर में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिरों, आश्रमों और शिक्षण संस्थानों में भक्ति और आस्था से ओतप्रोत धार्मिक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गुरुओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया। मधुवन आश्रम में संत मधुवनदास महाराज की समाधि पर वैदिक विधियों से पूजन और हवन किया गया। इसके बाद मधुवन सेवा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। राम जानकी मंदिर में महंत रामभरोसे महाराज के शिष्यों ने गुरुपूजन किया। वहीं जाटखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर में महंत लखन दास त्यागी के सान्निध्य में न्यास मंडल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ पर पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें दीक्षा, नामकरण, यज्ञोपवीत और पुंसवन जैसे वैदिक संस्कार विधिपूर्वक कराए गए। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद पाया। चंद्रपुरा ग्राम में राधावल्लभ संप्रदाय के अनुयायियों ने रात्रि जागरण से शुरू होकर दोपहर तक गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया। यहां श्री ललिता चरण जी गोस्वामी के चित्र पर चरण पूजन हुआ और राडेप एवं मालीपुरा की भजन मंडलियों ने मधुर गुरु भजनों की प्रस्तुति दी।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उल्लास से मना गुरु पूर्णिमा दिवस



**दतिया।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर विद्यार्थियों के ज्ञान अर्जन की दृष्टि से शासकीय पीजी कॉलेज दतिया में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम संपन्न कराये गये। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृत के रिटायर्ड प्राध्यापक एवं जाने-माने शिक्षाविद् डॉ. आरपी गुप्ता रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आरपी नीखरा सेवानिवृत्त प्राध्यापक, पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी राधाबल्लभ मिश्रा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रशीद खान एवं राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री त्रिवेदी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीआर राहुल ने की। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा गुरु पूर्णिमा उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित परंपरा है जिन्होंने कर्म योग पर आधारित व्यक्तित्व विकास को प्रबुद्ध करने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया है। गुरु शिष्य परंपरा हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है गुरु की गुरुता प्रथम आचरण है तभी शिष्य अपने कर्तव्य का पालन करेंगे। इस दौरान डॉ. नीखरा ने कहा कि इस गुरु पूर्णिमा पर्व पर अपने जीवन पर विचार करें और जीवन द्वारा दी गई बुद्धि का सम्मान करें यह कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। प्राचार्य डॉ. राहुल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि हमारे धर्म ग्रंथो में कहा गया है कि गुरु का वास्तविक अर्थ है अपने शिष्य के अज्ञान को हरा कर ज्ञान की ओर ले जाने वाले को गुरु कहते हैं। उन्होंने कहा गुरु शिष्य की परंपराओं को स्मरण करने के लिए गुरु पूर्णिमा का महापर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा का अर्थ है ज्ञान के स्रोत का सम्मान करना और उसका उत्सव मनाना। डॉ. जयश्री त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. आरपी गुप्ता का शॉल श्रीफल के साथ सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. आरपी नीखरा को प्रो. संजय श्रीवास्तव, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राधाबल्लभ मिश्रा को प्रो. सुधीर कुमार पांडे, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रशीद खान को प्रो. अभय राहुल ने शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

## आम सूचना

**आवासीय प्लाट नं. 51, जिसका क्षेत्रफल 243.38 वर्गमीटर है जो कि ''स्काटिष गार्डन'' ग्राम नेवरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध मे**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार षिवकेष सिंह भदौरिया पुत्र श्री षिवपाल सिंह भदौरिया द्वारा श्री प्रहलाद दास गोयल पुत्र स्व.श्री रामनारायण गोयल के स्वत्व, स्वामित्व का आवासीय प्लाट नं. 51, जिसका क्षेत्रफल 243.38 वर्गमीटर है जो कि ''स्काटिष गार्डन'' ग्राम नेवरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल को क्रय किया जा रहा है उक्त संपत्ति को श्री प्रहलाद दास गोयल द्वारा मुख्तार आम श्री अंचित गोयल ने श्री सुरेष कुमार तलरेजा पुत्र स्व.टी.आर.तलरेजा एवं श्रीमति कोमल तलरेजा पत्नि श्री सुरेष कुमार तलरेजा से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है जिसके पंजीयन का इंद्राज उप पंजीयक कार्यालय भोपाल मे ई-पंजीयन संख्या MP059692023A11429173, दिनांक 01.02.2023 मे दर्ज है एवं श्री सुरेष कुमार तलरेजा पुत्र स्व.टी.आर.तलरेजा एवं श्रीमति कोमल तलरेजा पत्नि श्री सुरेष कुमार तलरेजा ने उपरोक्त संपत्ति को श्री प्रहलाद दास गोयल एवं श्रीमति ओमवती गोयल द्वारा मुख्तारआम श्री अषोक गोयल एवं पंचसेवा ग्रह निर्माण सहकारी समीति मर्यादित भोपाल द्वारा श्री अषोक गोयल एवं निहो कन्स्ट्रक्षन कंपनी द्वारा दीवान सिंह चौहान से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है जिसके पंजीयन का इंद्राज उप पंजीयक कार्यालय भोपाल मे ग्रंथ क्रमांक 32083, दस्तावेज क्रमांक 8/2884, दिनांक 19.11.2009 मे दर्ज हैजो कि उपरोक्त संपत्ति की प्रथम लिंक डीड हैउक्त उक्त संपत्ति की मूल डीड दिनांक 19.11.2009 का अंतिम प्रष्ट (जिस पर ग्रंथ नं., दस्तावेज नं., पंजीयन दिनांक होती है) कही गुम हो गया है तथा काफी प्रयास करने के उपरांत भी नही मिल रही है उक्त संपत्ति विक्रय पत्र दिनांक 19.11.2009 का अंतिम प्रष्ट, जिस किसी को मिले वह मेरे कार्यालय मे उक्त दस्तावेज को प्रस्तुत करें एवं उक्त संपत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाषन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे मय दस्तावेजो के आपत्ति प्रस्तुत करे। एवं उपरोक्त गुम दस्तावेज का कोई भी दुरूपयोग ना करें। निर्धारित समय वीतने के उपरांत कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नही किये जायेंगें।

ROHIT YADAV ADVOCATE
Office :- 56, C.I. Enclave chunabhatti, Kolar road Bhopal (MP) 462016 Mob. 9993020804

# 40 मरीज हुए चिन्हित जिनका उपचार पूर्ण किया, पूरे नगर में स्वास्थ्य अमला करेगा सर्वे

## खिलचीपुर में स्वास्थ्य अमला तैनात



**समय जगत खिलचीपुर संवाददाता।** नगर में उल्टी एवं दस्त के मरीजों की जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने गुरूवार को जिला स्तरीय डॉक?टरों का एक दल गठित कर खिलचीपुर पहुंचा दिया है। दल प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल ने खिलचीपुर अस्पताल पहुंचकर मरीजों की जानकारी प्राप्त की। डॉ. पटेल के अनुसार अस्पताल में पिछले एक हफ्ते में 40 मरीज उल्टी और दस्त की बीमारियों के भर्ती हुए थे। जिनका उपचार कर दिया गया और अब सभी मरीज स्वस्थ्य हैं। इसके अलावा अस्पताल में पर्याप्त दवाईयों की व्यवस्था बनाई गई है और लेबोरेटरी को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने बताया कि हालात काबू में है और कोई गंभीर मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं है, न ही रिफर किया गया। जितने भी मरीज अस्पताल आए थे उनकी जानकारी लेने पर पता चला कि कहीं न कहीं दूषित पेयजल के उपयोग से उक्त घटना हुई है। इस संबंध में पीएचई के अधिकारियों, नगरपालिका सीएमओ एवं अन?य संबंधित अधिकारियों द्वारा समस्त पेयजल सप्लाई चैक किए गए एवं फूड सेफ्टी ऑफिसर द्वारा वाटर प?लांट्स से सेंपल लिए गए हैं। अस्पताल के समस्त स्टॉफ को 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, समस्त अवकाश निरस्त कर दिए हैं।

## Name Change

Before Marriage My name was SAKSHI SAXENA D/O RAVI PRAKASH SAXENA. Written in My 10th class Marksheet. After Marriage My new name is now known as SHRADDHA SINGH PARIHAR W/O MRIGENDRA SINGH PARIHAR. Resident C-501, Signature 99, Shirdipuram Kolar road, Bhopal (M.P.) 462042

## Name Change

My old name was RAGHUVEER PRATAP SINGH PARIHAR S/O MRIGENDRA P. SINGH PARIHAR. Written in My Marksheet. I have changed my name. My new & Correct name is now known as RAGHUVEER PRATAP SINGH S/O MRIGENDRA SINGH PARIHAR. Resident C-501, Signature 99, Shirdipuram Kolar road Bhopal (M.P.) 462042

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

लहारपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड /भवन क्रमांक एल.आई.जी.-I/98 मण्डल द्वारा श्रीमती पूनम गुजियाल पत्नी श्री प्रकाश सिंह के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 145 दिनांक 15/01/2008 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16/11/2007 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन परिचय पत्र शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपति श्री सुशील दुबे आत्मज श्री श्याम बाबू दुबे एवं श्रीमती दीपा दुबे पत्नी श्री सुशील दुबे के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपति का विक्रय विलेख दिनांक 23/04/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री सुशील दुबे आत्मज श्री श्याम बाबू दुबे एवं श्रीमती दीपा दुबे पत्नी श्री सुशील दुबे के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक एच.आई.जी. II 483 मण्डल द्वारा श्री रवि अवस्थी आत्मज श्री प्रकाश नारायण अवस्थी एवं श्रीमती रश्मि अवस्थी पत्नी श्री रवि अवस्थी के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण आदेश क. 2010-15 दिनांक 18/10/2006 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 14/10/2005 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। हस्तान्तरी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 16/05/2024 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं गण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री मनोज कुमार चौरसिया आत्मज श्री जय प्रकाश चौरसिया एवं श्रीमती नेहा चौरसिया पत्नी श्री मनोज कुमार चौरसिया के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विकय विलेख दिनांक 01/07/2024 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री मनोज कुमार चौरसिया आत्मज श्री जय प्रकाश चौरसिया एवं श्रीमती नेहा चौरसिया पत्नी श्री मनोज कुमार चौरसिया के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम –बसूरबावरी
प0ह0नं0 21
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा मसूरबावरी तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म0प्र0 द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा – मसूरबावरी प0ह0नं0 21 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 31 रकवा 1.10 हे0 मे से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

## आम - सूचना का निरस्तीकरण

**दिनांक-16/06/2025 को दैनिक भास्कर में ग्राम - देहरी नीमखेड़ा, तहसील - गौहरगंज जिला - रायसेन म0प्र0 के संबंध में प्रकाशित आम !! सूचना का निरस्तीकरण !!**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार भूमिस्वमी श्री संजय कुमार अग्रवाल आत्मज श्री गोविन्द प्रसाद अग्रवाल निवासी - वार्ड नं. 08, नेहरू वार्ड, चांदमेटा, चिखली कलां, चांदमेटा, छिन्दवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा (म0प्र0) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम - देहरी - नीमखेड़ा, पटवारी हल्का नम्बर - 15 / 30, राजस्व निरीक्षक मंडल - गौहरगंज, विकास खंड - औबेदुल्लागंज, तहसील-गौहरगंज, जिला - रायसेन (म.प्र.) में स्थित है, जिसका भूमि खसरा नम्बर 159 / 6/1 रकबा 0.4050 हेक्टेयर, खसरा नम्बर - 160/6/2 रकबा 0.4050 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर-160/5/2 रकबा 0.4050 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर - 159 / 5 / 2 / 2 रकबा 0.4500 हेक्टेयर इस कुल रकबा 4.30 एकड़ अर्थात 1.74015 हेक्टेयर भूमि है को श्री निधीश सिंह आत्मज श्री आर. के. सिंह निवासी - 2 / 101 विकांत रायसेन रोड, अप्सरा सिनेमा के पास, शालीमार स्टलिंग, भोपाल जिला - भोपाल (म0प्र0) ने क्रय करने के संबंध में दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में दिनांक - 18/06/ 2025 (लगभग) को आम सूचना का प्रकाशन किया गया था, उक्त विक्रय सोदा आपसी सहमति से सौदा निरस्त कर समस्त संव्यवहार (लेन-देन) समाप्त कर दिया गया है, और अब किसी भी प्रकार का लेना-देना शेष नहीं रहा है, जिसका सौदा निरस्तीकरण इस आम सूचना पत्र के माध्यम से किया जा रहा है इस सूचना पत्र के पश्चात् मेरे पक्षकार / भूमिस्वामी द्वारा उक्त भूमि को किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था आदि को विक्रय विक्रय अनुबंध पत्र, दान, बंधक, गिरवी, हस्तान्तरण आदि करने के लिये पूर्णतः स्वतंत्र है।

भवदीय
विनोद साहू (एडवोकेट)
कार्यलय साहू लॉ चेम्बर बिजली घर के पास, शासकीय पशु चिकित्सालय के ठीक सामने गौहरगंज रोड, औबेदुल्लागंज, जिला - रायसेन (म0प्र0) मोबाईल नम्बर- 9993059594

## न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त - 2 गोविन्दपुरा, भोपाल

**आम सूचना**

प्रकरण क्रमांक 346/अ-6/2025-26

आवेदिका - श्रीमति मंगला जैन पत्नि श्री सुभाष जैन निवासी - 614, शक्ति नगर मदन महल जबलपुर म.प्र. द्वारा स्थित भूमि ग्राम - भानपुर खसरा क्रमांक 8/2, 8 / 1 / 2क के अंशभाग मे से रकबा 1800 वर्गफिट भूमि का डिकी के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने की दिनांक से 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में अपत्ति प्रस्तुत ना करने की दशा में या बाद में की गयी आपत्ति पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा। उदघोषणा न्यायालय की मुद्रा में मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार नजूल वृत्त - 2
गोविन्दपुरा, भोपाल

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम प्रेम बाई पुत्री श्री पन्नालाल पत्नि श्री गणेश आयु–वयस्क निवासी–ग्राम खेरी टप्पा आंकलपुर वार्ड नं–19 तहसील – गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. 464993 है। मेरे परिवार की कृषि भूमि की ऋण पुस्तिका एवं खसरा खतौनी में मेरा नाम प्रेम बाई पुत्री पन्नालाल दर्ज है। वोटर आई. डी. कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं पैन कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम गंगाबाई लिखा गया है जो कि गलत है। मैं अपने सही नाम प्रेम बाई पुत्री श्री पन्नालाल पत्नि श्री गणेश आयु–वयस्क निवासी–ग्राम खेरी टप्पा आंकलपुर वार्ड नं–19 तहसील–गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. के नाम से ही जानी एवं पहचानी जाती हूँ।

**प्रेम बाई पुत्री श्री पन्नालाल पत्नि श्री गणेश आयु-वयस्क निवासी-ग्राम खेरी टप्पा आंकलपुर वार्ड नं. 19 तहसील - गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. 464993**

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

## न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0666/अ-3/24-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्व व्यक्ति दिनांक 23/07/2025 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 6/1, 6/2/1, 6/2/2 क्षेत्रफल 162/2 वर्गमीटर, उस व्यक्ति विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) राहिल अख्तर/जाहिद अख्तर

आज दिनांक 9/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

## कार्यालय, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला भोपाल

(योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
पता- 35, राजीव गांधी भवन-2, श्यामला हिल्स जिला भोपाल
फोन नं. 0755-4044097, E-Mail–bpl_dcjap@rediffmail.com, dcjapbho@mp.gov.in

क्र. 157/लेखा/ज.अ.प./2025 — भोपाल दिनांक 10/07/2025

**निविदा–विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित की जानकारी के लिये यह विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है कि कार्यालय **म.प्र. जन अभियान परिषद जिला भोपाल, (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)**, में फील्ड भ्रमण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु शासन द्वारा निर्धारित किए जाने वाले मासिक किराये पर 01 चार पहिया वाहन की आवश्यकता है। इस हेतु इच्छुक ट्रेवल्स एजेंसीज से निविदा आमंत्रित है। नवीन वाहनों को प्राथमिकता दी जावेगी। इच्छुक निविदादाता से 10000/– रुपये की प्रतिभूति राशि बैंक गांरटी/सावधि जमा के रूप में स्वीकार्य होगी। निविदा दिनांक 18/07/2025 को अपरान्ह 01 बजें तक इस कार्यालय में जमा की जा सकेगी।

**(कोकिला चतुर्वेदी)**
**जिला समन्वयक**
**म.प्र. जन अभियान परिषद्**
**जिला भोपाल (म.प्र.)**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.) 457001

क्रमांक 249 / स्टोर / 2025 — रतलाम, दिनांक 07/07/25

**प्रथम निविदा आमंत्रण**

नगर पालिक निगम, रतलाम द्वारा mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | ई निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये में) | कार्य हेतु निर्धारित धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | नगर पालिक निगम, रतलाम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वच्छ भारत मिशन, जनसम्पर्क विभाग एवं समय–समय पर शासन से प्राप्त होने वाले निर्देशो के क्रम में नगर के विभिन्न स्थानो पर विभिन्न साईजों में फ्लेक्स बैनर एवं होर्डिंग बनाने मय डिजाईनिंग, स्टेंडी एवं स्थल पर उनकी स्थापना तथा संलग्न सूची अनुसार सामग्री प्रदाय करने संबंधी कार्य। (कार्य की दरें फ्रेम सहित एवं फ्रेम रहित पृथक–पृथक रूप से रूपये प्रति वर्गफीट एवं अन्य कार्य जैसे टी–शर्ट प्रदाय एवं प्रिंटिंग, केप प्रदाय एवं प्रिंटिंग, आईडी कार्ड एवं रंगीन कलर स्टिकर आदि की दर प्रति नग के आधार पर प्रस्तुत करनी होगी।) | 40,00,000/– | 50,000/– | 5,000/– | कार्यादेश दिनांक से 1 वर्ष |

उपायुक्त एवं स्टोर प्रभारी
नगर पालिका निगम रतलाम

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम – देवगुवां
प0ह0नं0 25
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा देवगुवां तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म0प्र0 द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा– देवगुवां पह0नं0 25 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 102 / 400 रकवा 0.50 ह0 में से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम – बहेरिया
प0ह0नं0 22
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा बहेरिया तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर मश्प्रश द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा– बहेरिया प0ह0नं0 22 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 69 रकवा 0.51 हे0 मे से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम –जमुनिया पंडित
प0ह0नं0 27
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा जमुनिया पंडित तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म0प्र0 द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा– जमुनिया पंडित प0ह0नं0 27 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 94/2 रकवा 0.10 हे0 मे से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम –फुलर
प0ह0नं0 30
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा फुलर तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म0प्र0 द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा – फुलर प0ह0नं0 30 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 59 / 1 रकवा 5.85 हे0 मे से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम –नंदना
प0ह0नं0 22
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा नंदना तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म0प्र0 द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा– नंदना प0ह0नं0 22 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 32 रकवा 1.62 हे0 मे से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम –सुना
प0ह0नं052
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा सुना तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म0प्र0 द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा – सुना प0ह0नं0 52 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 250 रकवा 0.89 हे0 मे से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम –सरखेड़ा
प0ह0नं0 45
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा सरखेडा तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म0प्र0 द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा– सरखेडा प0ह0नं0 45 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 274 / 1 मे से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

## न्यायालय तहसीलदार देवरी तहसील देवरी जिला सागर म0प्र0

क0 / रीतह0 / 2025
देवरी दिनांक 30/06/2025
रा0प्र0क0.../..... वर्ष 2025 / 26
ग्राम का नाम –डोंगरसलैया
प0ह0नं0 36
रा0नि0मं0 –देवरी

**इश्तहार**

आम जनता मौजा डोंगरसलैया तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म0प्र0 द्वारा देवरी – केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा– डोंगरसलैया प0ह0नं0 36 रा0नि0मं0 देवरी तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 598 / 1 रकवा 0.81 हे0 मे से रकवा 0.09 हे0 भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 14/07/25 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30/6/25 जारी किया गया।

तहसीलदार
देवरी जिला सागर

# पुलिस अधीक्षक ने किया घटना स्थल को निरीक्षण थाना प्रभारी को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**समय जगत, सुठालिया ।** नगर के एक सर्राफा व्यवसाई के यहां मंगलवार रात्रि को एक दर्जन हथियार बंद बदमाशो ने शटर का ताला काटकर चोरी का प्रयास किया लेकिन आसपास के लोगों के जागने पर सभी भाग निकले घटना से लोगो में दहशत का माहोल बना गया और भय व्याप्त हो गया । वही बुधवार देर रात्रि ग्यारह बजे जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया व थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए व्यापारीयो ने घटना का ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा और अपराधियों को अबिलंब पकड़ने की मांग की है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।



**क्या हे पूरा मामला :** प्राप्त जानकारी के अनुसार गढी मोहल्ला स्थित वार्ड क्रमांक 9 के सर्राफा व्यवसाई करण पिता श्री प्रकाश सोनी ने थाने में शिकायत की हे कि मंगलवार रात्रि को लगभग 3 बजे एक दर्जन अज्ञात हथियार बन्द बदमाशो ने मेरे मकान में जिसमें में नीचे मेरी ज्वैलरी की दुकान है जिसकी शटर के ताले को कटर मशीन काटकर शटर तोड़ने का प्रयास किया। वारदात के समय मोहल्ले में कुत्ते भोंकने की आवाज से आसपास मकानों में लोग जाग गए और उन्होंने मुझे फोन करके जानकारी दी कि मेरे घर की शटर कुछ लोग तोड़ रहे हैं। मैं जब नीचे उतरकर अपनी शटर खोलने लगा तो मुझे उसका ताला चटका हुआ मिला ।इतने समय में सभी अपराधी वहां से भाग गए। मेरी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी बदमाशो ने नुकसान पहुंचाया जिससे यह वारदात केमरो में केद नहीं हो सकी हालाकि बदमाशो के आने की फुटेज सीसी टीवी में कैद हो गई वही समीप ही एक अन्य व्यापारी के केमरा में अपराधियों की आवाजाही देखी गई।

# पढ़ाई करो, आगे बढ़ो और समाज का नाम करो रोशन : डॉ. पाटिल



**समय जगत,हरदा।** डिग्री कॉलेज हरदा में गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ आर के पाटिल,महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ गिरीश सिंहल,प्राचार्य डॉ अभिलाषा सिंहल,उप प्राचार्य गणेश श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर गुरु पूर्णिमा उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.आर.के.पाटिल का सम्मान शाल श्रीफल,स्मृति चिन्ह देकर किया गया।डॉ पाटिल द्वारा उनके जीवन में प्रेरक बातों को विद्यार्थियों को सुनाया गया, महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. गिरीश सिंहल द्वारा गुरु,संत,परंपरा पर प्रकाश डाला गया, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अभिलाषा सिंहल द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में आगे बढ़कर समाज में नाम बढ़ाने की बात कही, इस अवसर पर कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक सत्येंद्र सिंह परिहार,डॉ.सोनिया मोढ़,डॉ मनोरमा चौहान,एनसीसी अधिकारी ले.कपिल कुमार दुबे सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री के आतिथ्य में आयोजित राज्यस्तरीय गुरु पूर्णिमा उत्सव का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु पूर्णिमा पर बोड़ा में साईं बाबा भंडारे का हुआ आयोजन श्रद्धालुओं ने लिया प्रसादी का लाभ



**ओमप्रकाश राठौर- बोड़ा ।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर बोड़ा में शिक्षक सचिन भांनेरिया द्वारा साईं बाबा के भंडारे का भव्य आयोजन किया गया । इस धार्मिक आयोजन में नगरवासियों ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भाग लिया । कार्यक्रम की शुरुआत साईं बाबा की महा आरती से हुई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को महा प्रसादी वितरित की गई । भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया और सेवा का लाभ लिया । इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने शिक्षक सचिन भांनेरिया के सेवा कार्यों की सराहना की और साईं बाबा की कृपा सभी पर बनी रहे, ऐसी कामना की । कार्यक्रम शांति और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ ।

### उप स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



**समय जगत, माचलपुर ।** समीपगांव ब्राह्मणगांव में स्वर्गीय श्री रोडमल जी दांगी ( रामायण पाठक ) की स्मृति में परिवार द्वारा विशाल रक्तदान शिविर और नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें 43 यूनिट रक्तदान हुआ साथ ही 200 लोगों का बीपी जांच की जांच की गई जिसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ सुनील चौरसिया एवं उनकी टीम और उप स्वास्थ्य केंद्र ब्राह्मण गांव के प्रभारी ष्ट्वश्यशवंतसिंह का विशेष योगदान रहा । ब्लड का संग्रह जिला राजगढ़ अस्पताल की टीम द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा किया गया कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी पूर्व ऊर्जामंत्री प्रियव्रत सिंह खींची, दांगी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रवि दांगी व गांव के युवाजन सम्मिलित हुए ।

### भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरु शिष्य के महत्व पर व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

**समय जगत,हरदा ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यादायनी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई । इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था महाविद्यालय में की गई ।ऑनलाइन प्रसारण कार्यक्रम के उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित गुरुजनों का तिलक लगाकर सम्मानित किया गया और भारतीय ज्ञान परंपरा की परिप्रेक्ष्य में गुरु शिष्य परंपरा के महत्व, विषय पर व्याख्यान माला आयोजित की गई । जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता बिले ने गुरु शिष्य परंपरा विषय और भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की और विद्यार्थियों को गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को हमेशा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# ग्राम मांडवा में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणनों से विभिन्न योजनाओं के बारे में की चर्चा

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने बुधवार को नेपानगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने पांधार नदी स्थित सीतानहानी (पर्यटन स्थल) का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्कक दिशा-निर्देश दिये। इसके बाद कलेक्टर ने वन विभाग द्वारा बनाई गयी फॉरेस्ट नर्सरी का अवलोकन किया तथा वृक्षारोपण संबंधी निर्देश दिये। वहीं कलेक्टर श्री सिंह ने पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा निर्माणाधीन कार्य मांडवा-सागफाटा सड़क का भी निरीक्षण किया। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी नेपानगर एवं कार्यालय तहसीलदार नेपानगर का निरीक्षण किया। वहीं सामुदायिक केन्द्र नेपानगर में व्यस्थाओं अवलोकन करते हुए संबंधितों को दिशा-निर्देश दिये गये।



**ग्रामीणजनों से की चर्चा:** इसी कड़ी में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ग्राम मांडवा के ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम मांडवा में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणजनों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामवासियों से सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड, ई-केवायसी, पानी की समस्याएं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा किसानों से संबंधित योजनाओं आदि के बारे में पूछताछ की। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु भी प्रेरित किया।

**स्कूली विद्यार्थियों से पढ़ाया पाठ :** भ्रमण की श्रृंखला में कलेक्टर श्री सिंह ने हाईस्कूल मांडवा का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षक बनकर स्कूली छात्र-छात्राओं को पाठ पढ़ाया और उनसे बातचीत की। बच्चों से सवाल-जवाब किये। कलेक्टर उन्हें विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी दी और लगन से शिक्षा प्राप्त कर भविष्य में सफल होने के लिए प्रेरित किया।

# नगर पालिका कर्मचारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश, 250 कर्मचारियों को बांटी गईं बरसाती



**इटारसी।** आगामी भारी वर्षा की संभावनाओं को देखते हुए, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सीएमओ श्रीमती ऋतु मेहरा ने आज नगर पालिका के 250 कर्मचारियों को बरसात से बचाव के लिए बरसाती वितरित कीं। इस दौरान, उन्होंने सभी कर्मचारियों को बरसात भर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के सख्त निर्देश दिए और स्वच्छता विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कर्मचारियों से कहा कि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें और जनता को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करें। सीएमओ ने कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीएमओ इटारसी ऋतु मेहरा ने कहा कि सभी को बरसाती शासन इसलिए प्रदान करता है ताकि कर्मचारी बारिश में भींगे नहीं और बरसात में काम भी प्रभावित न हो।

बरसाती वितरण के दौरान विभाग के प्रभारी मयंक अरोरा, कमलकांत बड़गोती, जगदीश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

# गुरू पूर्णिमा के अवसर पर ब्यौहारी में स्कूली विद्यार्थियों को वितरित की गई साइकिलें

## साइकिल मिलने से विद्यार्थियों को घर से स्कूल पहुंचने में होगी आसानी

**समय जगत, शहडोल ।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पूरे प्रदेश की तरह शहडोल जिले में भी स्कूली विद्यार्थियो को साइकिलें वितरित की गई। ब्यौहारी के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी के विद्यार्थियो को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियो को अपने सपनो की उड़ान भरने के लिए अनेको सुविधाएं दी जा रही है। इसी श्रृखला में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियो को विद्यालय पहुंचने में किसी भी तरह की परेशानी न हो को दृष्टिगत रखते हुए साइकिलो का वितरण किया जा रहा है, इससे विद्यार्थियो को अपनी शिक्षा को सुगम बनाने का



अवसर मिल रहा है। आपने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विद्यार्थियो के लिए अनेको योजनाएं संचालित की जा रही है। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, साइकिले, 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियो को लैपटॉप, स्कूल में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को स्कूटी उपलब्ध कराई जा रही है। आपने कहा कि बच्चे खूब पढ़े और आगे बढ़े अपने सपनो को साकार करें। मध्यप्रदेश तथा देश का नाम दुनिया भर में रोशन करें।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्ण राजन गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकली पटेल सहित विद्यालय के प्राचार्य, बीआरसीसी, समाजसेवी, सहित विद्यार्थी उपस्थित थें।

## धरती आबा के तहत ग्राम पंचायत तेंदुहा में आयोजित किया गया शिविर

**शहडोल ।** धरती आबा जागरुकता एवं लाभ संतृप्ति कैम्प जिले अर्न्तगत चिन्हित ग्रामों में तिथिवार निरंतर जारी है । धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शहडोल जिले के ब्यौहारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुहा में धरती आबा कैम्प का आयोजन किया गया । कैम्प में आधार अपडेशन कार्य, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जनधन खाता, समग्र ई-केवाईसी, किसान सम्मान निधि, मातृ वंदना योजना आदि की जानकारी से लोगो को अवगत कराया गया । धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित शिविर में आए लोगो के आयुष्मान काड़, जाति प्रमाण पत्र, विधवा पेंषन सहित अन्य योजनाओ से संबंधित आवेदन लिए गए व यथा संभव निराकरण किया गया । शिविर में संबधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच शिक्षकगण, आगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकता, ए.एन.एम. सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।



## शासकीय आदर्श महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**समय जगत,हरदा ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय मे प्रभारी प्राचार्य रुमाल सिह पटेल की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया । कार्यक्रम का संचालन सुश्री भारती चंदेल के द्वारा किया गया जिसमे प्राचार्य रुमाल सिह पटेल द्वारा गुरु शिष्य परंपरा के महत्व के बारे मे बताया गया ।विद्यार्थियों द्वारा गुरुजनों को तिलक एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया । भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत गुरु शिष्य परंपरा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमे भाषण प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान मंजु उईके एवं द्वितीय स्थान पलक इंदौरे एवं प्रिया पचोरे व प्रीति द्वारा कविता पाठ किया गया ।शासकीय आदर्श महाविद्यालय मे भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम की संयोजक डॉ अनिता बिरला एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से सफलतम सम्पन्न हुआ ।

# सिलवानी-सागर स्टेट हाईवे 15 पर भीषण हादसा ट्रक और पिकअप की टक्कर में 1 गंभीर घायल



**सिलवानी।** सागर से सिलवानी को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे-15 पर सियारमऊ घाटी एक बार फिर भीषण सड़क हादसे का गवाह बनी। गुरुवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें पिकअप चालक प्रशांत जैन (उम्र 37 वर्ष), निवासी ग्राम गेहूंरस, तहसील जैसीनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं वाहन में सवार रामू ठाकुर (उम्र 19 वर्ष), पिता विजय ठाकुर को मामूली चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब पिकअप वाहन के ब्रेक अचानक फेल हो गए और वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया। सियारमऊ घाटी पर जैसे ही मोड़ आया सामने से आ रहे ट्रक नं. स्च्क्ष 5॥ 0907 से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप नं. स्च्क्ष 5त्र 6493 के अगले हिस्से में ड्राइवर फंस गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद प्रशांत जैन को बाहर निकाला गया। दोनों घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से सिलवानी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया।इस सड़क पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर नागरिकों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने रायसेन कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा से मांग की है कि सियारमऊ घाटी पर स्थित इस खतरनाक सड़क को सीधा और सुरक्षित बनाया जाए ताकि बार बार जानलेवा दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। पिकअप चालक प्रशांत जैन ने अस्पताल में बताया हम गेहूंरस से सिलवानी आ रहे थे। अचानक ब्रेक फेल हो गए और घाट के मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक से एक्सीडेंट हो गई। मेरे सिर में गहरी चोट लगी है।

## बेटमा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व



**सुनील मेघाया - समय जगत,बेटमा ।** नगर के बेटमा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बेटमा में गुरुपूर्णिमा पर्व विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया 7 इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने जीवन में गुरु के महत्व को बताते हुए विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त कियाद्य इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को बताया की उनके जीवन में प्रथम गुरु उनके माता पिता होते है द्य इसलिए हमको और आपको अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए , उनकी बात हमेशा मानना चाहिए क्योंकि उनका स्थान जीवन में प्रथम है । इन्हीं अच्छी बाते को बताते हुए कार्यक्रम का समापन संस्था संचालक मो. अमीन खान सर के द्वारा किया गया एवं आभार सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने माना ।

# सचिव संघ ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**समय जगत खिरकिया ।** ग्राम पंचायत पड़वा में निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के द्वारा जनपद पंचायत निधी से स्वीकृत पुलिया निर्माण किया जा रहा है जिस पर ग्राम के ग्रामीण देवेन्द्र राजपूत द्वारा कार्य को रोक दिया गया है तथा शेष कार्य पूर्ण नहीं करने दिया जा रहा है जिससे ग्राम में लगभग 25 से 30 परिवारों का आवागमन अवरूद्ध हो गया है जिसके संबंध में निर्माण एजेंसी द्वारा संबंधित व्यक्ति से चर्चा की गई तो उनके द्वारा सरपंच सचिव एवं सहायक सचिव से अभद्रता करते हुए अपने अधिवक्ता होने का भय बताते हुए झुठे केस मे प्रकरण दर्ज करवाने की धमकी दी गई है। उक्त संबंधीत व्यक्ति ने महिला जनप्रतिनिधि आदिवासी सरपंच को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि मैं तेरी सरपंची खा जाऊंगा एवं सहायक सचिव द्वारा बीच बचाव करने पर उसको भी धोस धमकी देते हुए कहा कि मै वकील हु तुझे ऐसे प्रकरण मे फसाऊंगा की तेरी जमानत नही होने दूंगा एवं तुझे नौकरी करने लायक नहीं छोड़ा। संघ ने संबंधित व्यक्ति देवेन्द्र राजपूत द्वारा पूर्व में भी सूचना का अधिकार का दुरूपयोग करते हुए सचिव सहायक सचिव से 20 हजार रूपये की मांग की गई जिसे मना करने पर वह शासकीय कार्यों में अड़ंगा लगाकर सहायक सचिव के विरूध्द निराधार एवं झूटी शिकायत की गई है। उन्होंने मांग की है कि शिकायतकर्ता के विरूध्द कार्यवाही करते हुए उचित कार्यवाही की जावे एवं सहायक सचिव के विरूध्द की गई झुठी शिकायत को निरस्त किया जावें अन्यथा की स्थिति में संयुक्त संघठन द्वारा समस्त पंचायतों में काम-काज बंद करते हुए धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेंदारी शासन प्रशासन की होगी इस दौरान सचिव संघ मौजूद था ।

# वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रमोद भार्गव ने किया समय जगत के जिला कार्यालय का उद्घाटन

**शिवपुरी।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शिवपुरी शहर के गुना बाईपास रोड पर पुराने मनियर टोल टैक्स के पास समय जगत समाचार पत्र के जिला कार्यालय का भव्य शुभारंभ हुआ। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रमोद भार्गव ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार बीरेंद्र भुल्ले,संजय बेचैन,अशोक अग्रवाल,नेपाल सिंह बघेल,मुकेश शिवहरे,देवेंद्र समाधिया,आशीष भटनागर,नासिर खान,विकास दंडोतिया,नीरज छोटू,राजाबाबू बाथम आदि पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रमोद भार्गव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की।समय जगत समाचार पत्र के जिला ब्यूरो प्रमुख लक्ष्मण सिंह रावत और सिटी रिपोर्टर नासिर खान ने अतिथियों का फूल





माला पहन कर स्वागत किया एवं उनसे फीताकाटकर कार्यालय उद्घाटन का आग्रह किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद ब्यूरो प्रमुख लक्षण सिंह रावत ने धार्मिक पताकाएं भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार और लेखक प्रमोद भार्गव ने मध्य प्रदेश में समय जगत समाचार पत्र के बढ़ते कदम की सराहना की। उन्होने अपनी शुभकामनायें देते हुये कहा कि गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शिवपुरी में इस अखबार के कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। गुरुदेव की भांति पत्रकार भी इस देश और समाज निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होने कहा कि समय जगत समाचार पत्र मध्य प्रदेश और दिल्ली की सीमाओं से निकल पर पूरे भारत में प्रसारित हो एवं मीडिया जगत में अपना खूब नाम रोशन करें।

## सार-समाचार

### गुरुओं का सम्मान कर मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**आकाश दुबे- समय जगत, ग्वालियर।** सीमिल कन्या महाविद्यालय , के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया गया ।इस अवसर पे विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती माधवी तोमर उपास्थि रहीं। श्रीमती माधवी सिंह भारतीय शिक्षक संघ की कार्यकरता हैं एवं आई टी एम यूनिवर्सिटी में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं ।श्रीमती सिंह ने अपने वक्तव्य में गुरुशिष्य परंपरा पे प्रकाश डाला, और साथ ही उन्होंने अपने जीवन के प्रेरणा दायक परसंगों को सुना छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने और आपने लक्ष को विषम परिस्थितियों में भी पाने की प्रेरणा दी ।छात्राओं ने श्रीमती सिंह का गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तिलक कर सम्मान किया, साथही उपस्थित सभी शिक्षकों का भी तिलक लगा के सम्मान किया ।कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ प्रीति बरुआ एवं डॉ गीता अवस्थी ने किया । कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रंजना सिंह के साथ समस्त शैक्षणिक एवम् अशैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे ।

### सिद्धनाथ मंदिर में होंगे बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन, गुरुपूर्णिमा पर हुई स्थापना



**खरगोन।** भावसार मोहल्ला स्थित अतिप्राचीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में यह श्रावण माह भक्तों के लिए और भी खास होगा। यहां शहर के अधिष्ठाता देव सिद्धनाथ महादेव के साथ भक्तों को बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन भी होंगे। सावन माह की शुरुआत के एक दिन पहले गुरुवार गुरुपूर्णिमा पर विधिवत् पूजन.अर्चन के बाद ज्योर्तिलिंगों की स्थापना की गई। मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज भावसार ने बताया कि बारह ज्योतिर्लिंग स्वरूप शिवलिंग मां नर्मदा से निकले पत्थरों के है, क्योंकि नर्मदा का हर कंकर- शंकर है। इनका निर्माण ग्राम बकावां के कारीगरों द्वारा किया गया है। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि आचार्य पंडित राजेंद्र पगारे के सानिध्य मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा सभी बारह ज्योतिर्लिंगों का पूजन.अर्चन किया गया। भगवानों को लगने वाले भोग के लिए सामग्री भेंट की : श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में वर्षभर भगवानों को लगने वाले भोग के लिए गुरुपूर्णिमा पर मंदिर पुजारी को सामग्री प्रदान की गई। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दानदाताओं द्वारा राशि एकत्रित की गई, जो लगभग 23 हजार रुपए सहित अन्नदान प्राप्त हुए। इस सामग्री से भगवान को वर्षभर प्रतिदिन भोग लगाया जाएगा। विगत 2 वर्षों से यह परंपरा निरंतर जारी है। इस अवसर पर मंदिर समिति सदस्य उपस्थित थे।

### पोहरी में नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा ने छात्र-छात्राओं को किया नि:शुल्क सायकल वितरण



**शिवपुरी।** जिले की नगर परिषद पोहरी के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा उपाध्यक्ष कृष्णलता संजीव शर्मा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश सिंह तोमर पार्षद प्रतिनिधि पप्पन खान, रिंकू देशमुख एवं अविभावकों की गरिमामय उपस्थिति में छात्र छात्राओं को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुरूप गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नि :शुल्क सायकल वितरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य भरत सिंह धाकड़ ने बताया कि पात्र 17 बालक एवं 02 बालिकाओं को निशुल्क सायकल प्रदाय की गई है। इस अवसर अतिथियों ने अपने अपने उद्बोधन में छात्रों को नियमित स्कूल आने की अपील करते हुए बेहतर भविष्य के निर्माण में शिक्षा के महत्व को बताया। अतिथियों ने गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं भी दी। उत्कृष्ट विद्यालय के समस्त स्टाफ की कड़ी मेहनत से गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम अच्छा रहा , इसके लिए भी अतिथियों ने विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। बच्चों में खुशी का माहौल नजर आया। प्राचार्य भरत सिंह धाकड़ ने पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील करते हुए कार्यक्रम में उनकी गरिमामय उपस्थिति के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

### सियाराम बाबा भक्त मंडल ने बांटी खिचड़ी महाप्रसादी

**खरगोन।** शहर के बस स्टेंड क्षेत्र में सियाराम बाबा मित्र मंडल ने 251 किलो दाल- चावल से बनी खिचड़ी की महाप्रसादी भक्तों के बीच वितरित की। मंडल के तिलोक सोनी उर्फ टिल्लू बाबा, मनोज सोनी ने बताया कि दोपहर 12 बजे ब्रह्मलीन संतश्री सियाराम बाबा, श्री खाटूश्याम को भोग लगाने के बाद भक्तों में खिचड़ी महाप्रसादी वितरण शुरु किया गया। यहां देररात तक प्रसादी वितरित की गई। दिलीप पालीवाल, प्रवीण बार्चे, ऋतुराज सोनी, दीपराज सोनी, शुभम सोनी ने सेवाएं दी। जिले में नर्मदा तट स्थित ग्राम भट्याण में ब्रह्मलीन संतश्री सियाराम बाबा के चरण पादूका दर्शन के लिए भी हजारों भक्त आश्रम पहुंचे। शहर के कुंदा तट स्थित छोटा शिर्डी धाम श्री सांई मंदिर में भी गुरुपर्व उत्सव के रुप में मनाया गया। पंडित ललित अत्रे ने बताया कि सुबह अभिषेक, श्रृंगार हुआ। जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। दोपहर में भोजन आरती के बाद खिचडी, भजिये और नुक्ती की महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### रेल विभाग के राजस्व के लिए साबित हो रहा घाटे का सौदा

# इटारसी से संघमित्रा एक्सप्रेस में चढ़ने वाले अवैध वेंडर्स की भरमार

**समय जगत, बैतूल।** बैतूल में स्टेशन पर रूकने वाली संघमित्रा एक्सप्रेस में अवैध वेंडरिंग का कारोबार लंबे समय से चल रहा है जिसमें रामू, विवेक, चिंटू, पिंटू से लेकर अजगर तक के नाम समय-समय पर सामने आते रहे है। कोई साइड पेंट्री के नाम पर तो कोई मल्टीपपर्स कैंटिन के नाम पेटी पर ठेके लेकर वैध ठेको की आड़ में अवैध रूप से ट्रेनो मे वेंडर चलाते है। कुल मिलाकर यहॉ सबका साथ सबका विकास का नारा रेल विभाग के राजस्व के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। मसलन जिस कारोबार को रेल विभाग वैध तरीके से देकर लाखों रूपया महिनो कमाई कर सकता था उसे अवैध वेंडरिंग के सरगनाओ ने सांठगांठ कर अपने लिए कमाई का तरीका बना लिया। आश्चर्य जनक बात तो यह है कि ट्रेन में चलने वाले वैध और अवैध वेंडरो की सूची न तो आरपीएफ के पास होती है और न ही रेल वाणिज्य विभाग के पास, जिससे इस बात का पता चल सके कि कौन सा वेंडर वैध है और कौन सा अवैध? हालाकि जानकार सूत्रो की



माने तो नियमानुसार स्टेशनों पर स्टापेज वाली ट्रेनो में प्रत्येक ट्रेन में चलने वाले वैध वेंडरो की सूची आरपीएफ थाने के पास होती है जिससे स्टाफ इस बात की पुष्टि करता है कि संबधित ट्रेन में चल रहे वेंडर वैध है अवैध। रेलवे स्टेशन में वाणिज्य अधिकारी की अनदेखी के चलते अवैध वेंडर बेखौफ खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। वहीं वैध वेंडर कई बार यूनिफॉर्म तक नहीं पहनते। बाहर की टीम के निरीक्षण के दौरान ही वेंडर यूनिफार्म, कैप व ग्लव्ज में नजर आते हैं। लेकिन इसके बाद भी स्टेशन पर अवैध वेंडरों के हौसले बुलंद हैं। बैतूल के वाणिज्य निरीक्षक को इस बात का भी भान नही रहता है कि उनके सामने ही इटारसी एंड की कैंटिन की आड़ में किस प्रकार रेल विभाग द्वारा एप्रूवल लिस्ट के बाहर का माल बेचा जा रहा है जिसमें समोसे से लेकर बिरयानी और खाना तक खुलेआम संघमित्रा एक्सप्रेस में प्रतिदिन चढाया जा रहा है। मिडिया द्वारा इनसे उच्च अधिकारियों का नंबर मांगने पर नियम बताए जाते है कि आप पीआरओ से बात करें हमारे अधिकारियों का नंबर नही दिया जा सकता है।

#### इनका कहना है

हमारे द्वारा लगातार कार्यवाही की जाती है, आपके द्वारा जानकारी मिली है इस मामले में कार्यवाही जल्द की जाएगी।
**श्री बनकर**, टीआई, आरपीएफ बैतूल

ट्रेन में चलने वाले वेंडरो की सूची नागपुर में रहती है हमारे पास ऐसी कोई सूची नही होती है।
**श्री पंकज कुमार**,
रेल वाणिज्य विभाग, बैतूल

## भारतीय गुरु शिष्य परम्परा ईश्वर से शुरू हुई है: पाटीदार



**खरगोन।** भारतीय गुरु शिष्य परम्परा बड़ी महान है। यह ईश्वर से शुरू होकर आज तक भारतीय संस्कृति, संस्कार, जीवन मूल्य से भारतीय समाज को लाभान्वित कर रही है। उक्त विचार मप्र शिक्षक संघ द्वारा सांदीपनि विद्यालय टेमला में आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम में जिला विज्ञान एवं सूचना अधिकारी राजेन्द्र पाटीदार ने कही। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की महान गुरु.शिष्य परंपरा को समर्पित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अशोक सिंह पंवार ने की। मुख्य अतिथि बृजेश बडोले ने स्व. रचित कविता के माध्यम से गुरु का गुणगान किया। विशेष अतिथि राजेश जोशी ने गीत के माध्यम से विद्यार्थियों को गुरुजनों की आज्ञापालन का आव्हान किया। अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य अशोकसिंह पंवार ने गुरु को जीवन का पथप्रदर्शक बताते हुए छात्रों से सदैव गुरुजनों का सम्मान करने का आव्हान किया। गुरु की वंदना गीत शिक्षिका पार्वती पाटीदार ने गाया।

आस्था और यश दो विद्यार्थियों ने गुरु की महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। अनेको विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रमेश पाटीदार, ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर राठौड़, सचिव देवीसिंह वास्कले सहित सेवानिवृत्त शिक्षक ज्योत्सना देसाई, भरत राठौड़ए कड़वा मंडलोई एवं मनोहर रघुवंशी उपस्थित रहे। भागीरथ पाटीदार, मयाराम पाटीदार, साधना सक्सेना, जगदीश पाटीदार, आनंदराम पाटीदार ने स्वागत किया। संचालन योगेश गर्दे एवं संजय यादव ने किया। आभार शिक्षक जगदीश पाटीदार ने माना।

## कुसुम महाविद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**समय जगत, सिवनी मालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया। मुख्य अतिथि रघुनंदन सिंह रघुवंशी ने मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ए.के.यादव ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा उस प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का सम्मान है। जिसने हमें देखने की दृष्टि दी और हमें छोड़ दिया जब हम देखना सीख गए। जिसने हमें अंधकार से प्रकाश की ओर लाया। यह नमन है उस गुरु को जिसने हमें सत्य से प्रेम करना सिखाया। इसे व्यास पूर्णिमा के रूप में जाना जाता है, क्योंकि इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। जिन्होंने वेदों का संकलन किया और महाभारत की रचना की। गुरु पूर्णिमा का मूल उद्देश्य यही होता है कि गुरु के प्रति श्रद्धा और आत्मा का शुद्धिकरण आप सभी विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर अपनी मेहनत से भविष्य में नई ऊंचाई प्राप्त करें। मुख्य अतिथि रघुनंदन रघुवंशी सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते



हुए कहा कि ÷गुरु बिन न बुद्धि मिले, गुरु बिन न होए ज्ञान। गुरु बिन न पथ मिले, गुरु बिन न मिटे अज्ञान। हमारे जीवन में गुरु का दर्जा सबसे ऊपर है और बिना गुरु के जीवन की नैया सफलता के किनारे पर नहीं लग सकती। ब्रह्म ही अपनी सुविधा के लिए सृष्टि के हर अवयव को सिखाने सीखने का काम दे देते हैं।

वैसे ही जैसे माता पिता के साथ साथ पल पल भाई बहन परस्पर सिखाते सीखते चलते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों यह बतलाया कि रामचरितमानस के दोहों के माध्यम से सफलता किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है। सब में अच्छाई, बुराई व कमियाँ हैं पर सब कुछ न कुछ एक दूसरे को सिखा सकते हैं। हर कोई किसी न किसी रूप में अनुपम, गुणी व अग्रगणी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है, जो हमें अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शिक्षा नहीं देते बल्कि सही दिशा में मार्गदर्शन भी करते हैं, जिससे जीवन का उद्देश्य स्पष्ट होता है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ नवनीत कुमार सोनारे ने बताया कि गुरुओं ने हमेशा कहा है कि इस विराट सृष्टि में बहुत कुछ चल रहा है। अपने बोध की सीमा में यहाँ कुछ हम देख व समझ पा रहे हैं और कभी बहुत कुछ हमारी पकड़ से परे रह जाता है।

## गुरु पूर्णिमा पर इंद्र टेकड़ी पर 2 लाख से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

### मंदिरों व संत आश्रमों में गुरु पूजन के साथ हुए भंडारे

**खरगोन।** गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पांय.., गुरु मेरी पूजा, गुरु गोविंद, गुरु मेरा पार ब्रह्म..., गुरु अमृत है जगत में, बाकी सब विषबेल, सतगुरु संत अनंत हैं, प्रभु से कर दें मेल...। जैसे भजनों और दोहो के भावों को लेकर गुरु के प्रति शिष्यों की अटूट आस्था का पर्व गुरु पूर्णिमा जिलेभर में श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से देरशाम तक गुरुगादियों, मठों, मंदिरों, आश्रमों में भक्तों ने पहुंचकर गुरुओं के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। गुरुओं ने भी आशीर्वाद स्वरुप गुरुमंत्र देकर भक्तों सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर जिलेभर में गुरुपूर्णिमा पर गुरुपूजन का दौर चला, भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चन ओर भंडारों से समूचा वातावरण धर्ममय बना रहा। कहीं गुरू पूजन और कहीं पाद पूजन कर श्रद्धालुओं ने गुरू का आशीर्वाद लिया। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर शहर से 5 किमी दूर कसरावद रोड़ पर श्रीश्री 1008 पूर्णानंदजी बाबा की तपोस्थली इंद्रटेकड़ी पर गुरूभक्तों का सैलाब सुबह से ही दर्शनार्थ उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में लोग कतारबद्ध होकर दर्शन पाने का इंतजार करते रहे। सुबह से रात तक लगभग 2लाख से श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। इस दौरान यहां मेले सा माहौल रहा।



### सब्जी व्यापारियों के विरोध के बाद वसूली पर लगा प्रतिबंध

# शासन के नियमों को दरकिनार कर साप्ताहिक बाजार में हो रही थी अवैध वसूली

**हरिप्रसाद गोहे, आमला।** नगर पालिका परिषद आमला में बीते लंबे समय से बाजार ठेका पर विराम लगा हुआ था। इस दौरान नपा कर्मचारियों द्वारा शनिवार बुधवार साप्ताहिक बाजार एवं साइकिल स्टैंड से बाजार शुल्क के नाम पर वसूली की जा रही थीं। यह वसूली एक सप्ताह से नहीं वर्षो से की जा रही थी। साप्ताहिक बाजार में वसूली नियमानुसार नपा कर्मी द्वारा न कर इस में बाहरी व्यक्तियों का समावेश कर सब्जी व्यापारियों को डरा धमका कर अवैध वसूली की जा रही थी जिसका आमला सब्जी व्यापारी संघ द्वारा मंगलवार जनसुनवाई में पहुंच साप्ताहिक बाजार में हो रही अवैध वसूली पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेंद्र बड़ोनिया से रोक लगाने मांग की गई। गोरतलब हो की सब्जी विक्रेता संघ आमला की मांग पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेंद्र बड़ोनिया ने मुख्य नगर पालिका



अधिकारी आमला को निर्देशित तत्काल व्यवस्था बनाने की बात कहीं उन्होंने कहा आगे से इस तरह की शिकायत मिली तो दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी । सब्जी व्यापारी संघ आमला से जुड़े सब्जी विक्रेताओं ने आमला जनसुनवाई में प्रेषित ज्ञापन के माध्यम से बताया आमला साप्ताहिक बाजार में शनिवार एवं बुधवार बाजार में ग्रामीणजनो द्वारा सब्जी विक्रय हेतू, अपनी दुकान लगाते है। इस दौरान नगरपालिका आमला द्वारा कपिल राठौर, पप्पू पवार, प्रकाश अतुलकर, अमरदीप वर्मा ग्रामीणजनों से राब्जी विक्रेतागणो को डरा धमका कर अवैध वसूली की जाती है। छोटी छोटी दुकान वालो से 80,100 रूपये तक की वसूली जाती है। किराना दुकान वाले से 100/- रूपये एवं बर्तन बालों से 200 रूपये एवं स्थाई दुकान बालों से 100 रूपये लिये जाते है। ना देने पर उनके साथ गंदी गॉलियां मारपीट पर उतारू होना जिससे हम अत्यधिक प्रताडित हो चुके है। व्यापारियों ने बताया बाजार में आवारा पशु का जगवाड़ा रहता है जिससे आये दिन दुर्घटना का डर बना रहता है बड़े बुजुर्ग बच्चे आदि लोगों के साथ दुर्घटना होती रहती है। वाही दुकानो पर अत्यधिक नुकसान होता है। जिसकी हमेशा हमेशा के लिए व्यवस्था बनाई जाने का निवेदन करते हैं।

बताया गया अन्य जगह मुलताई बाजार में कोई भट वसूली नहीं करता है। तथा बैतूल में भी मात्र 05.10 रूपये से अधिक राशि वसूली नहीं जाती है व्यपारियो ने आमला साप्ताहिक बाजार में हो रही अवैध वसूली पर अंकुश लगाने मांग की।

#### इनका कहना है

साप्ताहिक बाजार में की जा रही बाजार वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है वहीं शासन के निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
**नितिन बिंजवे,**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी आमला

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष इन्वेस्ट मध्यप्रदेश 2025 | MPMETRO | Smart City | MPHIDB

# शहरी विकास के नए अध्याय की शुरुआत



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



## मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव

भविष्य के शहरों का निर्माण

11 जुलाई, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे / ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर

## शुभारंभ

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। इससे बढ़ती नगरीय जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। समृद्ध और विकसित शहर, प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला बनेंगे।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### प्रमुख आकर्षण

- 1500 से अधिक प्रतिभागी
- एक्सपो (आमजन के लिए सायं 5:30 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक)
- वन-टू-वन मीटिंग

### फोकस सेक्टर

- रियल स्टेट
- इन्फ्रास्ट्रक्चर
- पर्यटन
- होटल इंडस्ट्री

### पैनल चर्चा

- अर्बन टेक
- अर्बन ग्रीन्स
- अर्बन मोबिलिटी
- अर्बन इन्फ्रा ड्राइव

D-11062/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP


स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com

# बुंदेलखंड की बिरासतों को सहेज कर रखना हम सभी का दायित्व : एडीएम

## बुंदेलखंड पर्यटन एवं धरोहर संरक्षण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**समय जगत, ललितपुर।** क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी एवं इन्टेक ललितपुर चौपटर के संयुक्त तत्वावधान में बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यटन एवं धरोहरो के संरक्षण की सम्भावनायें विषयक द्वि-दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन का आयोजन स्थानीय डिग्री कॉलेज में किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने कार्यशाला का समापन करते हुये कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि इस महान देश की बीर भूमि बुन्देलखण्ड में जन्म लिया है, यहां कि विरासतों सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। सरकार भी इस दिशा में सकारात्मक रूप से कार्य कर रही है वो दिन दूर नहीं जब ललितपुर पर्यटन का हव बनेगा और यहां बेरोजगारों को रोजगार के ढेरों अवसर प्राप्त होगें। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किये। मुख्य वक्ता राहुल मिश्रा ने कार्यशाला में बुन्देलखण्ड के पर्यटकीय विकास के सम्बन्ध में पावर पॉइंट के माध्यम से छात्र- छात्राओं के बीच प्रस्तुत कर बताया कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में विदेशी पर्यटकों को किस प्रकार आकर्षित किया जा सकता है। कार्यशाला में इन्टेक ललितपुर चौपटर के संयोजक द्वारा प्राचीन धरोहरों को संरक्षित किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि हमारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र धरोहरों एवं पर्यटन से काफी सम्बृद्ध है यहाँ का गौरवशाली इतिहास संस्कृति युगों- युगों से पूरे देश को प्रेरणा दे रही है। अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी झांसी डा.राजीव त्रिवेदी ने कहा कि यह कार्यशाला छात्रों को काफी सार्थक एवं प्रेरणादायी रही है। अब बच्चे अपनी विरासतों के प्रति सजग होकर और जागरूकता से कार्य करेगें। अंत में प्राचार्य डा.राजेन्द्र प्रकाश द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ए.क्यू.ए.सी.प्रभारी प्रभांशु नगाइच, असि.प्रो. दिनेश श्रीवास्तव, असि.प्रो. रानी देवी, असि.प्रो. छाया तिवारी, असि.प्रो. अनीता साहू, असि.प्रो. नेहा श्रीवास्तव, असि.प्रो.ज्योति रानी, असि.प्रो. आसिफखान, असि.प्रो. पंकज पटेरिया, असि.प्रो. केहर राही, असि.प्रो. निधि जैन, असि.प्रो. जगतराज, असि.प्रो. राजकुमार पटेल, असि.प्रो. रवीन्द्र कुमार, असि.प्रो. दीपक जैन, असि.प्रो. भानू प्रतापसिंह घोष, असि.प्रो. अभिषेक शुक्ला, असि.प्रो. अमित कुमार, असि.प्रो. नीलू, असि.प्रो. पुष्पेन्द्र पुरोहित, असि.प्रो. एच.आर. गौतम, असि.प्रो. के.आर. गौतम, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, मनोज रजक, शशि श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र, माताप्रसाद तिवारी एवं छात्र-छात्राऐ मौजूद रहे।

# पार्षद व स्वास्थ्य नायक के बीच हुयी मारपीट

## दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लगाये गंभीर आरोप

**समय जगत, ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में बुधवार को अपराह्न उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब पार्षद व स्वास्थ्य नायक के बीच जमकर कहासुनी हो गयी। देखते ही देखते यह कहासुनी हाथापाई में तब्दील हो गयी। पार्षद का आरोप है कि उन पर कुछ लोगों द्वारा लाठी-डण्डों से जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य नायक ने भी पार्षद पर गालियां देते हुये मारपीट करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को सूचना दी गयी है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार को वार्ड संख्या 15 से निर्वाचित पार्षद मनमोहन चौबे एड. ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये भ्रष्टाचार के मामले उजागर करने पर एक ठेकेदार के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने पर शिकायत दी थी। बुधवार को वह नगर पालिका परिषद में बैठने के लिए चौम्बर की मांग करते हुये अपराह्न 12 से 2 बजे तक नपा कार्यालय परिसर में ही धरना प्रदर्शन पर बैठ गये। अधिशाषी अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुये फर्श पर बैठे पार्षद मनमोहन चौबे अपनी मांगों को लेकर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इसके कुछ ही समय पश्चात स्वास्थ्य नायक मंजीत करौसिया भी नगर पालिका परिषद अपनी किसी काम से पहुंचे। चूंकि पार्षद मनमोहन चौबे और स्वास्थ्य नायक मंजीत करौसिया के मध्य कुछ दिनों पहले से शिकायतों का दौर चल रहा था। फिर क्या था, नपा कार्यालय में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये और दोनों में तीखी बहस शुरू हो गयी। यह बहस देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गयी। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुयी। नपा कर्मियों ने दोनों पक्षों को अलग-अलग करते हुये मामले को शान्त करने का प्रयास किया। वहीं पार्षद ने हाथ में जोरदार दर्द होने की बात कहते हुये फ्रैक्चर होने की बात कही, तो वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य नायक ने भी मारपीट के दौरान चोटें आने की बात कही। इस हमले के पीछे पार्षद मनमोहन चौबे एड. ने नपा के अधिकारी व ठेकेदार पर मिलीभगत करते हुये जानलेवा हमला कराने का गंभीर आरोप लगाया है।

### पार्षद मनमोहन चौबे ने पुलिस को दिया शिकायती पत्र

मारपीट मामले के बाद उपचार कराने टैक्सी से कोतवाली और फिर अस्पताल पहुंचे पार्षद मनमोहन चौबे एड. की ओर से कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी गयी है।

तहरीर में पार्षद मनमोहन चौबे एड. ने स्वास्थ्य नायक मंजीत करौसिया, सफाई कर्मी जितेन्द्र करौसिया व उनके 12-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ गालियां देते हुये लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट करने का आरोप लगाया। पार्षद ने आरोप लगाया कि इस हमले में उनकी सोने की चौन छीने जाने, गला दबाने, मोबाइल फोन गायब होने और हाथ टूट जाने की बात कही गयी है। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# गुरु शिष्य की परंपरा को जीवन में उतारने की आवश्यकता है : विधायक अनिल जैन



**समय जगत, निवाड़ी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद अमर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज गुरु पूर्णिमा पर्व को क्षेत्रीय विधायक माननीय श्री अनिल जैन के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ मो नसीम खान की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर नापित मंडल अध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र प्रजापति जन भागीदारी सदस्य श्री दिनेश दुबे के विशिष्ट अतिथि में गरिमा पूर्ण ढंग से मनाया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन बंदन किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों एवं प्राध्यापकों का छात्रों द्वारा फूल माला पहना कर एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया डॉ नंदकिशोर नापित ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता एवं पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं हमें अपने माता-पिता एवं गुरुओ का हमेशा सम्मान करना चाहिए मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री अनिल जैन ने कहा कि गुरु के प्रति आदर भाव से हमारे विकास का मार्ग प्रशस्त होता है प्राचार्य डॉ मो नसीम खान ने कहा ऐसा कोई भी धर्म नहीं है जिसमें गुरु की महिमा का बखान ना किया गया हो पूर्व प्रो वी एम वर्मा प्रो एस सी जैन को भी फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया अवसर पर पत्रकार सुशील नायक समस्त प्राध्यापक छात्र छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ एम एस विमल ने तथा आभार डॉ पायल लिल्हारे ने व्यक्त किया अंत में विधायक श्री अनिल जैन ने छात्र-छात्राओं के साथ वृक्षारोपण किया।

## विद्वान अधिवक्ता ने दिलाई चेक बाउंस मुकदमे में जीत

**उरई।** जिले के जाने माने विद्वान अधिवक्ता चेक बाउंस के डॉक्टर निर्मल तिवारी एड्वोकेट उरई ने परिवादी अतीक अहमद निवासी उरई उसके एन आई एक्ट/ चेक वाउंस के मुकदमे मे जीत दिलायी। विद्वान जूड़िशियल मजिस्ट्रेट शिजंनी यादव ने आज दिनांक 9 जुलाई 2025 को बड़ा फैसला देते हुए । एक लाख बाईस हजार रूपयों की चेक केस मे अभियुक्त मुज्फर हुसैन निवासी उरई को दोषी पाते हुए हुये 6 माह के कारावास के दण्ड सहित कुल दो लाख बीस हजार रूपयों को चुकाने का निर्णय सुनाया । उक्त जानकारी देते हुए बरिष्ट अधिवक्ता निर्मल तिवारी एड्वोकेट तथा उनके सहयोगी गण अंशुल पटेल एड्, रविकान्त गौतम एड्, सोनू पाराशर एड्, अरूण तिवारी नरक्षा एड्, सुनील हिन्दुस्तानी, प्रतीक कौशल ने बताया बिपक्षी मौजूद रहे।

# खाली प्लाटों में कचरा न फेंके : दिनेश कुमार विश्वकर्मा



**समय जगत, ललितपुर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में वार्ड नंबर 22 नदीपुरा व वार्ड नंबर 14 रावतयाना में अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य नायकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दोनों वार्डो में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया व सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाकर वार्डो में साफसफाई व नालों आदि की सफाई करते हुए किनारे पर लगी झाडियों आदि को काटते हुए साफसफाई व्यवस्था की गई। इस दौरान खाद्य एवं स्वास्थ्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी व वार्ड नं. 22 मु. नदीपुरा पार्षद अब्दुल बारी की उपस्थिति में मोहल्ला नदीपुरा में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफसफाई करायें व वार्डो में खाली पड़े। प्लाट जिनमें जल भराव व कूड़ा आदि डाल दिया जाता है। ऐसे प्लाट मालिकों को सूचित करें कि वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे, इसके बाद भी यदि खाली पड़े। प्लाटों में कूड़ा आदि पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुर्माना वसूल की कार्यवाही करें। इस दौरान वार्ड नंबर 14 मुहल्ला रावतयाना में सफाई एवं खाद्य द्वारा निर्देशित किया गया कि बारिश के समय में सड़कों पर हो रहे जल भराव की समस्या का तत्काल प्रभाव से निदान निस्तारण करें, जल भराव होने के चलते मच्छर आदि पनपते है, जिससे बीमारियों आदि का अंदेशा बना रहता है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य नायक वार्डो में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वार्ड वासियों को जागरूक करें, घरों में खाली पड़े प्रपत्रों को ढक कर रखने हेतु जागरूक करें व कूलर आदि में जमा जल को खाली करते हुए मच्छरों आदि के लार्वा से बचाव हेतु सभी को निर्देशित करें। इस दौरान पार्षद अब्दुल बारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, सीएमओ आफिस से अमित खरे, हेड सुपर वाइजर संजय कुमार सहित स्वास्थ्य नायक रावतयाना देवेन्द्र, स्वास्थ्य नायक नदीपुरा अमित खरे सहित पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एमएसडी महाविद्यालय में हुआ वृहद वृक्षारोपण



**समय जगत, ललितपुर।** छत्रपति शिवाजी एमएसडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाली में उत्तर प्रदेश सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में मां के नाम से एक-एक पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी महेन्द्र जैन, जयकुमार जैन के आतिथ्य और प्राचार्य डा.करुणाकर शर्मा के निर्देशन में शिक्षकों और छात्रों ने महाविद्यालय परिसर में मां के नाम से एक-एक पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि वृक्षारोपण से ही सुखी और समृद्ध जीवन सम्भव है। हमें प्रकृति द्वारा प्रदत्त किए गए उपहारों का संरक्षण करके प्रकृति को खुशहाल बनाना हैं। प्राचार्य डा.करुणाकर शर्मा ने कहा हमें प्रकृति को खुशहाल रखना है तो उसके नियमों का पालन करना होगा। मनुष्य को प्रकृति का संरक्षण करके प्रकृति की गोद में खेलने के लिए हरियाली लानी होगी। प्रकृति का संरक्षण करके उसका सौंदर्य बढायें। सभी को स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा.करुणाकर शर्मा, उमाशंकर चौरसिया, नरेश निरंजन, ए.के. श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, बलवीरसिंह, खेमचंद चौरसिया, रामकुमार, किरन, रूबी, नरेंद्र सिंह, श्याम किशोर, अंकित, राजेन्द्र और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विभिन्न संस्थाओं में गुरूजनों को किया गया सम्मानित



**समय जगत, बरुआ सागर।** आस्था, आराधना, पूजन, अर्चना, आदर का गुरु पूर्णिमा का त्यौहार बड़े उपसना, श्रद्धा, उमंग, आदर के साथ धार्मिक स्थलों, शिक्षण, संस्थानों सहित विभिन्न जगहों पर सम्मान समारोह आयोजित कर गुरु जनों को सम्मानित कर मनाया गया। जिसमें शिष्यों ने आध्यात्मिक एवं अच्छी सीख व मार्गदर्शन करने वाले का पूजन आराधना व उपहार, दान, दक्षिणा प्रदान कर सम्मानित किया गया. वहीं नये शिष्यों ने गुरुओं से शिक्षा, संस्कार, दीक्षा ग्रहण कर उनके बताये हुए संमार्गो चल कर जीवन यापन करने का संकल्प लिया।

बरुआ सागर नगर के धार्मिक स्थलों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों ने गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े भव्यता के साथ समारोह आयोजित कर गुरुओं को सम्मानित किया गया.

वहीं धार्मिक स्थलों को बड़ी साज सज्जा कर सजाया गया तथा धर्ममय कार्यक्रम आयोजित किए गये. शिष्यों ने मंदिरों में पहुंच कर अपने अपने गुरुओं की पूजा आराधना करते हुए उपहार भेट किये. वहीं नये शिष्यों ने आध्यात्मिक गुरुओं से गुरु दक्षिणा ग्रहण कर उनके द्वारा बताये गये संस्कारों एवं मार्गदर्शन पर चल कर जीवन को सुखमय बनाने की प्रेरणा ली.नगर के सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ मंसल माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, शिव मंदिर गुलाब बाग धाम, हनुमंत निवास, सिद्वेश्वर हनुमान मंदिर गुलाब बाग, शिव मंदिर पड़याना, सिद्ध पीठ तारा माई सिनोनिया आदि में अनेकों धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये. जिससे क्षेत्र का वातावरण धर्ममय बना रहा.

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महानगर झाँसी स्थित सिद्धपीठ गौड़ बाबा आश्रम को भव्यता के साथ सजाया गया. तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये. शिष्यों ने आश्रम में पहुंच कर भगवाताचार्य एवं गुरुदेव पंडित विनोद चतुर्वेदी की पूजा अर्चना कर उपहार प्रदान करते हुए शुभ आर्शीवाद ग्रहण किया.

इसी प्रकार मिडिया कर्मियों ने महानगर झाँसी निवासी वयोब्रद्ध पत्रकार शिरोमणि पंडित राम गोपाल शर्मा की आराधना, तिलक, , स्मृति चिन्ह व दान दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया.

पंडित श्री शर्मा अधिकांश समय में पत्रकारों को बेहतर समाचार लेखन की सीख व मार्गदर्शन कर उनका उत्साहवर्धन करते रहते है. इसलिए मीडिया जगत में उनको गुरु का आदर सम्मान दिया जाता है. इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अतरसिंह परिहार, नवल किशोर शर्मा, मनोज राय, अनूप साहू, नीतेश कुमार शर्मा आदि पत्रकार गण मौजूद रहें.

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नून नदी किनारे लगेंगे 20हजार पौधे

**समय जगत, उरई।** वृक्षारोपण को जनांदोलनों का रूप देते हुए श्एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को मूसलाधार बारिश के बीच वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोंच विकासखंड के ग्राम सतोह में नून नदी के उद्गम स्थल से लेकर करीब 81 किलोमीटर तक 20 हजार पेड़ लगाए जा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतेन्दु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष रति शंकर त्रिपाठी रहे।वृक्षारोपण कार्यक्रम में झांसी मंडल के कमिश्नर विमल दुबे, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, उरई विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, डीएफओ प्रदीप कुमार और कोंच नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता समेत कई गणमान्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीशामिल हुए। मूसलाधार बारिश के बावजूद सभी ने पूरे उत्साह के साथ वृक्षारोपण किया।कार्यक्रम को योजनाबद्ध ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया की तर्ज पर सेक्टर, जोनल और वन बूथ के रूप में संगठित किया गया। जनपद में कुल 97 लाख पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इस दौरान त्रिवेणी सहित कई प्रजातियों के पौधों को प्राथमिकता दी गई।

# जिले में अब तक 587.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**समय जगत, निवाड़ी।** जिले में एक जून से 10 जुलाई 2025 तक 587.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 10 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र द्वारा निवाड़ी में 496 मिलीमीटर, ओरछा में 889, पृथ्वीपुर में 378 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।बीते 24 घंटे में 11.3 मिलीमीटर औसत वषाजिले में बीते 24 घंटे में 10 जुलाई तक 11.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान निवाड़ी में 24 मिलीमीटर, ओरछा में 0, पृथ्वीपुर में 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# उत्तराखंड भीमताल में 7 जून को शव मिलने के प्रकरण में आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

## पहले शराब पिलाई फिर धक्का देकर भीमताल में गिराया

**समय जगत, उरई।** उत्तराखंड में मिली जालौन की शादीशुदा महिला की हत्या उसके प्रेमी ने की थी। महिला का भीमताल में 7 जून को शव मिला था। महिला प्रेमी के साथ रहने की जिद कर रही थी। प्रेमी महिला और उसके दो बच्चों की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं था। काफी समझाने पर भी महिला नहीं मानी तो प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने बुधवार को जालौन से आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला 27 मई को अपने पति को छोड़कर मेरे पास दिल्ली आ गई थी। मैं उसे साथ नहीं रख सकता था। जब वो नहीं मानी तो मैं उसे 30 मई को घुमाने के बहाने उत्तराखंड ले गया। वहां मैंने उसको शराब पिलाई। फिर भीमताल में धक्का देकर मार डाला।मृतक महिला का नाम पुष्पा (30) था। उसकी शादी 2016 में गांव कठोर के रहने वाले ऋषि तिवारी से हुई थी। पुष्पा ठैब की पढ़ाई कर रही थी। लेकिन बच्चों की वजह से उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। प्रेमी अभिषेक (32) भी कठोर गांव का ही रहने वाला है। अभिषेक पुष्पा के बच्चों को पढ़ाता था।पुष्पा और अभिषेक 2 साल से रिलेशन में थे। वो दिल्ली में एक होटल में नौकरी भी करता था। वो जब-जब गांव आता, बच्चों को पढ़ाने के बहाने पुष्पा से मिलने जाता था। पुष्पा के पति के पास 20 बीघा जमीन है। वो खेती किसानी करके परिवार चलाता है। पुष्पा की मौत के बाद वो अकेले बच्चों को संभाल रहा है।अभिषेक ने पुलिस को बताया, पुष्पा का गांव में मन नहीं लगता था। मैं दिल्ली में रहता था। यहां एक होटल में नौकरी करता था। महीने भर की छुट्टी लेकर अपने गांव जाया करता था। वहां पुष्पा के पति ने मुझसे अपने दो बच्चों को पढ़ाने के लिए कहा।

मैं भी इस बात के लिए राजी हो गया। दो बच्चों के पढ़ाने के मुझे 1 हजार रुपए मिलते थे। पहले तो मेरी पुष्पा से ज्यादा बात नहीं होती थी। धीरे-धीरे बात शुरू हुई और फिर हमारे बीच नजदीकियां बढ़ी। लेकिन मैंने कभी भी पुष्पा से साथ रहने का वादा नहीं किया था।मैं जब-जब गांव जाता तो पुष्पा से मिलता था। लेकिन पुष्पा मेरे साथ भागने की बात कहती थी। 27 मई को वो अपने पति के साथ मायके जाने के लिए निकली। आधे रास्ते में वो पति की बाइक से उतर गई और पति को वापस भेज दिया। वहां से वो गाड़ी पकड़कर मेरे पास दिल्ली आ गई।

मैं उसको वापस जाने के लिए बोल रहा था लेकिन वो नहीं मानी। परेशान होकर मैंने उसको मारने की ठानी। फिर 30 मई को मैं उसे उत्तराखंड घुमाने ले गया। वहां मैंने उसे होटल रूम में एक बोतल शराब पिलाई। फिर उसको बाहर टहलाने ले गया।

हम लोग भीमताल के पास सीढ़ियों पर बैठे थे। पुष्पा बहुत ज्यादा नशे में थी। वहीं पर मौका देखकर मैंने उसको सीढ़ियों से भीमताल में धक्का दे दिया। फिर दिल्ली वापस आ गया। 7 जून को पुलिस को पुष्पा का शव मिला था। 9 जून को उसके पति ने पहचान कर ली थी।

# गुरू पूर्णिमा पर्व पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**समय जगत, निवाड़ी।** शासकीय कन्या स्कूल एवं महाविद्यालय निवाड़ी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया माननीय निवाड़ी विधायक श्री अनिल जैन जी मुख्य अतिथि रहे इस दौरान गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन किया गया। मौके पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार व दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने अपने अतिथियों का पुष्प अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य समेत अन्य शिक्षकों ने मंच पर बैठे अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक अनिल जैन ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जीवन के अंधकार को दूर कर ज्ञान के प्रकाश से शिष्य के जीवन को आलोकित करते हैं । इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ.नंदकिशोर नापित ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनेकानेक देववाणी संस्कृत में संस्मरण से गुरू ओर शिष्य परांपरा पर प्रकाश डाला उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक मौजूद रहे। विधायक अनिल कुमार जैन ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में गुरु के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव पैदा करते हैं तथा भारतीय संस्कृति की महान परंपरा को मजबूती प्रदान करते हैं वही एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण किया देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी एवं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने ऐसे गुरु शिष्य परांपरा के आयोजन को प्रदेश ओर देश में भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया जो अपने आप में एक अनुकरणीय पहल है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री शासकीय एक्सीलेंस महाविद्यालय के प्राचार्य श्री खांन सर स्कूल शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी निवाड़ी, सहित स्टाफमौजूद रहा।

# हरसुंडी में बारिश का टूटा कहर, ग्रामीण बेहाल मकानों में भरा पानी, शासन- प्रशासन दें ध्यान



**समय जगत हमीरपुर।** जनपद के सरीला विकासखंड के हरसुंडी गांव में भीषण बारिश ने ऐसा कहर बरपाया कि पूरा गांव तालाब में तब्दील हो गया।इतना ही नहीं हुई अति वृष्टि से चार घंटे की तेज बारिश ने ग्रामीणों की पूरी गृहस्थी डुबो दी जिससे घरों में रखा बीज, अनाज और राशन सामग्री सहित पानी में बह गया। वही चार कच्चे मकान ढह गए जिससे दर्जनों घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं।

इस बारिश के कहर से गांव की एक बुजुर्ग महिला–बूढ़ी अम्मा–की आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा, ÷साहब, अब कैसे करें बुवाई, कैसे जिएं? सब डूब गया।÷

गांव के लोग बालू खदान संचालक और प्रधान की लापरवाही पर सवाल खड़े कर रहे हैं। आरोप है कि ट्रकों के रास्ते के लिए जलनिकासी का रास्ता बंद कर दिया गया, जिससे पूरा गांव जलमग्न हो गया।

अब बड़ा सवाल ये है कि क्या कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि हरसुंडी गांव की सुध ले कोई राहत भरी मदद करेंगे या यूं ही परेशानियों से ग्रामीण जूझेंगे ?

मामला जनपद हमीरपुर के सरीला विकास खण्ड के हरसुंडी गांव का है जहां भीषण अति वृष्टि के कारण ग्रामीणों का जनजीवन को पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है।

लगातार चार घंटे की बारिश से गांव की गलियों में पानी का सैलाब बह निकला और देखते ही देखते चार कच्चे मकान धराशायी हो गए। हर तरफ पानी–रसोई से लेकर आंगन तक, सब कुछ डूब गया। अनाज, राशन, बच्चों की किताबें, बीज–सबकुछ बह गया। ग्रामीणों का कहना है कि पानी निकासी के लिए बनाई गई पुलिया को बालू खदान संचालक और प्रधान की मिलीभगत से अवरुद्ध कर दिया गया था, जिससे जलभराव विकराल हो गया। कैमरे के सामने गांव की बूढ़ी अम्मा फूट–फूटकर रोती दिखीं। कांपती आवाज़ में बोलीं ÷हम गरीबन का सब बह गओ, अब चूल्हा कहां जलेगा बेटा?÷ मीडिया में खबर आने के बाद एसडीएम बलराम गुप्ता ने नायब तहसीलदार और राजस्व टीम को मौके पर भेजा। पुलिया की सफाई करवाई गई, लेकिन तब तक ग्रामीणों का भारी नुकसान हो चुका था। अब प्रशासन लापरवाह सचिव और प्रधान पर कार्रवाई की बात कह रहा है–लेकिन सवाल है÷ क्या ये सिर्फ कार्रवाई का ड्रामा है या गांव वालों को मिलेगा असली इंसाफ?

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ मेधावी छात्र सम्मान समारोह



**महोबा।** विद्या भारती से संबंध भारतीय शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आल्हा चौक महोबा में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य जीतेन्द्र सेंगर, कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ऋतुराज व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह, जिलापर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त व वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, ताराचंद्र पाटकर के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द यादव ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मान समारोह मे विद्यालय के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 70 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया एवं उपस्थित पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यालय की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक पाकर जनपद और विद्यालय में स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा परिणाम हमारे विद्यालय के मेहनती और लगनशील छात्रों और आचार्यों की मेहनत का परिणाम है साथ ही साथ विद्यालय का शिक्षण हेतु उपयुक्त वातावरण भी इस बेहतर परीक्षा परिणाम में सहयोगी रहा है, क्योंकि हमारा विद्यालय सिर्फ़एक ऐसी जगह नहीं है जहाँ छात्र कक्षाएँ लेते हैं और असाइनमेंट पूरा करते हैं यहां एक ऐसा पोषणकारी वातावरण है जहाँ सीखने और व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। हमारा विद्यालय ज्ञान प्राप्त करने, कौशल विकसित करने और चरित्र निर्माण का आधार है जो व्यक्ति को जीवन भर मार्गदर्शन देगा। स्कूल में, छात्रों को विविध विषयों, गतिविधियों और अनुभवों से परिचित कराया जाता है जो उनके मन को आकार देने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। यहां मूल्य सिखाए जाते हैं और जीवन के सबक सीखे जाते हैं। हमारे यहां एक बच्चे के व्यक्तित्व को आकार देने और उसे समाज में एक जिम्मेदार और सक्षम व्यक्ति बनने के लिए, मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। विभाग प्रचारक ऋतुराज ने विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिरों एवं विद्या मंदिरों की प्रशंसा की और विद्यालय की श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य, विद्यालय के आचार्यों को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय की उपलब्धि मन को गदगद करने वाली है। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने विद्या मंदिरों में दी जाने वाली संस्कारक्षम मूल्य परख गुणात्मक शिक्षा की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने समस्त अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य जगप्रसाद ने किया। कार्यक्रम में अभिभावक, पत्रकार बन्धु, आचार्यगण आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्जुन मीणा श्री बंजरग सेना गौ रक्षा प्रमुख का जिला अध्यक्ष नियुक्त



समय जगत खातेगाँव। समाज सेवी कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हुए देवास जिले के खातेगाँव तहसील के ग्राम सागोनिया के अर्जुन मीणा को श्री बंजरग सेना के प्रदेश अध्यक्ष उमेश प्रजापति ने प्रदेश उपाध्यक्ष भोजराज कहार की सहमति पर श्री बंजरग सेना गौ रक्षा प्रमुख का जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।

### छात्रों के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़

**बांदा।** पैलानी तहसील के अंतर्गत खप्टिहा कला मे सूत्रों से जानकारी मिली कि ब्रजलाल पुत्र फकीरे अलोना ग्राम पंचायत का निवासी है जो फर्जी मार्कशीट बनाकर छात्रों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। ब्रजलाल ने दर्जनों लोगों से पैसा लेकर फर्जी मार्कशीट बनाई है। अभी खप्टिहा में ही एक लड़की का मामला सामने आया है।जिसक मार्कशीट ब्रजलाल ने बनाया उसमें लड़की की उम्र 19 वर्ष दिखाया है। वहीं खप्टिहा कला में जहां लड़की पढ़ती थी वहां उसकी उम्र लगभग 16 वर्ष दिखाया है। आखिर अभी तक सम्बंधित अधिकारियों ने ब्रजलाल के ऊपर कार्यवाही क्यों नहीं की गई। सूत्रों ने ये भी बताया कि ब्रजलाल सन 2017–18 में इसी तरह फर्जी मार्कशीट बनाने में पकड़ा गया था। सिस्टम ऐसा बनाया कि तब भी बच गया। ब्रजलाल अलोना निवासी एक अपराधी दबंग व्यक्ति है जिसने अभी कुछ दिन पहले ही नरेन्द्र पुत्र केशव सिंह के जमीन के जबरिया कब्जा करके मकान बना रहा था। किसी तरह नरेंद्र ने अपनी जमीन में मकान बनाने से रुकवा दिया। इसके बाद भी अभी तक ब्रजलाल के साथ कोई सख्त कार्यवाही नहीं हुई। आखिर इतनी बड़ी बड़ी घटनाएं करने के बाद भी ब्रजलाल के साथ कोई कानून कार्यवाही न होना ये सोचने का विषय है।

### परिवहन विभाग के स्कूली वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में 2 वाहन सीज 4 का हुआ चालान

**बांदा।** परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज जनपद के तिन्दवारी क्षेत्र में पीटीओ राम सुमेर यादव ने अपनी टीम के साथ मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर 2 स्कूली वाहनों को तिंदवारी थाने में निरूद्ध किया है वही 4 स्कूली वाहनों का चालान किया है। वहीं 07/07/2025 को अतर्रा में भी 2 स्कूली बसों मानक के अनुरूप ना पाए जाने पर पीटीओ रामसुमेर यादव द्वारा चालान किया गया था। पीटीओ रामसुमेर यादव के द्वारा हिदायत देते हुए बताया कि जनपद में निरंतर चलाए जा रहे स्कूली वाहनों के विरुद्ध अभियान में जो भी स्कूली वाहन मानक पर खरे नहीं उतरते हैं एवं मानक के विरुद्ध जिनका संचालन किया जा रहा है ऐसे वाहनों पर नियमित कार्रवाई की जाएगी इसलिए सभी लोग उन्हीं वाहनों का संचालन करें जो सभी मानकों को पूरा करते हों इसमें चलानी कार्रवाई के साथ–साथ वाहन सीज की कार्यवाही एवं जुर्माना भी संभव है इसलिए किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए सभी वाहनों को मानक के अनुरूप फिटनेस हो तभी इनका संचालन सुनिश्चित करें।

### बिना मान्यता संचालित आवासीय स्कूल की एसडीएम और एबीएसए से शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे में संचालित बगैर मान्यता प्राप्त आवासीय विद्यालय बीते 2 साल से संचालित है। और विद्यालय संचालक द्वारा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लेकिन बीते साल हुई शिकायत के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी ने आज तक ठोस कार्रवाई नहीं की। जबकि बीएसए आलोक कुमार ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस भेजकर बिना मान्यता संचालित विद्यालयों की जांच करने और रिपोर्ट दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए थे। क्षेत्र के परा गांव निवासी रंजीत सिंह ने एसडीएम अभिमन्यु कुमार और एबीएसए शैलेश त्रिपाठी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मैंने अपने बालक श्रेय का एडमिशन कस्बे के चरखारी रोड स्थित माउंट बैली पब्लिक स्कूल (दैनिक/आवासीय) में कक्षा 4 में एडमिशन कराया था। जिसकी फीस भी पूरी जमा कर दी थी। लेकिन जब बालक का अंक पत्र लेने गए तो विद्यालय संचालक राहुल सिंह ने कक्षा 2 का थमा दिया। और पीड़ित पिता ने धमकी का भी आरोप लगाया है। विद्यालय संचालक राहुल सिंह शराब पीने का आदी है जिससे आवासीय बच्चों के साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया है। बताया कि बच्चे का एक साल बर्बाद कर दिया है। और जब बाद में पता चला कि इस विद्यालय की मान्यता भी नहीं है। आरोप है कि विद्यालय संचालक दबंग व्यक्ति है। जिसने कही भी शिकायत करने की धमकी दी है। और बराबर मनमानी करते हुए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने जांच कराकर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय बिना मान्यता के संचालित है और बच्चे की शिक्षा के साथ खिलवाड़ करने पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### शादी से पहले युवती नकदी और जेवरात लेकर फरार, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**समय जगत मौदहा हमीरपुर।** आगामी नवम्बर महीने में जिस लड़की की शादी होना थी मोहल्ले के चार लोग उसे बहला फुसलाकर भगा ले गए जबकि युवती अपने साथ लाखों रुपये के जेवरात और नकदी भी साथ ले गई है पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इलाही तालाब निवासी बरदानी पुत्र राम आसरे ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री अंजली की शादी आने वाले नवम्बर महीने में होना थी जिसकी तैयारियां चल रही थीं और जेवरात आदि बनवा लिए थे, बीते छः जुलाई को रात दस बजे के करीब इलाही तालाब सत्ती माता निवासी विशाल, बंटू, धीरज और चंदा घर में आए और उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गए। जबकि उनकी पुत्री घर में रखे तीन लाख रुपये के जेवरात और घर में रखा पचास हजार रुपये नकदी भी रखे थे जो लड़की अपने साथ ले गई है।

# 205 मेगावाट बिजली उत्पादन कर सोलर हब बना महोबा



**महोबा।** 10 जुलाई को जब दुनियां विश्व ऊर्जा स्वतंत्रता दिवस मना रही है तब उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र का महोबा जिला देशभर में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहा है यहां सौर ऊर्जा से करीब 205 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। जिससे न केवल औद्योगिक और संस्थागत जरूरतें पूरी हो रही हैं, बल्कि आमजन के घर भी रोशन हो रहे हैं। विश्व ऊर्जा दिवस पर विद्युत विभाग द्वारा जगह जगह पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक किया गया।

महोबा जिले में कभी बिजली की आपूर्ति वर्षों तक एक चुनौती रही है लेकिन अब यहां की पहचान बदल रही है। महोबा में अडानी समूह, यूपी नेडा सहित अन्य कंपनियों द्वारा स्थापित सोलर पार्क अब लगातार ग्रीन एनर्जी का उत्पादन कर रहे हैं। इससे न केवल प्रदेश के पावर ग्रिड को मजबूती मिली है, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर बढ़े हैं। केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का भी महोबा में सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। कई परिवारों ने अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली बिल से मुक्ति पाई है।

महोबा निवासी आदर्श तिवारी ने बताया कि उन्होंने 3 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाया है पहले हर महीने तीन से 4 हजार रुपये तक का बिजली बिल आता था, अब 700 रुपये के आसपास बिजली का बिल आता है। सौर ऊर्जा केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि पर्यावरणीय लिहाज से भी अत्यंत लाभकारी है। यही वजह है कि यूपी का महोबा जनपद सोलर हब के रूप में विकसित हो रहा है। अजीत सिंह बताते है उन्होंने तीन किलो वाट का कनेक्शन लिया है जिसमें उनका बिजली का बिल अब शून्य हो गया है। केन्द्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी उनके खाते में आ गई है।

# सिसोलर के युवक ने एनपीसी में वैज्ञानिक बन क्षेत्र का नाम किया रोशन



**समय जगत मौदहा।** हमीरपुर।10 जुलाई मौदहा विकास खण्ड के बड़ी आबादी वाले गांव के एक युवक ने परिवार की तमाम विषम परिस्थितियों के वावजूद उच्च शिक्षा ग्रहण कर न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन आफ इंडिया में वैज्ञानिक की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव सिसोलर निवासी सत्यम तिवारी पुत्र शिवकुमार तिवारी ने हाईस्कूल की पढ़ाई महोबा नवोदय विद्यालय से और इंटरमीडिएट की पढ़ाई लखनऊ नवोदय विद्यालय से करने के बाद एचबीटीयू कानपुर से कैमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद गेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। एमटेक करने के लिए उसे मुंबई आईआईटी में प्रवेश मिल गया था लेकिन इसी बीच उसने न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन आफ इंडिया में वैज्ञानिक की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। युवक के पिता शिवकुमार उर्फ नत्थू तिवारी लगभग बीस साल पहले लापता हो गए थे। और ऐसी विषम परिस्थितियों के वावजूद सपनों को साकार करने वाली मां अर्चना एवं मामा राजकरण शुक्ला को युवक ने अपनी सफलता का श्रेय दिया है।

### तेज रफ्तार बाइक नीलगाय से टकराई एक की मौत दूसरा घायल



**कुलपहाड़/महोबा।** कस्बा थाना क्षेत्र के ग्राम मुढारी निवासी जाहिर रैकवार उम्र 45 वर्ष पुत्र शिवचरन अपने मुहल्ले के साथी फूला पाल उम्र 55 वर्ष के साथ बुधवार की शाम मध्य प्रदेश के गांव भदर्रा आषाढ़ माह की अंतिम पूजा में सम्मिलित होने एक ही गांव में दोनों अपनी अपनी रिस्तेदारी जाहिर अपने समधी एवं फूला पाल अपने बहिनोंई के यहाँ धवर्रा गांव गए थे। अतः देर रात लौटते वक्त लगभग 12 बजे रात्रि में अजनर के समीप गौरा बाबा के स्थान के पास बीच सड़क पर अचानक नील गाय के आ जाने से बाइक असंतुलित हो गई जिससे जाहिर की मौके पर ही मौत हो गई एवं फूला पाल बुरी तरह घायल हो गया जिन्हें पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल पहुंचाया गया जहाँ फूला का प्राथमिक उपचार कर चल रहा है एवं जाहिर को मृत घोषित कर जिला अस्पताल के मोर्चरी हॉउस में भेज दिया गया जिसका पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम किया जाना है। जाहिर एक अत्यंत गरीब किसान है जो मजदूरी करके अपना व अपने परिवार के सदस्यों दो लड़को शिवम, रोहित एवं दो लड़कियों रोशनी एवं रोहणी आदि का भरण पोषण करता था अतः रोशनी की कुछ दिनों पहले शादी हुई है। जबकि रोहणी अभी नाबालिक है। अतः पिता जाहिर की मौत से परिवार एवं मुहल्ले में मातम छाया हुआ है।

# गुरु पूर्णिमा पर भक्तों ने गोरखगिरि की लगाई परिक्रमा




**महोबा।** गुरू गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वाधान मे बुंदेलखण्ड महोबा के ऐतिहासिक गुरू गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि की परिक्रमा श्रद्धा, भक्ति व रामधुन के साथ हुई। परिक्रमा प्रातः 6 बजे शिवताण्डव मंदिर से शुरू हुई जो पठवा के बाल हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर, कबीर आश्रम, बाबा फिरोज शाह की दरगाह, राम दरबार मंदिर, काली माता व छोटी चंद्रिका मंदिर से पुलिस लाइन रोड होते हुए नागौरिया मंदिर, कालभैरव मंदिर से शिवताण्डव मे आकर पूर्ण हुई। शिवताण्डव परिसर मे विशेष सत्संग भजन पूजन एवं संगोष्ठी हुई। समिति प्रमुख डॉ0 एलसी अनुरागी प्राचार्य साई डिग्री कालेज ने कहा कि चौदह वर्ष के वनवासकाल के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता इस पर्वत पर आए उनके यहाँ चरण पड़ने से यह पर्वत चित्रकूट के कामदगिरि की तरफचारो फल धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष देने वाला हो गया है। इसलिए सभी पूर्णमासी को इस पर्वत की परिक्रमा करे। पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी व समाजसेवी विनोद पुरवार, ने संयुक्त रूप से एक स्वर मे कहा कि आषाढी पूर्णिमा को पाराशर ऋषि के पुत्र वेदव्यास का जन्म हुआ था उनके जन्म के कारण ही इस पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा व गुरू पूर्णिमा कहा जाता है। कहा कि व्यास पूर्णिमा को राष्ट्रीय अवकाश घोषित होना चाहिए। पं0 हरीशंकर नायक ने श्रीमद भागवत गीता के अध्याय 14 के श्लोक संख्या 17 की व्याख्या करते हुए बताया कि सतोगुण से ज्ञान, रजोगुण से लोभ व तमोगुण से अज्ञान प्राप्त होता है। साध्वी सुनीता अनुरागी एड0 ने बाल्मीकि रामायण के अयोध्याकाण्ड के भगवान राम के उच्च आदर्श वाले श्लोक सुनाये। परिक्रमा मे रज्जू द्विवेदी, अमरचन्द्र विश्वकर्मा, आशीष पुरवार एड0, पवन चौरसिया, राकेश चौरसिया, गौरीशंकर कोष्ठा, चन्द्रभान श्रीवास बहादुर अनुरागी, बैजनाथ, जुगुल किशोर, ओमप्रकाश साहू, परशुराम अनुरागी, ग्राम सिजेहरी के विनोद व माताएँ बहिने, व समाजसेवी विनोद पुरवार आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित थे। मुन्नालाल धुरिया एड0 ने प्रसाद व्यवस्था करके पुण्य कमाया। आभार डॉ0 अनुरागी ने व्यक्त किया व गुरू गोरखनाथ के जयकारे लगाए गए।

# एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण



**विजय शर्मा धौलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जेल में निरुद्ध बंदियों से मुलाकात कर उनके मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान बंदियों द्वारा उनको प्रदान सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी ली तभी बंदियों ने पानी एवं बिजली की समस्याओं के बारे में अवगत कराया सचिव द्वारा निर्देशित किया कि बिजली और पानी की समस्या को तुरंत दुरुस्त किया जाए। सचिव द्वारा उपस्थित बंदियों कां किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर व अधिकार मित्र को अपनी समस्या के बारे में सूचित करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान भोजन की जानकारी ली तथा बंदियों को पौष्टिक भोजन बनाने के निर्देश दिए उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने एवं केस टेबिल संधारित किये जाने के निर्देश दिये तथा जेल में निरुद्ध बंदियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की गई एवं नालसा टोल-फ्री नम्बर 15100 की जानकारी दी गई एवं निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली साथ ही जेल में सचिव रेखा यादव ने लीगल एड क्लीनिक में स्थित बंदियों के रजिस्टरों का अवलोकन किया तथा जेल में स्थित कैंटीन की सुविधा का अवलोकन किया एवं बंदियों की न्यायालयों से होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा का जायजा लिया तथा जेल में स्थित चिकित्सालय का निरीक्षण किया तथा बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरूद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया साथ ही खाना बनाने वाली नई मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू सिंह गुर्जर असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिंह सिकरवार, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, प्राधिकरण के स्अेनो राहुल डंडौतिया एवं जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में सैपऊ में अटल जन सेवा शिविर आयोजित




**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को सैपऊ के उपखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित अटल जन सेवा शिविर में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान सार्वजनिक हित के कई परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समुचित कार्यवाही कर समाधान हेतु निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान आमजन ने अपने मुद्दे और समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। इसमें प्रमुख रूप से रजौरा कला गांव में जलभराव की गंभीर समस्या और रजौरा खुर्द में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतें सामने आईं। जिला कलेक्टर ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कई लंबित प्रकरणों को लेकर भी आमजन ने अपनी व्यथा रखी। कलेक्टर ने इन संवेदनशील विषयों पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक निर्धारित समय–सीमा में समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए और लाभार्थियों को वास्तविक राहत आ लाभ मिले। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शिविर में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पंचायत समिति सैंपऊ के विकास अधिकारी राम बोल सिंह गुर्जर, बसई नवाब तहसीलदार मनोज भारद्वाज, और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर सिद्धेश्वर मंदिर व राजगढ़ स्थित राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़

## भक्तों ने गुरू पूजन कर लिया अपने गुरू से आशीर्वाद










**समय जगत झांसी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर झांसी महानगर के प्रसिद्ध धर्माचारियो के मंदिरों पर गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से लेकर देर रात तक अपने गुरूओ के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। इस मौके पर भक्तो के लिए मंदिरो पर अटूट लंगर चलता रहा। दिनभर भक्तो की भीड अपने गुरू के दर्शन करने के लिए उमडी रही।

महानगर के सिद्धेश्वर सिद्ध पीठ पर सदगुरू आचार्य पंडित हरिओम पाठक जी के गुरू चरणो में शत-शत नमन करने को भक्तो की भीड लगी रही। सिद्धेश्वर मंदिर पर जल व अटूट लंगर की व्यवस्था रही। यहां पर झासी नगर के अलावा दूर दूर से भक्तो ने सपरिवार आकर अपने गुरू के दर्शन कि यें व आर्शीवाद लिया। यहां पर विधायक रवि शर्मा, ब्राहमण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पं. गोकुल दुबे, नगर निगम की पूर्व उपसभापति श्रीमती सुशीला दुबें, पं. जितेन्द्र तिवारी, प. रवीश त्रिपाठी, समेत बडी संख्या में श्रद्धालुओ ने पहुचकर आशीर्वाद लिया।

उधर राजगढ के बल्लमपुरा रोड पर स्थित राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर के सदगुरू वेदज्ञ पं. रामेश्वर दास शास्त्री गुरू जी के गुरू चरणो में शत शत नमन करने को भक्तो का तांता लगा रहा। सुबह से लेकर देर रात तक झांसी महानगर, उ.प्र. व म.प्र. के तमाम शहरो से भक्तो ने सपरिवार पहुचकर गुरू जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। आश्रम पर पं. रामेश्वर दास शास्त्री का उनके शिष्यो द्वारा पारम्परिक विधि से पूजन कर भारतीय संस्कृति में गुरू के महत्व को रेखांकित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद एवं भंडारे का अनवरत वितरण किया गया। गुरू पूजन में इंजी. रविकान्त दुबे, कृष्ण चन्द्र दुबे, संदीप सरावगी, सुधांशु त्रिपाठी, शिवकेश दुबे, राकेश पांचाल, सियाराम शरण चतुर्वेदी, रामगोपाल निरंजन, संजय पटवारी, सज्जन सिंह यादव, सिंहवृत सिंह यादव, रोहित दुबे, उदित दुबे, वी.के. गुप्ता, नरेश शुक्ला, अनिल तिवारी, रामकेवल यादव, बृजेन्द्र यादव, मंयक अग्रवाल, रवीश त्रिपाठी, संतोष अंजनी समेत बडी संख्या में भक्तो ने अपने गुरू का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके अलावा शिवाजी नगर स्थित अपने आवास पर महन्त वैदेही बल्लभ शरण महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लेनें के लिए भक्तो की भीड रही। भक्तो ने गुरू पूजन कर अपने गुरू से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर संदीप सरावगी, शिशुपाल सिंह यादव एड. समेत झांसी जिले के ग्रामीण क्षेत्रो सें बडी संख में भक्तो ने गुरू पूजन कर आशीर्वाद लिया। यहां पर सुबह से देंर रात तक भंडारा चलता रहा।

इसके साथ- साथ ग्वालियर रोड स्थित स्वामीपुरम में प्रसिद्ध भविष्य वक्ता व ज्योतिषाचार्य प. मनोज थापक से आशीर्वाद लेनें के लिए भी भक्तो की भीड लगी रही। सुबह से शाम तक समाजसेंवी, राजनेता, व्यापारी आदि भक्तगणों नें गुरूपूजन कर आशीर्वाद लिया। विधायक रवि शर्मा नें भी पहुचकर प. मनोंज थापक जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। उधर कचहरी में जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष व वर्तमान में जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री प्रत्याशी पं. अभय त्रिपाठी ने दिनेश कु मार अग्रवाल समेत वरिष्ठ अधिवक्ताओं का गुरूपूर्णिमा के पावन अवसर पर उनका मल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस मौके पर अभय त्रिपाठी एड. के चैम्बर पर अधिवक्ताओं की भीड़ रही। इसके साथ साथ समय जगत के प्रदेश प्रभारी रामसेवक अड़जरिया का भी गुरूपूर्णिमा के अवसर पर अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुधांशु त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता अभय त्रिपाठी, आशु ठाकुर, आशीष चतुर्वेदी, कुलदीप यादव, सुरेश कुशवाहा, ब्रजेश वर्मा, हेमन्त झा, महेन्द्र राजपूत, पवन नागर, अरूण कुमार गुप्ता आदि ने माल्यार्पण कर श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके अलावा बी.आर. निषाद पत्रकार बट्टा ने भी माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

## सब धरती कागज करूँ, लेखनी सब वन् राय ,सात समुद्र की मस् करूं तब भी गुरु गुण लिखा न जाए



**समय जगत झाँसी।** चैप्टर के तत्वावधान में प्रमुख शिक्षिका कंचन आहूजा ने बताया कि हम सब शिक्षक व अनुयायी गण गुरु पूर्णिमा के सुन्दर पर्व पर सुबह 10 बजे एक पेड़ माँ के नाम लगा कर पर्यावरण को हरा भरा बना कर रखने का संकल्प लिया ! शाम को आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर सिविल लाइंस, मनु विहार झाँसी पर गुरुपूजा, सत्संग,पूर्णिमा ध्यान व गुरु की महिमा में भजनों की मस्ती में नाचते गाते अपने गुरु पूर्णिमा के पर्व को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया !

धर्ममेष नामदेव गुरु के ज्ञान की चर्चा कर सभी को गुरु के बताये सत्य मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया.कंचन आहूजा ने गुरु पूजा श्लोक व मंत्रों के द्वारा पूरे भक्ति भाव के साथ करी. अशोक हिरवरकर ने पूर्णिमा ध्यान करवाया. अंत में सभी ने मिलकर विश्व शांति की प्रर्थना करी !अंत में सभी ने गुरु प्रसाद ग्रहण किया !

इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की अपेक्स नीलम खन्ना, शिक्षिका रचना नामदेव, नंदिता त्रिपाठी, अपेक्स संजय त्रिपाठी, सुमित जी,नीलम सिंह, अशोक शर्मा, विजय तिवारी, गायत्री जी,अजय मिश्रा, सोमा जी,मंजू अनिल शर्मा, गुप्ता जी, पुष्पा हिरवारकर, माला राय, संध्या, मधु कुशवाहा, कनीका, वीरेंद्र जी, कमलापति जी, मधु अग्रवाल,राजकुमारी, राम कुमार पूजा दीपक एवं बहुत सारे साधक उपस्थित रहे।

## ग्लोबल अचिवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित होने पर डा. वी. के . निरंजन का झांसी में लोगों ने किया नागरिक अभिनन्दन

**समय जगत, झासी।** अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षा संगठन (बुन्देलखण्ड), झाँसी, द्वारा आज सिद्धेश्वर नगर, आई0टी0आई0, सीपरी बाजार, (बुन्देलखण्ड), झाँसी स्थित कार्यालय पर एडवोकेट जयेश कुमार बजाज (जिला महासचिव) के संचालन में नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0वी0 के0 निरंजन (वरिष्ठ फिजिशियन, वरिष्ठ समाज सेवी, प्रदेश अध्यक्ष मानवाधिकार रक्षा संगठन यूपी) को इनकी निस्वार्थ मानव सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र सेवा को देखते हुए नीति आयोग, भारत सरकार का प्रतिष्ठित पुरस्कार- ग्लोबल अचिवर्स अवार्ड 2025- जीवन जागृति सेवा संस्थान द्वारा दिया गया था। इसी उपलक्ष्य में झाँसी व संगठन की गरिमा बढाने पर अन्तर्राष्ट्रीय



मानवाधिकार रक्षा संगठन (बुन्देलखण्ड). झाँसी की जिला कमेटी द्वारा डॉ0वी0 के0 निरंजन जी का सम्मान फूल माला व सॉल उडाकर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जी0डी0 कटियार (पूर्व एडिशनल एस0पी0) ने डॉ0वी0 के0 निरंजन के चरित्र व मानव सेवा का व्याख्यान करते हुए प्रसंशा की वहीं एडवोकेट जयेश कुमार बजाज ने डॉ0वी0 के0 निरंजन द्वारा झाँसी व संगठन की गरिमा बढ़ाने पर डॉ0वी0 के0 निरंजन व परिवार को बधाई देते हुए कहा कि-

ये अवार्ड भले ही समाज की नजर में डॉ0 साहब को मिला हो किन्तु सही मायने में यह अवार्ड इनके परिवार की देन है नीति आयोग व्यक्ति के व्यक्तित्व व कठिन परिश्रम को देखकर ही अवार्ड प्रदान करते हैं। तथा कैप्टन एस0पी0 त्रिपाठी (प्रदेश उपाध्यक्ष) ने कहा कि अवार्ड तो कई डॉक्टर प्राप्त करते है किन्तु यह अवार्ड डॉ0वी0 के0 निरंजन जी की सच्ची लगन व कर्मठता का ही परिणाम है। वहीं एडवोकेट शिरोमणी शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष) ने डॉ0 वी0 के0 निरंजन की प्रसंशा करते हुए कहा कि हमें इनके मार्गदर्शन में कई समाज सेवी कार्य करने को मिले जिनकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की थी। नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में डॉ0वी0 के0 निरंजन ने कहा कि ये सम्मान व्यक्तिगत हमारा नहीं, सम्पूर्ण समाज व संगठन का है, इस अवार्ड को लेने में प्रत्येक व्यक्ति का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग रहा है, ये सम्मान उन्होंने अपने माता पिता को समर्पित किया, अन्त में सभी का दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों को भी इसी मुकाम पर पहुँचने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में श्रीमती ममता निरंजन (बुन्देलखण्ड अध्यक्ष महिला), श्रीमती अर्चना सिंह (बुन्देलखण्ड महामंत्री महिला), राजेश सचान (पूर्व इंस्पेक्टर फायर सर्विस), राजेश पटेल (बुन्देलखण्ड सचिव), रामजी रामायणी (बुन्देलखण्ड अध्यक्ष), संतोष निषाद (वरिष्ठ समाजसेवी), कैप्टन एस0पी0 त्रिपाठी, रोहित, कुमारी आकृति पटेल, डॉक्टर आर्यन पटेल, आकाश वर्मा, शिरोमणी शर्मा, जयेश कुमार बजाज का आभार अभिषेक श्रीवास्तव (महानगर अध्यक्ष) जी ने व्यक्त किया।

## विधायक ने किया संगीतगुरु को सम्मानित

**समय जगत, गुरसरांय ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरु पूर्णिमा पर चलाये जा रहे विभूति सम्मान के तहत आज मैहर घराने के संगीतगुरु पं परशुराम पाठक को सम्मानित किया गया।क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने उनके आवास माँ शारदा संगीत विद्यालय में जाकर श्रीफल एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर उन्हें एवं उनके पुत्र सितारवादक पं सरजू शरण पाठक को सम्मानित किया।विधायक ने सम्मान करने के बाद कहा कि मोदी योगी सरकार में हमेशा विद्वानों का हमेशा सम्मान रहा है।उन्होंने कहा कि यह देश की विभूतियां है ।इनका सम्मान करना भारतीय संस्कृति का द्योतक है।उनकी साधना एवं त्याग निशुल्क शिक्षा दान एक प्रेरणा देता रहेगा।



उनको संरक्षण देते रहेंगे, और मुख्यमंत्री से मिलकर जल्दी ही सम्मानित करवाएंगे।इस मौके पर जिला सह संयोजक भाजपा एवं जिलामंत्री भाजपा अमित चौरसिया, शिवम तिवारी,विनय दुवे,दिनेश चतुर्वेदी, अखिलेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### मऊरानीपुर में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया दरोगा

**समय जगत, झाँसी।** जनपद झाँसी में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मऊरानीपुर कोतवाली में तैनात दरोगा विनीत कुमार को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दरोगा को टीम ने मौके से हिरासत में लेकर झाँसी कार्यालय रवाना कर दिया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मेलोनी निवासी अखिलेश कुमार ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि दरोगा विनीत कुमार उसके खिलाफ दर्ज एक मुकदमे में धारा बढ़ाने के नाम पर 15 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत मिलते ही टीम ने योजना बनाकर दरोगा को रंगे हाथ पकड़ने का जाल बिछाया।एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को मऊरानीपुर के अंबेडकर चौराहे पर दरोगा को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। इसके बाद आरोपी दरोगा को मौके पर हिरासत में लेकर झाँसी मुख्यालय लाया गया।

टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को भी दे दी गई है।अधिकारियों ने क्या कहा इस पूरे प्रकरण को लेकर एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लेकर पूरी योजना बनाकर आरोपी दरोगा को रंगे हाथ पकड़ने की कार्रवाई की गई है। आगे आरोपी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

## गुरुपूर्णिमा पर गुरुपूजन के साथ गूंजे राग रागिनी के तराने

## मां शारदा संगीत विद्यालय में गुरुपूर्णिमा पर शिष्यों ने दी संगीत की अनूठी प्रस्तुति

**समय जगत गुरसरांय।** मैहर घराने की गुरुकुल संगीत पीठ माँ शारदा संगीत विद्यालय में गुरुपूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया।संगीतगुरु पं परशुराम पाठक के शिष्यों ने गुरुपूजन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेर इंटर कॉलेज के प्रबंधक मनोहर राव नेवालकार ,विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,राजू पालीवाल,मेजर अखिलेश पिपरैया, शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन समेले, विद्यालय के संरक्षक सतीश चौरसिया, बालिका विभाग के प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता, ठाकुरदास तिवारी,पूर्व प्रवक्ता शिवकुमार तिवारी आदि ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित करके संगीत के कार्यक्रम का उद्घाटन किया।अध्यक्षता संगीतगुरु पं परशुराम पाठक ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ नेहा पटेल शिवानी बबेले,कामिनी गौतम ने गुरु वंदना गुरुदेव की कृपा अपरंपार है ,से किया।उनके साथ तबले पर संगत वीरेन्द्र तिवारी ने एवं ढोलक पर मनमोहन ने संगत की शिवानी यादव ने बुंदेली गीत प्रस्तुत किया ,उनके साथ तबले संगत अंकुल पटेल ने की।विवेक बरसैया की ग़ज़ल की प्रस्तुति पर श्रोता झूमे।उनके साथ हारमोनियम पर सोनू पटेल, तबला पर वादक पं अखिलेश त्रिपाठी मऊरानीपुर ने संगत की।पं सरजू शरण पाठक के साथ सितारवादन की युगल संगत में ब्रजेश कुमार बंका पहाड़ी,वेदिका पटेरिया ने राग यमन की प्रस्तुति दी।इसके अलावा प्रमोद गोस्वामी, रानू तिवारी,ज्योतिषाचार्य पं कौशल किशोर मिश्रा गरौठा,हनी नामदेव,पुष्पेन्द्र कुमार,रेखा रानी,नमन सोनी,मनमोहन, आरवी जैन,अम्बर प्रजापति ,गार्गी पाठक आदि ने गायन वादन की प्रस्तुति देकर मन मोहासंचालन डॉ सुकदेव व्यास ने किया।अंत में ब्रजेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।इस मौके पर राकेश कुमार व्यास,अखिलेश तिवारी सुट्टा,सुनील व्यास,शिशुपाल सिंह सरस,सलिल जैन,बल्लन दुवे,कैलाश पांचाल, दिनेश अलबेला आदि उपस्थित रहे।



## पुलिस मुठभेड़ में कपिल पटेल निवासी बामौर के पैर में गोली लगी

### दम्पति के साथ लूट को अंजाम देने वाले लुटेरे मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार



**समय जगत, झांसी।** झांसी के बरूआसागर सहित सीमावर्ती मध्य प्रदेश के ओरछा में सरेराह लूट की विभिन्न वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को थाना पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी बीबीजीटीएस के मार्गदर्शन में झांसी जनपद पुलिस शातिर बदमाशों पर एक के बाद एक शिकंजा कसने में लगी है और इसी क्रम में लूट को अंजाम देने वाले इन शातिर बदमाशों को भी आखिरकार सलाखों के पीछे लाने के काम को बखूबी अंजाम दिया गया है।

एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सात से आठ जुलाई की दरमियानी रात में करीब साढे बारह बजे के आसपास मनीष कुशवाहा जो अपनी पत्नी के साथ मोटरासाइकिल से बरूआसागर जा रहे थे उनके साथ जराय मठ के पास कुछ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। मनीष की पत्नी से बीजासेन और मनीष से मोबाइल सहित चार हजार रूपयों की लूट को बदमाशों ने अंजाम दिया था।दंपती से लुटेरों ने वह मोटरसाइकिल भी छीन ली थी जिस पर वह अपने घर जा रहे थे। मामले में पीड़ितों ने थाना बरूआसागर में तहरीर दी थी। जिसके बाद मामले के खुलासे के लिए सिविल पुलिस के साथ स्वाट टीम को लगाया गया था।

पुलिस मामले की जांच में जुटी थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जराय का मठ के पास लूट को अंजाम देने वाले बदमाश बनगुआं सरकारी स्कूल के पास किसी और घटना को अंजाम देने के मकसद से खड़े हैं। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए बरूआसागर थाना तथा स्वाट पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और बदमाशों की घेराबंदी की गयी।पुलिस ने खुद को घिरा देख बदमाश पहाड़ी की ओर भागे और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी । पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें बृजेश कुशवाहा निवासी थाना समथर और कपिल पटेल निवासी एरच के पैर में गोली लगी और इनके दोनों के साथ एक बाल अपचारी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।दोनों घायल बदमाशों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने न केवल बरूआसागर बल्कि मध्य प्रदेश के ओरछा में भी लूट की कई वारदातों को अंजाम दिया । इनके पास से मनीष की लूटी गयी मोटरसाइकिल और उसका आधारकार्ड बरामद किया गया है। दोनों ही गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके खिलाफ थानों में पहले से ही अभियोग पंजीकृत हैं।इनकी गिरफ्तारी के संबंध में मामला दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली में जमकर बरसे बदरा

## आसपास के इलाकों में भी हुई जोरदार बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को तेज बारिश हुई, मौसम विभाग ने हल्की से मध्यम स्तर की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 व 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। 11 से 15 जुलाई रुक-रुककर बारिश होगी। बुधवार को नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद समेत दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में भारी बारिश देखने को मिली। राजधानी में बुधवार शाम को आई मानसून की पहली मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कई इलाकों में जलभराव व जाम के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश ने ड्रेनेज सिस्टम की खामियों को फिर से उजागर कर दिया। नालों और सीवरों के ओवरफ्लो होने से कई रिहायशी इलाकों में घरों में भी पानी भर गया। कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। व्यस्त समय में दफ्तर से घर जा रहे लोग सुरक्षित जगहों पर रुककर बारिश के थमने का इंतजार करते दिखे। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। आज सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं, दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, शाम 5ः30 बजे से रात 8ः30 बजे तक नजफगढ़ में 60, प्रगति मैदान में 38, पूसा में 30.5 पालम में 14.4, मुंगेशपुर में 7, जनकपुरी में 4 और सफदरजंग मानक वेधशाला में 1.4 एमएम बारिश दर्ज की गई। इधर, आईटीओ, प्रगति मैदान टनल, मंडी हाउस, शास्त्री पार्क, गुरुद्वारा रकाबगंज, बिशंभर दास मार्ग, धौला कुआं, उत्तम नगर, द्वारका, नजफगढ़, नांगलोई, बदरपुर, आनंद विहार समेत ज्यादातर इलाकों में जलभराव हुआ। वहीं, दिलशाद गार्डन में 45 मिनट तक दो एंबुलेंस जाम में फंसी रहीं। कई दिनों तक लोगों को गर्मी से बेहाल करने के बाद मानसून मेहरबान हुआ। सुबह से डेरा जमाए बादलों ने आखिरकार शाम को



बरसना शुरू कर दिया। इससे इंडिया गेट पर घूमने आए पर्यटकों ने बारिश का आनंद लिया। कनॉट प्लेस सहित अन्य जगहों पर भी लोग सुहावने मौसम का आनंद लेते नजर आए। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 35.6 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर 62 फीसदी रहा।

# महाविद्यालयों में द्वितीय और तृतीय वर्ष में दाखिले के लिए खुला पोर्टल

**फरीदाबाद।** जिले के महाविद्यालयों में स्नातक ( अंडर ग्रेजुएट ) पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में दाखिला के साथ यूजी और पीजी (पोस्ट ग्रेजुएट) पाठ्यक्रम में द्वितीय व तृतीय वर्ष में दाखिले के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। दाखिले के लिए 30 जुलाई तक बगैर विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ जमा कराना होगा। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को द्वितीय व तृतीय वर्ष में दाखिले के लिए आवेदन प्रकिया शुरू कर दी गई है। 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। उच्च जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. सुनिधि ने बताया कि एक अगस्त से सात अगस्त तक 100 रुपये विलंब शुल्क और इसके बाद 14 अगस्त तक प्रत्येक दिन के लिए 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ दाखिला हो सकेंगे। महाविद्यालय के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन दाखिला



पोर्टल के माध्यम से 30 जुलाई तक बगैर विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते है। दूसरे और तीसरे वर्ष में छात्रों का प्रमोशन केवल पोर्टल पर ही किया जाएगा। पाठ्यक्रम और विषयों का आवंटन केवल महाविद्यालय की ओर से किया जाएगा। सरकारी कॉलेज के लिए फीस भुगतान का तरीका ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों होगा, सहायता प्राप्त और स्व-वित्तपोषित कॉलेजों के लिए पिछले वर्ष की तरह केवल ऑफलाइन मोड होगा। ऑफलाइन मोड के मामले में विद्यार्थी महाविद्यालय में फीस जमा करेगा और फीस रसीद केवल एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ही जारी की जाएगी। छात्रों को एंटी रैगिंग अंडरटेकिंग प्रस्तुत करनी होगी।

## सार-समाचार

### शिक्षक कांग्रेस का सम्मेलन हुआ आयोजित



**समय जगत, मैहर।** सिद्ध पीठ मां शारदा की नगरी मैहर में मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस का भव्य सम्मेलन संपन्न हुआ। उक्त सम्मेलन में संगठन के संस्थापक संरक्षक पूर्व सांसद श्री रामेश्वर निखरा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता मैहर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धर्मेश घई ने की अन्याय के विरुद्ध विधानसभा में एक मुखर ध्वनि के रूप में परिचित सतना विधानसभा के अध्यक्ष विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी, अरुण तने मिश्रा, रमापति गौतम, केशव प्रसाद चौरसिया, मनीष पटेल, चूड़ामणि बाड़ोलिया, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हैं, शिक्षक कांग्रेस की ओर से संगठन प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी प्रमुख महामंत्री किशन रजक हर्ष लाल शुक्ल सहित प्रदेश के लगभग 35 जिलों के प्रांतीय संभागीय एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं , सम्मेलन की शुरुआत माता के सामने दीप प्रज्वलन कर हुई तत्पश्चात शिक्षक कांग्रेस संस्थापक श्री निखरा का जन्म दिवस भी हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया सम्मेलन में शिक्षकों को पुरानी पेंशन प्रदान की जाए राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना स्वीकार करते हुए लाभ प्रदान किए जाने ,नव नियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के बाद शत प्रतिशत वेतन देने तथा ई अटेंडेंस समाप्त किए जाने सहित अनेक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई कार्यक्रम के संयोजक मैहर जिला अध्यक्ष मनमोहन दुबे जी के द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान किया गया , मंच का संचालन अशोक तिवारी,आभार प्रदर्शन मन्नूलाल शर्मा प्रदेश सचिव के द्वारा किया गया सभी अतिथियों को मां शारदा का छायाचित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामेश्वर तिवारी, संदीप मिश्रा शिवनारायण मिश्रा, रंजना शुक्ला,दिलीप पांडेय रमाकांत पांडेय,मुनींद्र पांडेय, परीक्षित सिंह, शत्रुघन चतुर्वेदी, पुष्पराज सिंह, कल्पना पांडेय, दिनेश पांडेय,शीवेंद्र पांडेय, बिमला पांडेय, रंजना पांडे नीलू उपाध्याय, सपना विरहा, उमेश चतुर्वेदी, बलवीर सिंह, दयानिधि नागर, संतोष दहायत, लक्ष्मण दहायत, कमलेश पटेल,विनोद शुक्ला, रामलाल कोल, उषा नामदेव,समयलाल,पयासी,आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### 75 साल बाद भी विकास से अछूता है अमिलिया गांव



**समय जगत, मैहर।** देश को आज़ादी मिले 75 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन मैहर जिले की मैहर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत अमिलिया कला आज भी विकास की बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है। यहाँ के निवासी आज भी सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अमिलिया पंचायत का वार्ड क्रमांक 1 लगभग 4 किलोमीटर लंबे कीचड़युक्त रास्ते से घिरा हुआ है। यह मार्ग बरसात में इतना बदहाल हो जाता है कि लोगों का बाहर निकलना भी दूभर हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात आते ही वे मानो घरों में कैद हो जाते हैं। गांव में मौजूद प्राथमिक विद्यालय की हालत दयनीय है। सड़क नहीं होने की वजह से शिक्षक आने से कतराते हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय भवन अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। इसके बावजूद कुछ बच्चे जोखिम उठाकर कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल पहुंचने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों ने कई बार जिला कलेक्टर और जनपद प्रशासन से शिकायतें की हैं, लेकिन नतीजा आज भी शून्य है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते अमिलिया गांव की स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल पक्की सड़क का निर्माण होविद्यालय भवन की मरम्मत कर पुन: संचालन शुरू हो। जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण कर तत्काल समाधान की दिशा में कदम उठाएं। मैहर जनपद पंचायत के सीईओ प्रतिपल बागरी ने बताया कि इस मामले पर निरीक्षण किया गया है। संबंधित कागजी प्रक्रियाएं प्रचलन में हैं और आगामी दिनों में सड़क निर्माण व विद्यालय पुनर्संचालन की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# कार्बन वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के टैंक में उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस से हुई मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार स्थित एक्शन बालाजी अस्पताल के बेसमेंट में कार्बन वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के टैंक में सफाई के लिए उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस से मौत हो गई। शुरुआती जांच में पता चला कि बिना सुरक्षा उपकरणों के दोनों मजदूरों बृजेश (26) और विक्रम (30) को टैंक की सफाई के लिए उतार दिया गया, जिससे उनकी जान गई। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि मंगलवार शाम 6ः45 बजे सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। अस्पताल के बेसमेंट में वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट में 4-5 टैंक बने हैं। अस्पताल ने सफाई का जिम्मा एक ठेकेदार को दिया है। ठेकेदार टैंक की सफाई के लिए मंगलवार को बृजेश और विक्रम को लाया था। टैंक में पहले बृजेश उतरा और अंदर पहुंचते ही अचेत हो गया। उसे देखने विक्रम टैंक में गया तो वह भी अचेत हो गया। गड़बड़ी की आशंका पर अस्पताल की रखरखाव टीम सुरक्षा उपकरणों के साथ गई और दोनों को बाहर निकाला। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दमकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस तरह के काम के लिए वर्क परमिट अनिवार्य है। लेकिन वर्क परमिट जारी नहीं किया गया था। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि एसटीपी के संचालन और रखरखाव का जिम्मा फ्रेंड्स एनवायरो इंजीनियर्स के पास है और वृजेश व विक्रम उसी कंपनी के कर्मचारी थे।

# न्यू गुरुग्राम में होगी बिजली की पर्याप्त आपूर्ति

## सेक्टर 61, 62, 67, 75ए, 78, 102 और 110 में बनाए जाएंगे नए सब स्टेशन

**गुरुग्राम।** नए सबस्टेशनों की सहायता से बिजली निगम की नए गुरुग्राम में बिजली व्यवस्था सुचारु करने की तैयारी है। सोमवार को हुई बिजली निगम की बैठक में भविष्य के लिए सात नए सबस्टेशनों के लिए जगह तय करने और उसकी योजना को लेकर चर्चा की गई। अगले 10 साल की जरूरतों को देखते हुए सेक्टर 61, 62, 67, 75 ए, 78, 102 और 110 में नए सबस्टेशन बनाए जाने हैं। इसके अलावा भी जरूरत के हिसाब से सबस्टेशनों के प्रस्ताव अधिकारियों से मांगे गए हैं। द्वारका एक्सप्रेसवे पर बसे नए गुरुग्राम की बिजली संबंधित जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ये योजना बनी है। बिजली निगम इस साल के अंत तक दो नए सबस्टेशन शुरू करेगा। सेक्टर 99 में द्वारका एक्सप्रेसवे की सोसाइटियों के लिए सेक्टर 37 में औद्योगिक इलाके के लिए नया सबस्टेशन तैयार हो जाएगा। इन दोनों पर काम चल रहा है। सेक्टर 99 के 220 केवीए सबस्टेशन से सेक्टर 99 ए से सेक्टर 102, धनकोट आदि इलाकों में बिजली संबंधित समस्या दूर होगी। सेक्टर 37



के सबस्टेशन से सेक्टर 10 के सब स्टेशन का लोड कम होगा। फिलहाल सेक्टर 37 के औद्योगिक इलाके में सेक्टर 10 के सबस्टेशन से बिजली मिल रही है। यहां 33 केवीए सबस्टेशन बन रहा है। इससे इस इलाके के उद्यमियों को फायदा मिलेगा। दिसंबर तक इन दोनों सब स्टेशनों को शुरू करने की योजना है। सेक्टर 75ए में 220 केवीए का एक सबस्टेशन एक साल बाद तैयार होगा। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार इस सबस्टेशन से सोसाइटियों, मॉल और इस क्षेत्र के कॉरपोरेट सेक्टर को लाभ मिलेगा। यहां 100-100 एमवीए के दो पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं। इस सबस्टेशन से सेक्टर 74, 73, 72, 76, 77, 78 आदि बड़े इलाके को फायदा मिलेगा। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार कादरपुर में बिछाई गई दोहरी सर्किट लाइन कादरपुर स्थित 400 केवी सबस्टेशन से हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम (एचवीपीएन) ने सेक्टर 65 और पाली तक 220 केवी की दोहरी सर्किट लाइन से जोड़ दिया है। ये दोनों हाईटेंशन सर्किट लाइनें पिछले 15 मई से चालू कर दी गई हैं। इन चारों लाइनों से 1200 मेगावाट क्षमता तक की बिजली की आपूर्ति हो सकती है। इन दोनों लाइनों से गुरुग्राम के सेक्टर 65 के आसपास और फरीदाबाद के पाली के आसपास बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। इस परियोजना में 25 करोड़ रुपये का खर्च हुआ है। इन दोहरे लाइनों को जोड़ने के लिए 45 टावर बनाए गए हैं। कादरपुर से पाली की ओर 20 किमी और गुरुग्राम के सेक्टर 65 की ओर 20 किमी की लाइन बिछाई गई है। वीके अग्रवाल, मुख्य अभियंता, डीएचबीवीएन का कहना है कि सेक्टर 65, 69, 72, 85, 95 और 107 में 220/33 केवी सबस्टेशन बन चुके हैं। सेक्टर 99 में सब स्टेशन निर्माणाधीन है। वर्ष 2034-35 की जरूरतों को देखते हुए सेक्टर 61, 62, 67, 75 ए, 78, 102 और 110 में बिजली आपूर्ति के लिए सब स्टेशन बनाए जाएंगे। अन्य इलाकों में भी प्रस्तावित सबस्टेशन के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव दिए जा रहे हैं। टीएस राघव, अधीक्षण अभियंता का कहना है कि इस साल के अंत तक दो सबस्टेशन चालू कर देंगे। सेक्टर 37 के सब स्टेशन से सेक्टर 37 के औद्योगिक क्षेत्र और सेक्टर 99 के सब स्टेशन से द्वारका एक्सप्रेसवे की सोसाइटियों को लाभ मिलेगा। 99 और 102 में बिजली संबंधित समस्या का हल निकलेगा। केके गांधी, उद्यमी, सेक्टर-37 ने बताया कि सेक्टर 37 में 1000 उद्योग हैं। अभी भी स्थिति खराब नहीं है मगर दूर से लाइन आती है। सेक्टर 37 में सबस्टेशन बनने से हमारे इलाके में ही पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर होगा तो स्थितियां और ज्यादा बेहतर हो जाएंगी। लक्ष्मी परीना सोसाइटी, सेक्टर 99 ए के संतोष सिंह फिलहाल बिजली इंफ्रास्ट्रश्चर जरूरत के अनुसार नहीं होने के कारण काफी परेशानी है।

# खेलों को बढ़ावा देने के लिए जनपथ स्ट्रीट पर होगी राहगीरी

## फाउंडेशन अध्यक्ष सारिका पांडा के द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी




**गुरुग्राम।** अच्छी सेहत, खेल, व्यायाम को बढ़ावा देने के लिए 13 जुलाई, रविवार की सुबह जनपथ स्ट्रीट पर राहगीरी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हर राहगीरी की तरह गुरुग्राम की प्रदूषित हवा को शुद्ध बनाने की कोशिश को समर्पित होगा। इसमें साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जाता है ताकि लोग जहां तक संभव हो साइकिल से आसपास जाएं। कार्यक्रम में संगीत और नृत्य के साथ व्यायाम, जुंबा, योग, फुटबॉल, क्रिकेट और अन्य स्वास्थ्य और मनोरंजन के कार्यक्रम होंगे। राहगीरी फाउंडेशन की अध्यक्ष सारिका पांडा भट्ट ने बताया कि सुबह सात बजे सेक्टर-18 के सनाथ रोड में साइकिल सवारों को झंडा दिखाकर रवाना किया जाएगा। वहीं, राहगीरी 10 बजे तक चलेगी। इसका उद्देश्य आनंददायक वॉकिंग से पर्यावरण संरक्षण, बॉयोडायवर्सिटी, जल प्रबंधन, सुरक्षा को लेकर जागरूकता करना है।

# समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने व रोगियों की शीघ्र पहचान एवं प्रबंधन के लिए हुई चर्चा

**फरीदाबाद।** जिले में गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि के प्रभावी प्रबंधन के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित स्टार-एनसीडी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू करने हेतु डीसी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने, रोगियों की शीघ्र पहचान एवं प्रबंधन, आवश्यक दवाओं और जांच उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने स्टार-एनसीडी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया तथा इसे फरीदाबाद में प्रभावी रूप से लागू करने हेतु रणनीति तैयार की। बैठक में उपायुक्त विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि स्टार-एनसीडी कार्यक्रम की रूपरेखा को पूर्ण रूप से तैयार करते हुए ईएसआई अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, निजी अस्पताल सहित सभी संबंधित




हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए एक एकीकृत कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे जिले में कार्यक्रम का प्रभावी और सुव्यवस्थित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को जांच के लिए बुलाते समय उन्हें आभा अंकित कार्ड साथ लाने के लिए कहा जाए। इससे मरीज की चिकित्सीय स्थिति, दवा का प्रकार एवं डॉक्टर की सलाह के अनुसार उन्हें उचित खुराक और उपचार अवधि निर्धारित करने में सुविधा होगी और इलाज की प्रक्रिया अधिक सटीक व प्रभावी बन सकेगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गुरु पूजन

**समय जगत, तलेन।** तलेन नगर के शिवालय मंदिर पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा पूजन अर्चन करना और गुरुजनो का सम्मान करना और आशीर्वाद लेना ऐसा कार्यक्रम भाजपा नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओ को दिया गया था, जिसको लेकर आज भाजपा मंडल तलेन के कार्यकर्ता गण तलेन मंडल के भिन्न भिन्न स्थानों जैसे की शिव मंदिर अमलार मे कमलेश जी पाटीदार के नेतृत्व मे, हनुमान मंदिर बावडिखे?ा में कैलाश लववंशी के नेतृत्व मे, सदुरु आश्रम तलेन मे अवध नारायण उपाध्याय के नेतृत्व मे, खेडापति हनुमान मंदिर तलेन नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव के नेतृत्व मे, शिवालय मंदिर तलेन मे मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला के नेतृत्व मे, शिवालय आश्रम सिंका मेभाजपा जिला



उपाध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व मे श्री राम मंदिर इकलेरा योगेश पाटीदार के नेतृत्व मे, श्री गोपाल गौशाला नहाली किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपी राजपूत के नेतृत्व मे एक 5 सदस्यों की टीम बना कर इन स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओ का जाना और गुरु पूर्णिमा पर्व मनाना ऐसा तय किया गया था, उसी क्रम मे आज तलेन नगर स्थित शिवालय मंदिर पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनकामेश्वर महादेव मंदिर शिवालय पर जाकर पूजा अर्चना की गई एवं गुरुओं का स्वागत कर आशीर्वाद लिया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह जी रुहेला,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंदर सिंह यादव उस्ताद,विनोद यादव उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नगर परिषद तलेन,मान सिंह यादव फौजी सरकार,पार्षद महेश यादव, मंडल महामंत्री आजाद वंशकार, पूर्व पार्षद बालकृष्ण जी यादव, दिलवर यादव, आदि भाजपा कार्यकर्ता गण और गुरुजन मौजूद रहे।

# गुरुग्राम में वर्क फ्राम होम की एडवाइजरी की गई जारी

**गुरुग्राम।** बुधवार को गुरुग्राम समेत दिल्ली-एनसीआर में जमकर बारिश हुई। आज भी कई इलाकों में बारिश देखने को मिली है। जहां एक तरफ लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली वहीं, लोगों को जलभराव के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर हुई बारिश के कारण गुरुग्राम में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे कई किलोमीटर तक लोग जाम में जूझते हुए नजर आए। वहीं, गुरुग्राम के सदर्न पेरिफेरल रोड पर कल रात से एक ट्रक खाई में फंसा हुआ है। यह खाई तब बनी जब ट्रक के चलते सड़क का एक हिस्सा धंस गया। ट्रक चालक ने कहा, ट्रक में बीयर की बोतलें भरी हुई हैं। मैं गोदाम जा रहा था। कल रात सड़क पूरी तरह सूखी थी। यहाँ कोई जलभराव नहीं था। हमारा एक और ट्रक और एक डम्पर ट्रक भी यहाँ से गुजरी लेकिन उसके बाद सड़क धंस गई और मेरा ट्रक उसमें गिर गया। कोई घायल नहीं हुआ। गुरुग्राम में भारी बारिश को देखते हुए आज भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गुरुग्राम में बीते 12 घंटों के भीतर रिकॉर्ड 133 मिमी बारिश दर्ज की गई। गुरुग्राम जिला प्रशासन ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए सभी निजी व कॉर्पोरेट संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे 10 जुलाई 2025 को अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) की अनुमति दें।

# जिले में चल रहा बारिश का दौर, नदी नाले उफान पर अधिकारियों ने किया पर्यटन स्थलों का निरीक्षण

**समय जगत, पन्ना।** जिले में चल रही बारिश बारिश के दौर में नदी नाले जलप्रपात अपने पूरे सवाब पर हैं। जिसके तहत कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार के निर्देशन में राजस्व अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा ऐसी चिन्हित जगह पर निरीक्षण कर आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। आज सुबह राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम पन्ना नगर बाईपास के समीप स्थित जलप्रपात कुंड का निरीक्षण करने पहुंचे और वहां सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस टीम में एसडीएम पन्ना संजय कुमार नागवंशी, तहसीलदार प्रेम प्रजापति, टीआई कोतवाली रोहित कुमार मिश्रा दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आमजनों से जल स्रोतों के निकट नहीं जाने, कम से कम सुरक्षित दूरी बनाए रखने, मौसम से संबंधित आपात स्थिति में सावधानी बरतने और जिला प्रशासन के निर्देशों को पालन करने की बात कही। जलस्रोतों व पर्यटन स्थलों पर लगायें चेतावनी से संबंधित बोर्ड मौसम विभाग की ओर से राज्य में संभावित भारी बारिश की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है। जिसके तहत विभिन्न जल स्रोतों, पर्यटक स्थलों और गहरे जलाशयों का






औचक निरीक्षक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। वहीं आकस्मिक परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्य को लेकर भी निर्देश दे रहे हैं। खतरनाक होता पर्यटन-जलप्रपातों में रील और सेल्फी के चक्कर में अब तक कई मौतें, प्रशासन अलर्ट पर बारिश के मौसम में प्राकृतिक नजारों की तलाश में युवा जलप्रपातों का रुख कर रहे हैं, लेकिन यह रोमांच जानलेवा साबित हो रहा है। जलप्रपातों पर भीड़ बढ़ रही है, जहां फिसलन भरे पत्थरों और खड़ी ढलानों के बीच लोग जोखिम उठाकर रील और सेल्फी ले रहे हैं। इसी वर्ष की बात करें तो इन जलप्रपातों में गिरकर कई लोगों की मौत हो चुकी है। ऊपर से लगभग हजारों फीट नीचे गिरता जलप्रपात अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है, लेकिन इसकी खूबसूरती के साथ खतरा भी जुड़ा है। बारिश का मौसम रोमांच जरूर बढ़ाता है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा बन सकती है पथरीली सतह पर बारिश से काई जम गई है, जिससे फिसलन और बढ़ गई है। इसके बावजूद युवा कगार तक जाकर फोटो खिंचवाने से नहीं चूकते। यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं होते हैं हालांकि प्रशासन द्वारा कई जगहों पर चेतावनी बोर्ड, रेलिंग बनवाई गई है, लेकिन देखा गया है कि लोग इनको अनदेखा करते हुए जलप्रपात के नजदीक से नजदीक पहुंचने की रोड में रहते हैं और हादसे को न्योता देते हैं। ÷सावधानी हटी दुर्घटना घटी÷ लोगों को इस स्लोगन का ध्यान रखते हुए ही ऐसी जगह में पूरे धैर्य के साथ आनंद लेना चाहिए।

# पत्रकारों के दल ने किया एक दिवसीय अध्ययन भ्रमण, जनसंपर्क विभाग को सराहा

**समय जगत, आगर मालवा।** जिला जनसंपर्क विभाग, आगर-मालवा द्वारा पत्रकारों के लिए एकदिवसीय अध्ययन भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में जिलेभर से आए वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों के दल ने भाग लिया और दिनभर धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। भ्रमण की शुरुआत प्राचीन एवं ऐतिहासिक धर्मराजेश्वर मंदिर, चंदवासा से हुई, जहां पत्रकारों ने रॉक-कट शैली में निर्मित इस अद्वितीय मंदिर की भव्यता का अनुभव किया। इसके पश्चात दल गांधी सागर बांध पहुंचा, जहां चम्बल नदी पर बने विशाल जलाशय की सुंदरता ने सभी को प्रभावित किया। इसके बाद पत्रकारों ने 'मिनी गोवा' के नाम से प्रसिद्ध प्राकृतिक पर्यटन स्थल का भ्रमण किया और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाया।




भ्रमण का अंतिम पड़ाव भानपुरा स्थित छोटे-बड़े महादेव मंदिर रहे, जहां सभी पत्रकारों ने स्नान कर दर्शन कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। इस अवसर पर आगर एवं सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के अनेक पत्रकार शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस पहल के लिए जनसंपर्क विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पत्रकारों को न केवल अपने जिले की सांस्कृतिक और पर्यटन धरोहरों को समझने का अवसर मिलता है, बल्कि आपसी संवाद और समन्वय भी मजबूत होता है। पत्रकारों ने विभाग की सराहना करते हुए मांग की कि भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक और पर्यटनपरक भ्रमणों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई अमानगंज शाखा ग्रामीण विकास की प्रेरणा बनी : डॉ एमपी पाण्डेय

**समय जगत, पन्ना।** ग्रामीण अंचलों तक बैंकिंग सुविधाओं की सहज पहुँच आज भी एक चुनौती बनी हुई है, किंतु भारतीय स्टेट बैंक की अमानगंज शाखा ने अपने सेवा भाव, समर्पण और संवेदनशीलता से इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है। मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ, पन्ना के जिला प्रवक्ता डॉ. एम.पी. पाण्डेय ने अमानगंज एसबीआई शाखा की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि 卐ऐसे बैंक कर्मी वास्तव में समाज के सच्चे भागीदार हैं जो सिर्फ वित्तीय लेन-देन तक सीमित न रहकर जनकल्याण को अपनी सेवा का उद्देश्य बनाते हैं। डॉ. पाण्डेय ने मुख्य शाखा प्रबंधक संतोष कुमार, फील्ड ऑफिसर विवेक कुमार, और प्रशासनिक अधिकारी भूपेश लखेरा की कार्यनिष्ठा की विशेष सराहना की और कहा कि इनकी सक्रिय भूमिका से 128 से अधिक गाँवों के हजारों ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा, पेंशन, किसान सम्मान निधि, श्रमिक कार्ड भुगतान जैसी सेवाएं समय पर उपलब्ध हो रही हैं।उन्होंने आगे कहा कि एसबीआई अमानगंज की शाखा ने बैंकिंग को सिर्फ लेन-देन का माध्यम नहीं, बल्कि एक सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण बना दिया है। डॉ. पाण्डेय ने बैंक स्टाफ की तत्परता, अनुशासन और जनसेवा भावना को आदर्श बताते हुए राज्य शासन, जिला प्रशासन एवं बैंक प्रबंधन को धन्यवाद दिया और ऐसे सेवाभावी संस्थानों को निरंतर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### शासन के नियमों को दरकिनार कर साप्ताहिक बाजार में हो रही थी अवैध वसूली

**आमला।** नगर पालिका परिषद आमला में बीते लंबे समय से बाजार ठेका पर विराम लगा हुआ था। इस दौरान नपा कर्मचारियों द्वारा शनिवार बुधवार साप्ताहिक बाजार एवं साइकिल स्टैंड से बाजार शुल्क के नाम पर वसूली की जा रही थीं। यह वसूली एक सप्ताह से नहीं वर्षो से की जा रही थी। साप्ताहिक बाजार में वसूली नियमानुसार नपा कर्मी द्वारा न कर इस में बाहरी व्यक्तियों का समावेश कर सब्जी व्यापारियों को डरा धमका कर अवैध वसूली की जा रही थी जिसका आमला सब्जी व्यापारी संघ द्वारा मंगलवार जनसुनवाई में पहुंच साप्ताहिक बाजार में हो रही अवैध वसूली पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेंद्र बड़ोनिया से रोक लगाने मांग की गई। गोरतलब हो की सब्जी विक्रेता संघ आमला की मांग पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शैलेंद्र बड़ोनिया ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी आमला को निर्देशित तत्काल व्यवस्था बनाने की बात कहीं उन्होंने कहा आगे से इस तरह की शिकायत मिली तो दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। सब्जी व्यापारी संघ आमला से जुड़े सब्जी विक्रेताओं ने आमला जनसुनवाई में प्रेषित ज्ञापन के माध्यम से बताया आमला साप्ताहिक बाजार में शनिवार एवं बुधवार बाजार में ग्रामीणजनो द्वारा सब्जी विक्रय हेतू, अपनी दुकान लगाते है। इस दौरान नगरपालिका आमला द्वारा कपिल राठौर, पप्पू पवार, प्रकाश अतुलकर,अमरदीप वर्मा ग्रामीणजनों से राब्जी विक्रेतागणो को डरा धमका कर अवैध वसूली की जाती है। छोटी छोटी दुकान वालो से 80,100 रूपये तक की वसूली जाती है। किराना दुकान वाले से 100/- रूपये एवं बर्तन बालों से 200 रूपये एवं स्थाई दुकान बालों से 100 रूपये लिये जाते है। ना देने पर उनके साथ गंदी गॉलियां मारपीट पर उतारू होना जिससे हम अत्यधिक प्रताडित हो चुके है।

### कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने लिया हटा बीएलओ प्रशिक्षण का जायजा

**समय जगत, हटा।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में चल रहे बीएलओ प्रशिक्षण का जायजा लेते हुए प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ से निर्वाचक नामावली की अद्यतीकरण प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए विभिन्न तकनीकी पहलुओं से संबंधित शंकाओं का समाधान किया प्रशिक्षण में फॉर्म भरने में निर्मित होने वाली विभिन्न परिस्थितियों को केश स्टडी पर रोल प्ले के माध्यम से बीएलओ को मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, विजय बहादुर सिंह, दिनेश प्यासी, रामवीर सिंह द्वारा सभी समस्याओं और जिज्ञासाओं को दूर किया जा रहा है। पिछले तीन दिन से जारी प्रशिक्षण में प्रति दिवस 50-50 बीएलओ के बैच बनकर निर्वाचक नामावली के सभी सूक्ष्म पहलुओं पर विधानसभा के दोनों विकासखंड मुख्यालय पटेरा और हटा में अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व और निर्वाचक रजिस्टीकरण अधिकारी राकेश सिंह मरकाम में निर्देशन में प्रकाश डाला जा रहा है।

# 18 जुलाई को खुरई विधानसभा क्षेत्र में लगेंगे 50 हजार पौधे

## वृहद पौधारोपण को लेकर पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की ली संयुक्त बैठक

**समय जगत, खुरई।** विधानसभा क्षेत्र में आगामी 18 जुलाई को एक ही दिन में 50 हजार वृक्ष लगा कर वृहद वृक्षारोपण का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इस वृहद वृक्षारोपण अभियान की कार्ययोजना के प्रमाणिक क्रियान्वयन के लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और अधिकारियों की संयुक्त बैठक पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें परस्पर समन्वय के साथ यह लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया गया साथ ही वार्डों और पंचायतों के स्तर तक वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रभारी नियुक्त किए गए। संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सभी को मिलकर समाज, राष्ट्र और स्वयं अपने जीवन के कल्याण के लिए यह महत्वपूर्ण कार्य करना है। सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि योजना बनाकर व्यवस्थित रूप से प्रचार प्रसार करते हुए पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण के इस अभियान को संचालित करेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 50 हजार वृक्ष लगाने के लिए 18 जुलाई का दिन इसलिए चुना गया क्योंकि डा हरी सिंह गौर ने इसी दिन



18 जुलाई,1946 को सागर विश्वविद्यालय की स्थापना की थी जो आज दान और पर्यावरण संरक्षण का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस वृक्षारोपण अभियान में स्कूल व कालेज के विद्यार्थियों की बड़ी भूमिका होना चाहिए। सभी नगरपालिका, नगर परिषदों व जनपद पंचायतों के सीईओ शिक्षा विभाग के अधिकारियों बीईओ, बीआरसी से मिल कर यह सुनिश्चित करें कि जिन चिन्हित व चयनित स्थानों पर वृक्षारोपण की व्यवस्था की गई है उनको विद्यार्थियों को संख्या वार आवंटित करें। वृक्षारोपण के लिए पूर्व से तैयार किए गए स्थलों पर प्रत्येक विद्यार्थी एक वृक्ष का रोपण करे। इससे वृक्षों के महत्व व वृक्षारोपण को लेकर आने वाली पीढ़ी का जागरण हो सके। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने सुझाव दिया कि वृक्ष लगाने वाले सभी विद्यार्थियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से कहें कि वे वृक्ष लगाते हुए अपनी फोटो सोशल मीडिया पर जरूर डालें। साथ ही विगत वर्षों में जो वृक्ष लगाए हैं उनके सुरक्षित रूप से बड़े होने की तस्वीरें भी लें और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। पूर्व गृहमंत्री श्भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सभी को मिलकर एक दिन में वृक्षारोपण करक क्षेत्र में भी नंबर वन बनाएंगे। जब जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी मिल कर परिश्रम करते हैं तभी ऐसी उपलब्धियां अर्जित होती हैं। उन्होंने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में विगत वर्षों में लगभग सभी स्कूलों, अस्पतालों, थानों शासकीय संस्थाओं के भवनों की बाउंड्री वाल बनाई गई हैं। इनमें सभी में वृक्षारोपण, वृक्षों की सुरक्षा और देखभाल की बड़ी संभावना है। इन सभी को इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित फारेस्ट विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां वन भूमि है वहां वृक्षारोपण के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित करें, वहां गड्ढे कराएं व पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्री गार्ड, जाली, फेंसिंग या बाउंड्री वाल, फारेस्ट की बाउंड्री के भीतर की जगहों पर प्राथमिकता से वृक्षारोपण करें। सड़कों के किनारे ट्री गार्ड के साथ ही वृक्षारोपण करें। पूर्व मंत्री, विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे स्थान भी चिन्हित करें जहां जलभराव किया जा सकता है, जहां वर्षा जल बह कर निकल जाता है वहां पानी को रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर अस्थाई संरचनाएं बनाएं। ऐसी जगहों पर यदि कुछ दिन या कुछ महीने ही पानी रोका जा सके तो उस क्षेत्र के जल स्तर में सुधार होने लगता है। मिट्टी से, बोरी बंधान से ही पानी को रोका जा सकता है।

# एमएलबी विद्यालय में की गई स्वास्थ्य गतिविधियां



**दमोह।** शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमा विद्यालय दमोह में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत शाला के छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कक्षा 6 वीं से 12वीं तक की छात्राओं को आयरन टैबलेट सामुहिक रूप से खिलाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे मौजूद रहे। कार्यक्रम दौरान ही शाला प्रबंधन द्वारा तैयार किये गये शाला के लोगों का अनावरण श्याम शिवहरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत एक पेड मॉं के नाम के तहत कदंब के पौधे को शाला प्रांगण में रोपित किया गया। कार्यक्रम दौरान शिवहरे ने बच्चों को नियमित रूप से हर मंगलवार को आयरन टैबलेट सेवन की सलाह देते हुए उनसे आग्रह किया कि टैबलेट सेवन के लिए परिवारजनों को भी प्रेरित करें। टैबलेट शारीरिक मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण टैबलेट सेवन से शरीर चुस्त रहेगा। बीमारियों से भी बचाव होगा। इस अवसर पर श्री शिवहरे ने छात्राओं को भविष्य का एक जागरूक व श्रेष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों का बोध कराते संदेशो का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. चटर्जी ने आयरन टैबलेट सेवन के लाभ के बारे में जागरूक किया गया। डॉ. चटर्जी ने बताया कि आयरन टैबलेट सेवन के बाद मल का रंग काला हो सकता है जिससे घबरायें नहीं।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर कॉलोनीवासियों ने जन-सुनवाई में कलेक्टर को दिया आवेदन

**आगर मालवा।** अगर बस स्टैंड से महज 900 मी दूरी पर स्थित पुरुषोत्तम नगर (अटल कॉलोनी) माली खेड़ी रोड पिछले 24 वर्ष से मूलभूत सुविधाओं (नल, सड़क, नाली) से वंचित हैं जिसमें प्रत्येक चुनाव में आश्वासन के बल पर मतदान करते आ रहे हैं और चुनाव जीतने के बाद एक ही राग अलापा जाता है कि यह कॉलोनी अवैध है यह चुनाव के पहले अवैध नजर नहीं आती है। यहां के निवासी पानी सड़क नाली के लिए दर-दर भटक रहे हैं जिन्हें एक गेंद की भांति समझा जा रहा है कॉलोनाइजर कहते हैं नगर पालिका से कहो और नगर पालिका कहती है कॉलोनाइजर से कहो इस बीच कॉलोनी वासी फंसे हुए हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर मंगलवार को सभी निवासी एकत्र होकर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में गुहार लगाने गए



आवेदन में बताया कि हम 2005 से अपने जीवन की पाई पाई इकट्ठा कर मकान एवं प्लाट खरीद कर रह रहे हैं। इस कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चे महिलाएं सुबह से निजी ट्यूब बालों पर लाइन लगाकर पानी के बर्तन लेकर खड़ी नजर आती है हम कॉलोनी वासी पानी जिस पर मानव जीवन टिका हुआ है हम उससे ही वंचित हैं और नाली नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर पसरा हुआ रहता है जिसके कारण मच्छर होते हैं और सड़क तो दूर-दूर तक नजर नहीं आती है बारिश के दिनों में लोगों का निकलना व बच्चों का स्कूल जाना दुश्वार हो जाता है। निवासियों ने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया कि 200 परिवार के 1000 से ज्यादा लोग पीने के पानी की व्यवस्था करवा दीजिए। इस आवेदन के साथ 2003 में जारी आदेश भी सलग्न किया और 29. 2 .2020 को जारी नगर पालिका के टेंडर के प्रति भी सलग्न की है। इस अवसर पर कॉलोनी के रहवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

# पोषण ट्रैकर एप में आ रही परेशानी को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में रोष

## एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

**समय जगत, मालथौन।** विकासखंड में संचालित 197 आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने बुधवार को पोषण ट्रैकर एप में टी एच आर देते हुए फोटो कैप्चर करने में आ रही समस्याओं लेकर ज्ञापन सौंपा हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा परिहार ने बताया कि हितग्राही ओटीपी नहीं बताते है ,लोगों की ईकेवाईसी नहीं है, ग्रामीण इलाकों में मोबाइल नहीं हैं जिससे फोटो कैप्चर करने में दिक्कतें आ रही हैं। दूर दराज क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या है और पोषण ट्रैकर ऐप में 100त्न काम पूरा करने का प्रेशर है जिसको पूरा न होने पर मानदेय काटने के नोटिस मिल रहे हैं। जिससे सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने पोषण ट्रैकर एप को बंद करने की मांग की हैं। ज्ञापन देने वालों में रामसुंदरी राजपूत, रामवती लोधी,सुनीता अहिरवार,



सुकवती नामदेव,संध्या राजपूत सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं बहू बेटियों की फोटो लेने से गांव में विवाद की बन रही स्थिति। जुलाई से शुरू हुई इस सेवा में फेस कैप्चर योजना लागू होने से विभाग की कार्यकर्ताओं को परेशानी हो रही है। केंद्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले पूरक पोषण सामग्री नहीं बांटी जा सक रही है।बड़ी समस्या यह भी है कि गांव में लोग महिलाओं बेटियों की फ़ोटो खींचने नहीं देते है जिसको लेकर विवाद की स्थिति बन रही हैं। जिससे विभाग में कार्यरत महिलाओं में रोष है।

# कलेक्टर ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंच कर सुन रहे हैं जनता की समस्याएं

## समस्याओं के निराकरण की कलेक्टर की अभिनव पहल

**कटनी।** जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में गुरुवार 10 जुलाई को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके



दुख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में लोक सुनवाई का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। सी प्रकार गुरुवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल में, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुड़ो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

# जिले के ग्राम छपरा का है मामला

## 20 पशुपालकों पर लगा 2 हजार का अर्थदंड

**समय जगत, कटनी।** नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गो पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में घुमंतु पशुओं के 4 पशुपालकों के विरूद्ध अब तक प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। इसमें पुलिस थाना स्लीमनाबाद मे 3 और कुठला थाना में दर्ज कराई गई 1 एफआईआर शामिल हैं। स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम छपरा के सचिव विजय कोरी की ओर से 3 पशुपालकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत धारा 223 के अंतर्गत स्लीमनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के अंतर्गत ग्राम छपरा के पशुपालकों क्रमशः मालती मिश्रा, स्नेह लता सेन व सीता बाई सेन के विरूद्ध दर्ज की गई है। जबकि कुठला पुलिस थाना में ग्राम पंचायत चाका के सचिव प्रवीण तिवारी ने पशुपालक निर्मल कुमार निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 1 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 और सड़क में आवारा घूमते हुए गौवंश के कान मे लगे टैग को स्कैन कर पशुपालकों और मालिकों की पहचान कर एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री यादव द्वारा बीते 1 जुलाई को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत घुमंतु पशुओं के मालिकों व पशुपालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करानें की कार्यवाही की गई है।